ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 8 जून 2024
वर्ष 4, अंक 111, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

पाकिस्तान के खिलाफ मैच के लिए तैयार पंड्या 13

वरुण की फिल्म जुगजुग जियो का बनेगा सीक्वल 14

एक नजर

हनुमानगढ़ी में 10 जुलाई तक वीआईपी दर्शन नहीं

अयोध्या। रामनगरी के सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी का निकास मार्ग 10 जुलाई तक बंद कर दिया गया है। वीआईपी दर्शन पर भी रोक रहेगी। निकास मार्ग के चौड़ीकरण के चलते हनुमानगढ़ी अखाड़े ने प्रशासन की सहमति के बाद शुक्रवार को यह निर्णय लिया है। संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास ने बताया कि हनुमानगढ़ी में रोज एक लाख श्रद्धालु दर्शन करते हैं। निकास मार्ग को 20 फीट चौड़ा किया जा रहा है। इसी को देखते हुए 10 जुलाई तक निकास मार्ग को बंद रखा जाएगा। अब सभी भक्तों को मुख्य प्रवेश द्वार से ही प्रवेश करना होगा। एक लेन से प्रवेश दिया जाएगा जबकि दूसरे लेन से श्रद्धालुओं को बाहर निकाला जाएगा।

ईएसआईसी के डीजी बने कमल किशोर सोन

नई दिल्ली। श्रम मंत्रालय ने शुक्रवार को घोषणा की कि कमल किशोर सोन ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के महानिदेशक (डीजी) का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया है। सोन की इस पद पर नियुक्ति 31 मई से प्रभावी है। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि झारखंड कैडर के 1998 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी कमल किशोर सोन वर्तमान में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव एवं महानिदेशक (श्रम कल्याण) के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने 31 मई 2024 को श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तहत ईएसआईसी के महानिदेशक पद का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया। सोन के पास झारखंड में विभिन्न विभागों के शासन व प्रबंधन का व्यापक अनुभव है।

मवेशी ले जा रहे दो लोगों की मौत, एक घायल

रायपुर। छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में एक ट्रक में मवेशियों को ले जा रहे तीन लोगों में से दो लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक कुछ लोगों ने ट्रक का पीछा किया था। रायपुर जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) कीर्तन राठौर ने बताया कि घटना रायपुर-महासमुंद जिले की सीमा पर आरंग थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के हुई। महानदी पर 30 फुट ऊंचे पुल से तीन लोगों के गिरकर नीचे पड़े होने की सूचना मिलने पर पुलिस के एक दल को मौके पर भेजा गया।

मतगणना पर शेयर बाजार में गिरावट आई पर याचिका

नई दिल्ली। लोकसभा चुनावों की मतगणना के दिन चार जून को शेयर बाजार में आई गिरावट और निवेशकों के नुकसान पर विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने का केंद्र सरकार और सेबी को निर्देश देने की मांग करते एक याचिका उच्चतम न्यायालय में दाखिल की गई है। अधिवक्ता विशाल तिवारी ने याचिका में कहा है कि लोकसभा चुनाव के परिणामों के बाद शेयर बाजार में एक और बड़ी गिरावट देखी गई। नुकसान 20 लाख करोड़ का था। इससे नियामक तंत्र पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है... निर्देश के बावजूद कुछ भी नहीं बदला है।

सेंसेक्स और निफ्टी 2% बढ़कर उच्चस्तर पर

मुंबई, एजेंसी

- 28.65 लाख करोड़ रुपये बढ़ी निवेशकों की संपत्ति

प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को दो प्रतिशत से अधिक चढ़कर रिकॉर्ड उच्चस्तर पर बंद हुए। आरबीआई ने 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के वृद्धि दर के अनुमान को सात प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है, जिसके चलते बाजार में यह तेजी देखने को मिली।

कारोबार के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,720.8 अंक या 2.29 प्रतिशत उछलकर 76,795.31 के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,618.85 अंक या 2.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,693.36 अंक पर बंद हुआ। यह इसका नया रिकॉर्ड है। इसी तरह एनएसई निफ्टी दिन के कारोबार में 498.8 अंक या 2.18 प्रतिशत चढ़कर 23,320.20 अंक पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में निफ्टी 468.75 अंक या 2.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,290.15 अंक पर बंद हुआ। तीन दिन से जारी तेजी के बीच शुक्रवार तक निवेशकों की संपत्ति 28.65 लाख करोड़ बढ़ गई।

लगातार आठवीं बार रेपो दर 6 .5 प्रतिशत पर कायम

मुंबई, एजेंसी

मौद्रिक नीति समीक्षा : आरबीआई ने जीडीपी वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत किया

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को मौद्रिक नीति समीक्षा में उम्मीद के मुताबिक नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 प्रतिशत पर कायम रखा। मजबूत आर्थिक वृद्धि के बीच महंगाई को काबू में रखने के प्रयास के तहत आरबीआई ने लगातार आठवीं बार रेपो दर को यथावत रखा है।

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बुधवार को शुरू हुई तीन दिन की बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने लगातार आठवीं बार नीतिगत दर को यथावत रखने का निर्णय किया। साथ ही उदार रुख को वापस लेने के अपने निर्णय पर भी कायम रहने का फैसला किया है। उदार रुख को वापस लेने से आशय अपेक्षाकृत आक्रामक रुख से है। हालांकि, मौद्रिक नीति समिति में इस बार दो सदस्यों ने अलग राय दी। पिछले बार के एक के मुकाबले दो सदस्यों ने नीतिगत दर में कटौती और रुख को कुछ नरम किए जाने के पक्ष में मतदान किया। एमपीसी के छह सदस्यों में से चार ने नीतिगत दर को यथावत रखने, जबकि दो...आशिमा गोयल और प्रोफेसर जयंत आर वर्मा ने इसमें 0.25 प्रतिशत कमी लाने और रुख को तटस्थ करने के लिए मतदान किया। यह फैसला नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री का पद संभालने से कुछ ही दिन पहले आया है।

पिछले वित्त वर्ष में उम्मीद से अधिक जीडीपी वृद्धि के बीच केंद्रीय बैंक ने आर्थिक गतिविधियों में मजबूती और दक्षिण-पश्चिम मानसून के सामान्य से बेहतर रहने की भविष्यवाणी के साथ 2024-25 के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर अनुमान को सात प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत पर कर दिया है। वहीं चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को 4.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है।



- मौद्रिक नीति समिति के दो सदस्य रेपो दर में 0.25% कटौती के पक्ष में

मासिक किस्तों में बदलाव की संभावना कम

दास ने कहा कि सतत रूप से कीमत स्थिरता उच्च वृद्धि का आधार है। इन सब बातों पर गौर करते हुए एमपीसी ने नीतिगत दर रेपो को यथावत रखने का निर्णय किया है। रेपो वह ब्याज दर है, जिसपर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिये इसका उपयोग करता है। रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में बदलाव की संभावना कम है। उन्होंने कहा कि आरबीआई रेपो और रिवर्स रेपो परिचालन के माध्यम से नकदी प्रबंधन में लचीला बना रहेगा।

राष्ट्रपति ने दिया सरकार बनाने का न्योता

मोदी प्रधानमंत्री मनोनीत

शपथ ग्रहण समारोह कल, राजग नेताओं ने राष्ट्रपति से मिलकर मोदी के समर्थन में सौंपा पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) संसदीय दल के नेता नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री पद के लिए मनोनीत करते हुए उन्हें नई सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया। नई सरकार का शपथग्रहण समारोह रविवार की शाम को होगा। मोदी ने शुक्रवार शाम राष्ट्रपति भवन में मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति मुर्मू ने मोदी को मनोनयन पत्र सौंपा।

इससे पहले, भाजपा नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेताओं ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और मोदी के लिए समर्थन पत्र सौंपा। मोदी को राजग संसदीय दल का नेता चुना गया है। राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में मीडिया को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति ने उन्हें प्रधानमंत्री पद के लिए मनोनीत किया है। मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति ने मुझे मनोनीत प्रधानमंत्री के रूप में काम करने के लिए कहा है और उन्होंने मुझे शपथ समारोह के लिए आमंत्रित किया है।

राष्ट्रपति भवन में मुलाकात के दौरान मोदी को दही खिलातीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

आडवाणी और डॉ. जोशी से मोदी ने की मुलाकात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाने का दावा पेश करने से पहले शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी से उनके आवास पर मुलाकात की। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) संसदीय दल का नेता, भाजपा संसदीय दल का नेता और लोकसभा में भाजपा का नेता चुने जाने के तुरंत बाद मोदी ने आडवाणी से मुलाकात की। आडवाणी से मुलाकात के बाद वह भाजाप के पूर्व अध्यक्ष जोशी के आवास पर गए। मुलाकातों के बाद मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि आडवाणी जी के आवास पर गया और उनका आशीर्वाद मांगा। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा कि डॉ. मुरली मनोहर जोशी जी से मुलाकात की। जब मैं पार्टी संगठन में काम कर रहा था तब मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा। उनकी बुद्धिमत्ता और ज्ञान के लिए पूरे भारत में उनका बहुत सम्मान किया जाता है। मोदी ने इसके बाद पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से भी मुलाकात की।

जदयू हर दिन भाजपा के साथ रहेगी : नीतीश

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विश्वास जताया कि मोदी बड़े स्तर पर भारत का विकास करेंगे और बिहार पर भी ध्यान देंगे। हमें विश्वास है कि मोदी भारत का विकास करेंगे और हम हर दिन तहेदिल से उनका समर्थन करेंगे। कुमार ने कहा कि उनकी पार्टी मोदी के कार्यकाल में हर दिन भाजपा के साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि बिहार के सभी लंबित काम किए जाएंगे।

क्षेत्रीय आकांक्षाओं और राष्ट्रीय हितों का संतुलन जरूरी : चंद्रबाबू नायडू

नई दिल्ली। भाजपा के प्रमुख सहयोगी दल तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू और बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रमुख नीतीश कुमार ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेता के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम का समर्थन किया। नायडू ने इस अवसर पर क्षेत्रीय आकांक्षाओं और राष्ट्रीय हितों का संतुलन बनाकर चलने की जरूरत बताई। राजग संसदीय दल की बैठक में सहयोगी दल जनता दल-सेक्युलर के नेता एच डी कुमारस्वामी, शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष अजित पवार, हम (एस) के प्रमुख जीतन राम मांझी समेत अन्य सहयोगी नेताओं ने मोदी को राजग का नेता चुनने के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रस्ताव का समर्थन किया। पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में हुई बैठक में शिंदे ने गठबंधन को 'फेविकोल का जोड़' बताया, नीतीश कुमार ने मोदी के पैर छूने की कोशिश की लेकिन मोदी ने उनको बीच में ही रोक दिया। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पीठ थपथपाई। लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने प्रस्ताव का समर्थन करते हुए बार-बार मोदी को 'सर' कहा। चिराग पासवान को प्रधानमंत्री ने गर्मजोशी से गले लगाया। जनसेना पार्टी के पवन कल्याण का मोदी ने अपने भाषण में विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पवन हवा नहीं बल्कि तूफान हैं।

नेपाल ने भारत सहित 11 देशों से राजदूत बुलाए

काठमांडू, एजेंसी

- सभी राजदूतों से तीन से चार सप्ताह में वापस लौटने को कहा
- नेपाली कांग्रेस कोटे के तहत हुई थी नियुक्ति, टूट चुका है गठबंधन

नेपाल सरकार ने 11 देशों से अपने राजदूतों को वापस बुला लिया है, जिनमें भारत और अमेरिका में सेवारत राजदूत भी शामिल हैं और इनकी नियुक्ति नेपाली कांग्रेस के कोटे के तहत की गई थी। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब तीन माह पहले प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने पार्टी (नेपाली कांग्रेस) से गठबंधन समाप्त किया और केपी शर्मा ओली से हाथ मिलाया है।

उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ की कड़ी आपत्तियों के बावजूद सरकार ने गुरुवार को यह कदम उठाया। समाचारपत्र 'द काठमांटू पोस्ट' की एक खबर के मुताबिक, नेपाल ने भारत में अपने राजदूत शंकर शर्मा को वापस बुला लिया है। खबर में विदेश मंत्रालय के अनेक अधिकारियों के हवाले से कहा गया कि इस तरह के कदम से बहुत अराजनयिक संदेश जाता है। खबर में एक मंत्री के हवाले से कहा गया कि विदेश मंत्री नेपाली कांग्रेस और अन्य दलों के कोटे से नियुक्त राजदूतों को वापस बुलाने के प्रस्ताव का कथित तौर पर विरोध कर रहे थे लेकिन प्रधानमंत्री दाहाल और सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष ओली ने राजदूतों को वापस बुलाने का फैसला किया। माना जाता है कि विदेश मंत्री ने दाहाल और ओली दोनों से सभी 11 राजदूतों को वापस न बुलाने का अनुरोध किया था।

9 जून को भारत की यात्रा करेंगे प्रचंड

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' रविवार से भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर रहेंगे जिस दौरान वह नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भी हिस्सा होंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री 'प्रचंड' की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में उनकी भारत यात्रा का अनुमोदन किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां एम्स ऋषिकेश में भर्ती

ऋषिकेश। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां को एम्स में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर्स की टीम उनकी जांच में जुटी है। बीती 14 मई को भी उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया था। तब उनका ब्लड प्रेशर बढ़ गया था। एम्स के पीआरओ संदीप कुमार ने बताया कि योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी (84) को आंखों में कुछ तकलीफ थी। इस वजह से उन्हें जिरियाट्रिक वार्ड में भर्ती किया गया है। चिकित्सकों की टीम उनकी जांच कर रही है। प्रोफेसर मीनाक्षी धर की देखरेख में उनका उपचार किया जा रहा है। वहीं, कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत ने एम्स पहुंचकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। योगी की मां पौड़ी जिले के यमकेश्वर ब्लॉक स्थित पंचूर गांव में रहती हैं। पंचूर योगी आदित्यनाथ का पैतृक गांव है जो ऋषिकेश से लगभग 50 किलोमीटर दूर है।

सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 5 नक्सली ढेर, कई घायल

- मौके से चार बंदूक बरामद, तीन जवान भी घायल

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में शुक्रवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में पांच वर्दीधारी नक्सली मारे गए तथा कई अन्य घायल हो गए। सुरक्षा बलों ने चार बंदूकें भी बरामद कीं। इस दौरान सुरक्षा बल के तीन जवान भी घायल हो गए। एडीजी विवेकानंद सिन्हा ने बताया कि नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र आज पुलिस नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में पांच वर्दीधारी नक्सली मारे गए तथा साथ ही कई नक्सलियों के घायल होने की भी खबर है।

सीबीआई ने नौकरी के बदले जमीन घोटाले में दाखिल की चार्जशीट

- लालू प्रसाद और परिवार के सदस्य हैं मामले में आरोपी

नई दिल्ली। सीबीआई ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों की कथित संलिप्तता वाले नौकरी के बदले जमीन घोटाले के सिलसिले में अपना अंतिम आरोपपत्र शुक्रवार को दाखिल कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीबीआई द्वारा विशेष अदालत को सौंपी गई अंतिम रिपोर्ट में उन सभी रेलवे जोन को शामिल किया गया है, जहां लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों द्वारा कथित तौर पर जमीन लिए जाने के एवज में नौकरी दी गई थी। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने आरोपपत्र में लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेज प्रताप यादव, बेटी हेमा यादव, पूर्व सहयोगी भोला यादव और अन्य को भी आरोपी बनाया है। उन्होंने कहा कि विशेष अदालत छह जुलाई को इस रिपोर्ट पर विचार करेगी।

दो चरणों में प्राथमिक शिक्षकों की होगी भर्ती: शिक्षा मंत्री

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : राज्य में बेसिक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में 2917 पदों पर जनपदवार विज्ञप्ति जारी की जाएगी। दूसरे चरण में 451 पदों पर प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती की जाएगी।

विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने शुक्रवार को यमुना कॉलोनी स्थित आवास पर समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को जुलाई तक शिक्षकों की चयन प्रक्रिया संपन्न करने के निर्देश दिए। साथ ही माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत सहायक अध्यापक एलटी की भर्ती प्रक्रिया शीघ्र कराने और सभी विद्यालयों में समय पर पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने को कहा। वहीं, बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाए। शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को प्राथमिक शिक्षकों के 2917 पदों पर भर्ती की जनपदवार विज्ञप्ति जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय में दाखिल रिट याचिकाओं के चलते प्राथमिक शिक्षकों के अवशेष 451 पदों पर न्यायालय के निर्णय के उपरांत दूसरे चरण में भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत।

- प्रथम चरण में 2917 पदों के लिए जनपदवार जारी होगा विज्ञापन
- शिक्षा मंत्री ने कहा- जुलाई तक पूरी करें नियुक्ति प्रक्रिया

मानहानि के मामले में राहुल गांधी को जमानत

बेंगलुरू, एजेंसी

- अपमानजनक विज्ञापन पर कर्नाटक भाजपा ने दर्ज कराया था मामला

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई द्वारा दर्ज कराए गए मानहानि के एक मामले में यहां एक विशेष अदालत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को शुक्रवार को जमानत दे दी। मामला पिछले साल राज्य विधानसभा चुनाव से पहले प्रमुख अखबारों में कथित रूप से 'अपमानजनक' विज्ञापन जारी करने से संबंधित है। इनमें राज्य की तत्कालीन भाजपा सरकार पर 2019 से 2023 तक शासन के दौरान बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार में लिप्त रहने का आरोप लगाया गया था। अदालत ने एक जून को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उप मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी के शिवकुमार को इस मामले में जमानत दी थी। वे अदालत के समक्ष पेश हुए थे। न्यायाधीश के एन शिवकुमार ने राहुल गांधी को सात जून को निश्चित रूप से अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था।

बीआरएस नेता कविता के खिलाफ सीबीआई की चार्जशीट

नई दिल्ली। सीबीआई ने शुक्रवार को आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में बीआरएस नेता के. कविता के खिलाफ दिल्ली की एक अदालत में पूरक आरोपपत्र दायर किया और दावा किया कि मामले में उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। सीबीआई ने अंतिम रिपोर्ट विशेष सीबीआई न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष दाखिल की, जो मामले पर छह जुलाई को संज्ञान लेंगी। न्यायाधीश ने मामले में कविता की न्यायिक हिरासत भी 21 जून तक बढ़ा दी।

तीन नए स्वदेशी कानूनों को लेकर बगैर देरी हो तकनीकी बदलाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

1 जुलाई से बदल रही आपराधिक न्याय प्रणाली, योगी ने की लागू होने के पहले तैयारी की समीक्षा

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को एक बैठक में पहली जुलाई से लागू होने जा रही नई आपराधिक न्याय प्रणाली के संबंध में तैयारी की समीक्षा की। अपने सरकारी आवास पर बड़े अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नए लागू होने जा रहे कानूनों में तकनीक का बड़ा महत्व है। डेटा एनालिटिक्स, साक्ष्यों के संकलन, ई-कोर्ट, दस्तावेजों के डिजिटाइजेशन जैसी हर प्रक्रिया में तकनीक का उपयोग किया जाना है। इसके मद्देनजर आवश्यक तकनीकी बदलाव बिना देर किए हो जाएं।

- उप्र के मुख्यमंत्री ने कहा- हर जिले में स्थापित होगा फॉरेंसिक लैब और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की भी सुविधा

योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया कि फॉरेंसिक इंस्टिट्यूट लखनऊ का सहयोग लें। सभी फॉरेंसिक प्रयोगशालाओं में हर जरूरी संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित रहे। सभी 75 जिलों में फॉरेंसिक लैब स्थापित कराएं। कोर्ट में पेशी के लिए हर जिले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा रहे। यह कार्य शीर्ष प्राथमिकता पर रखें और प्रस्ताव तैयार करें, शासन स्तर से पूरा सहयोग मिलेगा। फॉरेंसिक एक्सपर्ट की तैनाती करें। नए कानून के लागू होने से पहले इनसे संबंधित राज्य स्तरीय अधिनियम, नियमावली, एसओपी, शासनादेशों में संशोधन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। मुख्यमंत्री ने कहा, नए कानून सहजता से लागू किए जा सकें और अपने उद्देश्यों में सफल हों, इसके लिए तीनों नए कानूनों के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना आवश्यक है। कॉन्स्टेबल, उपनिरीक्षक, इंस्पेक्टर, अभियोजक, जेल कर्मचारी आदि की विधिवत ट्रेनिंग कराएं। यह कार्य मास्टर ट्रेनर के तैयार कर आसानी से किया जा सकता है। यह भी कहा कि ये तीनों स्वदेशी कानून प्रधानमंत्री के प्रण को पूरा करने वाले हैं।

मुख्यमंत्री के साथ बैठक में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल, प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार, एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

यह होने जा रहा है बदलाव

संसद ने अंग्रेज़ों द्वारा बनाए गए इंडियन पीनल कोड- 1860, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (1898), 1973 और इंडियन एवीडेंस एक्ट, 1872 कानूनों को समाप्त कर तीन नए कानून पारित किए हैं। यह कानून 1 जुलाई से उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में लागू होना है। नई व्यवस्था के अनुसार, इंडियन पीनल कोड, 1860 की जगह भारतीय न्याय संहिता, 2023 स्थापित होगा। क्रिमिनल प्रोसीजर कोड, 1898 की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और इंडियन एवीडेंस एक्ट, 1872 की जगह भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 स्थापित होगा।

सार-संक्षेप

भवाली के पास फरसौली से सटे जंगल में लगी आग। ● अमृत विचार

फरसौली के पास जंगल में लगी आग को बुझाया

भवाली : भीमताल सड़क मार्ग में फरसौली से सटे जंगल में अचानक आग लग गई। स्थानीय लोगों ने वन विभाग, फायर ब्रिगेड, पुलिस को आग लगने की सूचना दी। आग की तेज हवा की लपटों से जंगल धधकता रहा। वन कर्मियों ने घरों की तरफ आग को आने से रोका। स्थानीय लोग घरों से बाहर निकलकर डर के साये में रहे। वहीं जंगल के बीच आग होने से फायर ब्रिगेड वाहन जंगल तक नहीं पहुंच पाया। वन क्षेत्राधिकारी विजय मेलकानी ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम के साथ मौके पर आग बुझाई गई।

बस की खिड़की से गिरकर यात्री घायल

नैनीताल : नैनीताल से मंगोली की तरफ जा रहा 48 वर्षीय लाल सिंह शुक्रवार को बस में बैठने के बाद खिड़की से गिरकर चोटिल हो गया। बताया जा रहा कि यात्री ने उल्टी महसूस की। इस पर उसने सिर बाहर कर दिया। नैनीताल कालाढूंगी मार्ग पर वॉटर फॉल के समीप तीव्र मोड़ काटने के दौरान व्यक्ति अनियंत्रित होकर बस से नीचे गिर गया। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से बीडी पांडे जिला चिकित्सालय लाया गया। डॉ. नेहल रतन ने बताया कि लाल सिंह के सिर में गंभीर चोट आई है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया।

नाबार्ड ने किया रूरल मार्ट का शुभारंभ

नैनीताल : नाबार्ड के सहयोग से देवभूमि जैविक उत्पादक संघ प्रा. लि. की ओर से दोगांव ज्योलीकोट में शुक्रवार को रूरल मार्ट का शुभारम्भ किया गया। रूरल मार्ट से किसान व स्वयं सहायता समूहों की ओर से निर्मित सामानों का विक्रय एवं मार्केटिंग की जायेगी। रूरल मार्ट का शुभारम्भ डीडीएम मुकेश बेलवाल, एलडीएम केपी आर्य और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक महाप्रबन्धक संदीप कुमार की ओर से किया गया। कार्यक्रम में शेखर भट्ट, जीवन चन्द्र, धर्मेन्द्र रावत, मनोज पांडे, गोविन्द भट्ट, रानी कौटलिया, पवन कुमार, मनमोहन रावत और समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।

राजकीय इंटर कॉलेज गुनियालेख में सीड बॉल्स के साथ विद्यार्थी।

गुनियालेख के बच्चों ने तैयार किए सीड बॉल्स

भीमताल : राजकीय इंटर कॉलेज गुनियालेख के बच्चों ने सीड बॉल्स तैयार किए हैं। इस संबंध में पर्यावरण प्रेमी एवं शिक्षक गौरी शंकर कांडपाल ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण एवं वन्यजीवों के लिए वनों में ही उनके उपयोग वाले खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सीड बॉल्स तैयार किए जाते हैं। गौरीशंकर कांडपाल का कहना है कि यदि बंदर, लंगूरों आदि के लिए खाद्य सामग्री उनके ही जंगलों में उपलब्ध होगी तो वह आबादी का रुख नहीं करेंगे। सीड बाल्स तैयार करने वाले विद्यार्थियों में मोनिका बर्गली, करिश्मा, लक्ष्मी, रिया, शीतल, चंपा दानी, सूरज कुमार, नवीन कफल्टिया, पवन दानी, पंकज कुमार, दिनेश कुमार, गणेश चंद्र, राहुल दीपक चंद्र, भाष्कर, मनीषा, चंद्रशेख, गीता गरवाल, पूजा, मीनाक्षी कोटलिया, सचिन बेलवाल, शोभा सपना, अभिषेक कुमार, पंकज कुमार आदि प्रमुख हैं।

बिजली के झुके पोल से हादसे का खतरा

गरमपानी : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे से सटे चूंवारी गांव में गिरताऊ हालत में पहुंच चुका विद्युत पोल बड़ी घटना की ओर इशारा कर रहा है, बावजूद विभागीय अधिकारी अनदेखी पर आमादा हैं। व्यापारी दुर्गा सिंह बिष्ट ने जल्द विद्युत पोल को ठीक करने के मांग उठाई है। लापरवाह रवैए पर बड़ी अनहोनी का अंदेशा जताया है। बेतालघाट ब्लॉक के चूंवारी गांव में विद्युत पोल गिरने के कगार पर पहुंच चुका है। रोजाना अंधड़ से हालत और बिगड़ते जा रहे हैं। कभी भी बड़ी घटना सामने आ सकती है पर विद्युत विभाग ध्यान नहीं दे रहा है।

पर्यावरण मित्र पर किया हमला, व्यापारियों में रोष

भीमताल : मल्लीताल बजार में एक युवक ने पर्यावरण मित्र पर हमला कर दिया। व्यापारी और निर्वतमान सभासद भारत लौशाली ने बताया कि युवक बिहारी भाषा में बात करता है। कई बार अजीबों गरीब हरकत करता है। वहीं बताया कि यह युवक प्रत्येक दिवस शुलभ शौचालय में आ जाता है और वहां लोगों से धन की मांग करता है। व्यापारियों के द्वारा कई बार पुलिस को इस युवक की जानकारी दी गई। स्थानीय व्यापारियों ने जिम्मेदार विभाग और अधिकारियों से युवक को भीमताल से कहीं और छुड़वाने की मांग की।

एसओएस जेएन कौल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में उपस्थित छात्र-छात्राएं व अन्य।

लक्ष्य के साथ पढ़ाई कर आगे बढ़ने का आह्वान

भीमताल : एसओएस जेएन कौल इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन भीमताल में शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। शिक्षण संस्थान की प्राचार्य डॉ. मुक्ता ने सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कर छात्र-छात्राओं को लक्ष्य लेकर पढ़ाई कर आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस मौके पर जूनियर्स ने सीनियर्स का तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में मिस फेयरवेल लक्षिता साह और मिस्टर फेयरवेल प्रवेश मेहरा चुने गये। इस अवसर पर शिक्षण संस्थान भीमताल से बीना नेगी चैधरी, राजेन्द्र सिंह खाती, गणेश चन्द्र, शीतल सिंह मौर्या, डॉ. बिनीता राय, डॉ. हेमा मेहरा, डॉ. मनोज जोशी, रामकृष्ण आर्य, डॉ. मंजू नेगी, दिगम्बर खनेड़ा, डॉ.पूनम मेहता, डॉ. गीता आर्या आदि की सराहनीय भागीदारी रही।

रोडवेज बस की चपेट में आने से महिला चोटिल

नैनीताल : हनुमानगढ़ मंदिर से दर्शन कर नैनीताल को पैदल आ रही महिला को रोडवेज बस ने टक्कर मार दी, जिससे महिला चोटिल हो गई। शुक्रवार को भीमताल निवासी एक महिला परिवार के साथ नैनीताल घूमने आयी थी। हनुमानगढ़ से दर्शन के बाद पैदल नैनीताल को आ रही थी। तभी रोडवेज से टक्कर लग गई, जिससे महिला के हाथ में चोट आ गई। बस चालक महिला को जिला अस्पताल लेकर गया। उसके बाद महिला उपचार के लिए हल्द्वानी गई। रोडवेज स्टेशन अधीक्षक विमला रौतेला ने बताया कि चालक महिला का उपचार करवा रहे हैं।

पार्किंग में खड़ी पर्यटकों की बाइकें क्षतिग्रस्त कीं

नैनीताल : मल्लीताल डीएसए पार्किंग स्थल में पार्क पर्यटकों की दो बाइकें अज्ञात लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दीं। बरेली निवासी मो.नाजिम ने शिकायती पत्र देते हुए कहा कि वह गुरुवार सुबह अपने दोस्त के साथ बाइक लेकर नैनीताल आया था। उसने व उसके दोस्त ने मल्लीताल डीएसए पार्किंग स्थल पर अपनी दोनों मोटरसाइकिल पार्क कीं और वह घूमने चले गए। जब वह दोनों घूमकर पार्किंग स्थल पहुंचे तो उनकी बाइक क्षतिग्रस्त पड़ी थी। उन्होंने पार्किंग स्थल में पूछताछ की लेकिन उनको पता नहीं चल पाया।

राज्यपाल ने किया गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट का शुभारंभ

राज्यपाल ले. जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह बोले, राजभवन गोल्फ कोर्स का नैसर्गिक सौंदर्य करता है आकर्षित, पहले दिन 55 गोल्फर मैदान में उतरे

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : राजभवन गोल्फ क्लब नैनीताल की ओर से आयोजित 19वां गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट शुरू हो गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने टी-ऑफ कर टूर्नामेंट का शुभारम्भ किया। तीन दिन तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में इस वर्ष 121 गोल्फर प्रतिभाग कर रहे हैं।

टूर्नामेंट के पहले दिन शुक्रवार को 55 गोल्फर खेले, जिनमें 6 महिलाएं, 37 सामान्य वर्ग, 4 सुपर वेटरन, एवं 8 जूनियर गोल्फर शामिल थे। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि राजभवन गोल्फ कोर्स का नैसर्गिक सौंदर्य अपने आप में अलग है। देश के विभिन्न भागों से यहां आने वाले खिलाड़ी गोल्फ खेलने के साथ ही उत्तराखण्ड की नैसर्गिक सुंदरता का लुत्फ उठा सकेंगे। कहा कि 18वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट की सफलता के बाद इस वर्ष भी यह टूर्नामेंट अधिक सफल रहने की उम्मीद है।

राज्यपाल ने कहा कि गोल्फ टूर्नामेंट का आयोजन, नैनीताल सहित सम्पूर्ण उत्तराखंड की राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पर्यटक स्थल के रूप में पहचान स्थापित करने में मददगार होगा। गोल्फ टूर्नामेंट में 7 वर्ष के बच्चे और 75 वर्ष से ऊपर तक के सुपर वेटरन खेल रहे हैं जिससे टूर्नामेंट की रोचकता बढ़ी है, 11 महिलाएं भी इस टूर्नामेंट में खेल रही हैं जो खुशी की बात है। इस दौरान सचिव राज्यपाल रविनाथ रमन, कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, डीआईजी योगेंद्र रावत, अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया, एसएसपी पी. एन. मीणा, परिसहाय राज्यपाल अमित श्रीवास्तव, मेजर सुमित कुमार, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय, गोल्फ कैप्टन कर्नल (रि) विवेक भट्ट समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

शॉर्ट लगाकर उद्घाटन करते राज्यपाल।

प्रतियोगिता में आए खिलाड़ियों के साथ राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह व कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

खिलाड़ी बोले

देश के सबसे बेहतर मैदानों में से एक है पहाड़ों में बनाया गया यह मैदान। खास बात है कि यहां खेलना चुनौती से भरा है। जिस दिशा में बॉल को होल में डाला जाता बॉल वहां न जाकर दूसरी दिशा की तरफ चली जाती है जो खेल में चुनौती पैदा करता है। बेहतरीन आयोजन हो रहा है, जिसमें बच्चों से लेकर बुर्जुग खिलाड़ियों के लिए बेहतर व्यवस्था की गई है। **-जफर इकबाल**, कैप्टन भारतीय गोल्फ टीम

प्रतियोगिता में नोएडा से पहुंची सबसे छोटी गोल्फर नाइसा सिन्हा बताती हैं उन्हें गोल्फ खेलना काफी पसंद है। उन्होंने अब तक भारत के कई राज्यों में गोल्फ खेला है मगर नैनीताल में गोल्फ खेलना कठिन है। उनका लक्ष्य आने वाले समय में भारत के लिए खेलना है। अब तक उन्होंने जर्मनी, थाईलैंड, स्कॉटलैंड समेत कई देशों में जाकर भारत के लिए गोल्फ खेलना है। जल्द ही वो विश्व चैम्पियनशिप खेलने के लिए जाएगी जिसकी तैयारी के लिए नैनीताल में खेल रही है। **-नाइसा सिन्हा**, प्रतियोगिता में सबसे छोटी गोल्फर

एशिया का सबसे बेहतरीन और कठिन गोल्फ मैदान है ये

नैनीताल : भले ही देश भर में कई गोल्फ मैदान हैं मगर नैनीताल राजभवन का गोल्फ मैदान एशिया के सबसे कठिन गोल्फ मैदान में से एक है। राजभवन में मौजूद गोल्फ कोर्स की विशेष खासियत रही है। यह गोल्फ कोर्स देश के अन्य गोल्फ कोर्स के मुकाबले बेहद अलग है। जहां दूसरे गोल्फ कोर्स खुले मैदान की तरह होते हैं वहीं नैनीताल राजभवन का गोल्फ कोर्स ऐसा नहीं है। यहां घने जंगलों के बीच पूरा गोल्फ कोर्स नजर नहीं आता। चारों ओर घने जंगल हैं और गोल्फ कोर्स के मैदान भी सीढ़ीदार स्थिति में मौजूद हैं लिहाज यहां खेलना गोल्फर के लिये बेहद चुनौती भरा रहता है। गोल्फर मानते हैं कि नैनीताल का गोल्फ कोर्स देश का सबसे अलग है। यहां खेलना दिलचस्प है क्योंकि यहां गोल्फ कोर्स में होल दिखते नहीं हैं और पेड़ों के बढ़ते आकार के कारण बॉल को सीधे होल तक पहुंचाना बहुत मुश्किल है। नैनीताल का गोल्फ कोर्स 45 एकड़ में बना है और इसमें 18 होल्स हैं। गोल्फ कोर्स में प्रत्येक प्रतिभागी को लगभग 4 किलोमीटर ऊपर नीचे चलना पड़ता है जो उनके फिटनेस का भी प्रमाण दे देता है।

नैनीताल गोल्फ कोर्स में खेले जानी वाले टूर्नामेंट का मकसद गोल्फ को बढ़ावा देना है ताकि नई पीढ़ी गोल्फ के प्रति आर्कषित हो सके। प्रतियोगित जूनियर, सीनियर, महिला और सुपर सीनियर वर्ग में खेली जाएगी। प्रतियोगिता में 6 साल की सबसे छोटी गोल्फर नाइसा सिन्हा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। नाइसा सिन्हा ने बताया अब तक उन्होंने 12 से अधिक प्रतियोगिताओं में प्रतिभा किया है। जल्द ही विश्व चैंपियनशिप खेलने के लिए जाने वाली हैं। अब तक उन्होंने जर्मनी, थाईलैंड, स्कॉटलैंड समेत कई देशों में जाकर भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

नयना मंदिर में रील बनाने वाली महिला ने मांगी माफी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: 51 शक्तिपीठों में से एक मां नयना देवी मंदिर में एक फिल्मी गीत पर बनाये गए रील के वायरल होने के बाद गुरुवार को मंदिर ट्रस्ट की ओर से महिला को सोशल मीडिया से संपर्क कर उससे बात की गई। शुक्रवार को महिला ने मंदिर में आकर अपनी गलती स्वीकारते हुए माफी मांगी।

बता दें कि हल्द्वानी निवासी एक महिला द्वारा बीते दिनों मंदिर में आकर एक गीत पर रील बनाई थी जो काफी वायरल हो चुकी थी, जिसके बाद लोगों ने रील पर आपत्ति जतानी शुरू कर दी थी। जिसके बाद मंदिर प्रशासन ने भक्तों की आस्था आहत होने के बात कहते हुए महिला के खिलाफ मुकदमा करने की बात भी कही थी। जिसके बाद महिला ने मंदिर आकर अपनी गलती स्वीकार कर कहा कि उनसे बहुत बड़ी भूल हो चुकी है और भविष्य में वे दोबारा ऐसी गलती कभी नहीं करेंगी, जिसके बाद मंदिर प्रशासन ने महिला के ऊपर मुकदमा करने की बात वापस ले ली। ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव लोचन साह ने बताया कि महिला द्वारा बनाई गई रील से भक्तों की आस्था आहत हुई है, जिसको लेकर पहले तो मंदिर प्रशासन ने महिला के ऊपर मुकदमा करने की सोच ली थी, लेकिन जब महिला ने मंदिर में आकर खुद अपनी गलती स्वीकार कर ली तो फिर उनको माफ कर दिया गया। साथ ही अब मंदिर में पूरी तरह से वीडियो व फोटोग्राफी पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अगर मंदिर परिसर में कोई भी व्यक्ति वीडियो या फोटोग्राफी करते हुए पकड़ा जाता है तो उस पर कार्रवाई की जा सकती है। साथ ही उन्होंने भक्तों से अनुरोध किया है कि मंदिर की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए मर्यादित वस्त्र पहनकर ही मंदिर में प्रवेश किया जाए।

भागवत कथा में सैलानियों ने लिया हिस्सा

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट की ओर से 15 जून को मंदिर का 141वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। शुक्रवार को मंदिर परिसर में कलश यात्रा व 9 दिवसीय देवी भागवत के साथ कार्यक्रम शुरू हो गया।

शुक्रवार ज्येठ शुक्ल प्रतिपदा को सुबह जल पूजन के बाद पारंपरिक परिधान में सजीं महिलाओं ने मंदिर परिसर में कलश यात्रा निलाली। जिसके बाद पंडित मनोज कृष्ण जोशी द्वारा देवी भागवत कथा का शुभारंभ किया जो अगले 9 दिन तक लगातार जारी रहेगा। शाम 6 बजे आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान सचिव हेमंत साह, उपसचिव प्रदीप साह, मुख्य पुजारी बसंत बल्लभ पांडे, ट्रस्टी मनोज चौधरी, मल्लीताल व्यापार मंडल अध्यक्ष किशन सिंह नेगी, शैलू मेलकानी आदि मौजूद रहे। वहीं शनि जयंती के तहत शुक्रवार को ठंडी सड़क स्थित शनि देव मंदिर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय लोगों सहित सैलानियों ने भी प्रतिभाग कर प्रसाद ग्रहण किया। वहीं शनिवार को मंदिर में धूमधाम से शनि जयंती मनाई जाएगी।

देवी भागवत कथा का आनंद लेते स्थानीय भक्त व पर्यटक। ● अमृत विचार

भीमताल में डोली का स्वागत करते भक्त। ● अमृत विचार

बाबा विश्वनाथ जगदीशिला डोली भीमताल पहुंची

भीमताल, अमृत विचार : बाबा विश्वनाथ जगदीशिला डोली पूर्व केबिनेट मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी के सानिध्य में भीमताल भीमेश्वर महादेव मंदिर में पहुंची। मंदिर प्रांगण में पहुंचने पर भक्तजनों ने स्वागत किया। पूर्व मंत्री नैथानी ने बताया कि यह यात्रा का 25वां वर्ष है।

उत्तराखंड में हर साल इस यात्रा का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम के माध्यम से उत्तराखंड की संस्कृति का संरक्षण व संवर्धन का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान केडी पलारिया, बिपिन चंद्र सनवाल, रामपाल गंगोला, महेश चंद्र पंत, डीके डालाकोटी, महंत मदनगिरी, पंकज गिरी, आशु पडियार, दया डालाकोटी, पवन जोशी, मयंक गिरी, महेश कांडपाल आदि मौजूद थे।

शहर के पर्यटक स्थलों पर चलेंगे इलेक्ट्रिक वाहन, ट्रायल सफल

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: सरोवर नगरी आने वाले पर्यटक अब शहर के पर्यटक स्थल घूमने के लिए इलेक्ट्रिक गाड़ियों में शहर के विभिन्न पर्यटक स्थलों का दीदार कर सकेंगे। शुक्रवार को शहर के विभिन्न पर्यटक स्थलों में इलेक्ट्रिक वाहन (गोल्फ कार्ट) का ट्रायल किया गया जो सफल रहा।

आरटीओ नंद किशोर ने बताया नैनीताल में वाहनों के दबाव को काम किए जाने के लिए इलेक्ट्रिक गाड़ियों का ट्रायल किया गया। शहर के रुषि बाईपास क्षेत्र से ट्रायल शुरू किया गया जो बारहा पत्थर, मल्लीताल बाजार, चिड़ियाघर समेत आसपास के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सफल ट्रायल किया गया। ट्रायल वहां में क्षमता के अनुसार यात्री बैठक चिड़ियाघर, बारहापत्थर क्षेत्र तक भेजा गया।

बताते चलें की नैनीताल आने वाले पर्यटकों को चिड़ियाघर तक ले जाने के लिए नगर पालिका द्वारा शटल सेवा की व्यवस्था की गई थी, लेकिन बीते कुछ समय पहले सटल सेवा बंद होने से चिड़ियाघर जाने वाले पर्यटकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, जिसको देखते हुए शहर की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक वाहनों के संचालक को लेकर ट्रायल किया गया है ताकि क्षेत्र में जाम की समस्या ना बने और पर्यटकों को फायदा मिले। इस दौरान आरटीओ संदीप सैनी, आरटीओ पर्वतन नन्द किशोर, लोनिवी के सहायक अभियंता जीएस जनौटी व इलेक्ट्रिकल वाहन टीम मौजूद रही।

> इलेक्ट्रिक कार का ट्रायल जू रोड पर सफल रहा। यह कार चालक व पांच सवारी ले जाने में सक्षम है। प्रपोजल बनाकर जिला प्रशासन को दिया जाएगा, जिसके बाद जिला प्रशासन की ओर से निर्णय लिया जाएगा।
> **- नंदकिशोर**, आरटीओ

बिना लाइट वाली बाइक सीज की

नैनीताल : नैनीताल में देर शाम अंधेरे में लाइट बंद कर सड़क में बाइक दौड़ाना युवक को महंगा पड़ गया। कुमाऊं आयुक्त के निर्देश पर पुलिस ने युवक की बाइक सीज कर दी।

गुरुवार देर शाम कुमाऊं आयुक्त अपने वाहन में डांठ से कार्यालय की ओर जा रहे थे। इस दौरान एक बाइक सवार बिना लाइट जलाए सड़क पर बाइक चलाते हुए उनके वाहन के सामने आ गया। उन्होंने तुरन्त तल्लीताल पुलिस को बाइक सीज करने के निर्देश दे दिए। जिस पर तल्लीताल पुलिस की ओर से बाइक सीज कर दी गई। एसओ रमेश सिंह बोरा ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले दो बाइक चालकों के वाहन सीज व अन्य के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

नवनिर्मित अधिवक्ता कक्ष का उद्घाटन करते कुमाऊं आयुक्त और जिला जज।

नवनिर्मित अधिवक्ता कक्ष का उद्घाटन

नैनीताल: जिला कमिश्नरी में नवनिर्मित अधिवक्ता कक्ष का शुभारंभ शुक्रवार को कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत व जिला जज सुबीर कुमार ने संयुक्त रूप से किया। जिला बार संघ के निवर्तमान अध्यक्ष मनीष मोहन जोशी ने आयुक्त व जिला जज सहित न्यायिक अधिकारियों का स्वागत कर कहा कि आयुक्त व निवर्तमान कार्यकारिणी के सहयोग से यह कक्ष निर्माण संभव हो पाया है। अध्यक्ष मनीष मोहन जोशी ने कुमाऊं आयुक्त से महिला अधिवक्ताओं के लिए एक अन्य कक्ष की मांग की भी की गई। इस अवसर पर प्रथम अपर जिला जज राहुल गर्ग, मनीष मोहन जोशी, प्रदीप परगाईं, भानू प्रताप मौनी, दीपक दानू, खुर्शीद हुसैन, सरिता बिष्ट आदि मौजूद रहे।

किराये को लेकर मकान मालिक व किरायेदार भिड़े

नैनीताल: नैनीताल के मल्लीताल क्षेत्र में किराया मांगने को लेकर मकान मालिक व किराएदार के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो दोनों के बीच मारपीट हो गई। जिसके बाद मामला कोतवाली पहुंच गया।

जानकारी के अनुसार मल्लीताल रुकुट क्षेत्र एक मो. इरशाद के भवन में शाहनवाज तीन साल से किराए में रहता है, जिसका उसकी ओर से सात महीने से किराया भी नहीं दिया गया है। ना ही उसने पुलिस सत्यापन कराया है। आरोप है कि कमरा खाली कराने पर किरायेदार गाली गलौच करने लगता है। उसकी पत्नी भी फंसाने की धमकी देती है। बीते रोज भी इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। जिसके बाद दोनों पक्ष कोतवाली आ धमके जहां दोनों पक्ष एक दूसरे पर आरोप लगाते रहे। पुलिस की ओर से कार्रवाई की बात पर दोनों पक्ष शांत हुए हैं। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि मामले में पूछताछ जारी है।

समारोह में बच्चों ने कंचे और पोस्टकार्ड फिल्म देखी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में आयोजित दो दिवसीय फिल्म समारोह के दूसरे दिन शुक्रवार को बच्चों ने फिल्म कंचे और पोस्टकार्ड के अलावा चेयरी टेल फिल्म देखी। वहीं राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ के बच्चों ने भी फिल्मों का आनंद लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय सिनेमा के कालजई फिल्मकार, पटकथा लेखक ख्वाजा अहमद अब्बास को उनकी 109 वीं जयंती पर श्रद्धांजलि के साथ हुई। इसके बाद बच्चों ने रिदम जानवे की निर्देशित फिल्म कंचे और पोस्टकार्ड को देखा।

फिल्म एक ऐसे बच्चे की भावनाओं पर केंद्रित है जिसमें वह दूसरे बच्चों को देखकर कंचे खेलना चाहता है, लेकिन उसके मामा नहीं खेलने देते। वे उसे वालीबॉल, फुटबॉल जैसे खेल खेलने के लिए कहते हैं।

बच्चों ने कनेडियन फिल्मकार नार्मन मेकलरन की फिल्म चेयरी टेल कुर्सी की कहानी और नेबर पड़ोसी भी देखी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कुमाऊं विश्वविद्यालय कार्यपरिषद के सदस्य एडवोकेट कैलाश जोशी मौजूद रहे। इस दौरान प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, कार्यक्रम संयोजक नवेंदु मठपाल, विद्यापीठ प्रधानाचार्य तारा बोरा, शाहनवाज, डॉ. हिमांशु पांडे, दीपा पांडे, ध्यानसिंह, कुंदन सिंह, विनीता, दीप्ति, अनीता मौजूद रहे।

भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में फिल्म का आनंद लेते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

आज का मौसम

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

38.2° अधिकतम तापमान | 25.7° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.12 | सूर्यास्त 07.11

एक नजर

सप्ताह में दो दिन बंद रहेगी त्वचा रोग की ओपीडी

हल्द्वानी : सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में अब सप्ताह में दो दिन त्वचा रोग की ओपीडी बंद रहेगी। बेस अस्पताल में त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. केसी किरन की ओपीडी में रोजाना 70 से 100 मरीज आते हैं। स्वास्थ्य विभाग से आदेश आया है कि बुधवार और शुक्रवार को डॉ. केसी किरन नैनीताल के बीडी पांडे चिकित्सालय में मरीजों को देखेंगे। बेस अस्पताल में दूसरा त्वचा रोग विशेषज्ञ नहीं होने से सप्ताह में दो दिन ओपीडी बंद रहेगी।

स्टांप विक्रेता के काउंटर का ताला तोड़ चोरी की

हल्द्वानी : कोतवाली के सामने तहसील परिसर में चोरों ने स्टांप विक्रेता के काउंटर का ताला तोड़ दिया और उसमें रखे दस्तावेज व अन्य सामान चोरी कर लिया। स्टांप विक्रेता मुकेश कुमार ने पुलिस को दी सूचना में कहा कि तहसील परिसर के मुख्य गेट के पास ही उसका लोहे का काउंटर है। शुक्रवार सुबह वह काम के लिए तहसील पहुंचा तो देखा कि काउंटर के दराज का ताला टूटा हुआ है। उसने जांच की तो पता चला कि काउंटर के अंदर रखे करीब एक हजार रुपये, मोहर और अन्य दस्तावेज गायब हैं।

नाले व नहरों की सफाई का होगा सत्यापन नोडल अफसरों की रिपोर्ट पर मिलेगा वेतन

एडीएम शिवचरण द्विवेदी ने जिले में नालों-नहरों की सफाई को निकायवार नियुक्त किए 92 नोडल अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जिला प्रशासन शहरों में जलभराव पर सख्त हो गया है। शहरी क्षेत्रों में जलभराव की रोकथाम के लिए नाले, नहरों की सफाई के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इन नोडल अधिकारियों की संतोषजनक रिपोर्ट पर ही निकाय व सिंचाई विभाग के अधिकारियों का वेतन दिया जाएगा।

अपर जिलाधिकारी शिवचरण द्विवेदी ने बताया कि जनपद के सभी नगरीय क्षेत्रों में मानसून से पूर्व वर्षा, अतिवृष्टि होने से नगरीय क्षेत्रों में नाले, नालियों, नहरों में कूड़ा-कचरा व सिल्ट की सफाई नहीं होने से जलभराव होता। यह भी संज्ञान में आया है कि नगर निकाय व सिंचाई विभाग की ओर से कूडे. कचरे, मलबे की नालों से सफाई नहीं कराई गई है। इसे देखते हुए जिले के सभी निकायवार नालों/नालियों एवं नहरों की सफाई के स्थलीय निरीक्षण के भौतिक सत्यापन के लिए नोडल जिले के सभी निकायों में 92 अधिकारियों की तैनाती की जा रही है।

इन सभी नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि 15 से 20 जून के बीच संबंधित नगर निकायों के नालों, नहरों का स्थलीय निरीक्षण कर फोटोग्राफ समेत आख्या ससमय उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारियों से संतोषजनक आख्या प्राप्त होने के बाद ही सभी निकाय, सिंचाई डिविजनों के सभी अधिकारी व कर्मचारियों का जून माह का वेतन आहरण किया जाएगा।

एडीएम ने कहा कि यदि किन्ही कारणों से किसी नोडल अधिकारी की उपलब्धता नहीं होने की दशा में उक्त वार्ड का सत्यापन इसकी सीमा से लगे नामित नोडल अधिकारी करेंगे। 14 जून को सुबह 11 बजे नगर निगम सभागार में सभी निकायों एवं नोडल अधिकारियों को निरीक्षण एवं सत्यापन के संबंध में ब्रीफिंग दी जाएगी। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से निर्देशों का पालन करने को कहा है।

15 से 20 जून तक संबंधित क्षेत्रों में सफाई का सत्यापन करेंगे ये नोडल अधिकारी, फिर देंगे रिपोर्ट

14 जून को सुबह 11 बजे सभी निकाय व नोडल अधिकारियों की होगी ब्रीफिंग

निकायों में नियुक्त नोडल अधिकारियों की संख्या

निकाय	नियुक्त अधिकारियों की संख्या
नगर निगम हल्द्वानी	30 अधिकारी
नगर पालिका परिषद रामनगर	20 अधिकारी
नगर पालिका भीमताल	5 अधिकरी
नगर पंचायत लालकुआं	6 अधिकारी
नगर पालिका भवाली	7 अधिकारी
नगर पंचायत कालाढूंगी	9 अधिकारी
नगर पालिका नैनीताल	15 अधिकारी

मानसून करीब, नालियों की नहीं हुई सफाई

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: मानसून सिर पर है लेकिन नगर निगम अब तक दर्जनों नालियों की सफाई नहीं करा पा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 15 जून तक मानसून आने की संभावना है लेकिन नालियों की सफाई का काम बेहद सुस्त गति से हो रहा है। नालियों की सफाई समय पर नहीं होने से लोगों को परेशानियां हो सकती हैं।

शहर के गांधीनगर, अंबेडकर नगर, उत्तर उजाला से शनि बाजार मंडी गेट तक नालों की सफाई होनी है। इसके अलावा बनभूलपुरा,

सुस्ती

- बेहद धीमी गति से चल रहा है सफाई का कार्य
- बरसात में नालियां बंद होने से सड़क-रास्तों में फैलती है गंदगी

वार्ड 20 के नूरी मस्जिद, काबूल का बगीचा, रेलवे क्रासिंग आदि क्षेत्रों में भी अब तक नालियों की सफाई नहीं हो पाई है। शनि बाजार में भी मंडी गेट से रेलवे क्रासिंग तक नाले की सफाई होनी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बरसात में नाले का गंदी पानी सड़कों और लोगों के घरों में घुस जाता है, जिससे लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। रामपुर रोड में सिंधी चौराहे से डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल तक भी नाले की सफाई अब तक नहीं हो सकी है। इसके अलावा कालाढूंगी रोड से ऐशबाग रामपुर रोड तक, मुखानी चौराहे से सद्भावना कॉलोनी तक, श्याम गार्डन पीलीकोठी, दुर्गा कॉलोनी, आदर्श नगर आदि क्षेत्रों में नालों की सफाई का काम शुरू नहीं हुआ है। नगर निगम के सफाई निरीक्षक अमोल असवाल ने बताया कि सफाई कर्मचारियों को तेजी से नालों की सफाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

एमबीपीजी कालेज में एडमीशन के लिए फार्म जमा करती छात्राएं व छात्र।

सोमवार से मेरिट में चयनित विद्यार्थियों को मिलेगा प्रवेश

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: एमबीपीजी कॉलेज में शुक्रवार को प्रवेश समिति की बैठक हुई जिसमें प्रथम वरीयता सूची में प्रवेश दिए जाने पर चर्चा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि शनिवार से बीएससी गणित वर्ग और जीव विज्ञान वर्ग में वरीयता सूची में चयनित समस्त विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा।

प्रवेश समिति ने बीकॉम की वरीयता सूची में इंटरमीडिएट में 65 प्रतिशत से अधिक अंक वाले चयनित विद्यार्थियों को शनिवार को प्रवेश करने को कहा है। कहा कि शनिवार को बीए में 70 प्रतिशत से अधिक अंक वाले विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश प्रभारी अमित सचदेवा ने बताया कि 10 जून (सोमवार) से वरीयता सूची में चयनित सभी विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने वरीयता सूची में चयनित सभी विद्यार्थियों को 14 जून से पहले कॉलेज में ऑफलाइन दस्तावेज सत्यापित कर प्रवेश लेने को कहा है। कहा कि इसके बाद रिक्त सीटों के हिसाब से नियमानुसार नए पंजीकृत छात्रों को शामिल करते हुए प्रवेश प्रक्रिया चलाई जाएगी।

एमबीपीजी में 191 व महिला कॉलेज में 97 ने लिया प्रवेश

एमबीपीजी कॉलेज में शुक्रवार को कुल 191 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया जिसमें बीए प्रथम सेमेस्टर में 94, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में 36, बीएससी पीसीएम में 33 और बीएससी जेडबीसी में 28 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। कॉलेज में अभी तक कुल 470 विद्यार्थियों का प्रवेश हुआ है। इधर, राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में भी शुक्रवार को कुल 97 प्रवेश हुए जिसमें बीए में 35, बीकॉम में 8, बीकॉम ऑनर्स में 4, बीएससी पीसीएम में 21 और बीएससी जेडबीसी में 29 प्रवेश हुए।

जहरीला पदार्थ खाने से बैंक कर्मी की मौत

संवाददाता, हल्द्वानी

आरोप

- परिजनों ने बैंक शाखा प्रबंधन पर लगाया पीड़ित करने का आरोप

अमृत विचार: द्वाराहाट क्षेत्र में सरकारी बैंक में काम करने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे उपचार के लिए हल्द्वानी में डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों ने शाखा प्रबंधन पर कहासुनी का आरोप लगाया है।

अल्मोड़ा के द्वाराहाट स्थित घघडोली निवासी 32 वर्षीय अमित कुमार द्वाराहाट में भारतीय स्टेट बैंक में चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी था। वह पांच जून को नौकरी पर गया था। मृतक के पड़ोसी आशीष ने पोस्टमार्टम हाउस में बताया कि अमित की शाखा में अधिकारियों से किसी बात पर कहासुनी हो गई थी। जिससे वह काफी क्षुब्ध था और उसने शाखा में ही जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए द्वाराहाट स्थित अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे रानीखेत के अस्पताल रेफर कर दिया गया।

हालत नहीं सुधरने पर उसे हल्द्वानी में एसटीएच भेजा गया। गुरुवार शाम उपचार के दौरान अमित ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि अमित का एक बेटा और बेटी है। परिवार में वही कमाने वाला था। अमित के परिजनों का कहना है कि वह बैंक शाखा प्रबंधन के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराएंगे।

सल्ट निवासी युवक की एसटीएच में मौत

हल्द्वानी, अमृत विचार : अल्मोड़ा जिले के सल्ट स्थित झड़गांव टुकड़ा निवासी एक युवक की मौत हो गई। वह छह जून को बाजार गया था और घर वापस आने पर उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन उसे उपचार के लिए एसटीएच लेकर आए जहां उसने दम तोड़ दिया। झड़गांव टुकड़ा निवासी कैलाश चंद (23) पुत्र चिंतामणि दिल्ली में नौकरी करता था। वह कुछ दिन पहले घर आया था। बीते 6 जून को वह घर से बाजार गया और वापस लौटने पर उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन उसे अल्मोड़ा में जिला अस्पताल ले गए जहां से उसे डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान गुरुवार शाम उसकी मौत हो गई। पुलिस को शक है कि युवक ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन किया है। मेडिकल चौकी प्रभारी प्रवीण तेवतिया ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का सही कारण पता चलेगा।

दिन में गर्मी बढ़ने से लोग परेशान

हल्द्वानी, अमृत विचार: विगत कुछ दिनों से तापमान में गिरावट जारी थी लेकिन मौसम साफ होने के साथ ही तापमान में बढ़ोत्तरी होने लगी है। शुक्रवार को दिन के समय गर्मी बढ़ गई। आने वाले दिनों में पारे में और भी उछाल की संभावना है।

हल्द्वानी में सुबह से ही मौसम साफ था और पूर्वान्ह होने के साथ ही गर्मी तेज हो गई। दोपहर के समय धूप और भी तेज हो गई। अधिकतम तापमान 38.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो विगत दिन की अपेक्षा एक डिग्री ज्यादा था। न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस रहा। राहत की बात है कि गुरुवार की रात पिछले दिनों की अपेक्षा कम गर्म थी। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने अनुमान जताया है कि आने वाले दिनों में मौसम इसी तरह साफ रहेगा और तापमान फिर से 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र ने पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिले में बारिश का अनुमान जताया है। इधर गर्मी बढ़ने से लोग परेशान रहे।

शुक्रवार को शहर में जाम लगने से रेंगते रहे वाहन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: शनिवार से पहले शुक्रवार से ही शहर में वाहनों की संख्या बढ़ गई। बाहर से आने वाले वाहनों की वजह से नैनीताल और बरेली रोड पर जाम लगता रहा। हालांकि पुलिस जाम खुलवाने में जुटी रही।

टीपीनगर बाईपास रोड और मंडी के पास बार-बार जाम लग रहा है। टीपी नगर में आने वाले भारी वाहनों की वजह से यहां जाम की समस्या आम होती जा रही है। इन दिनों बाहर से आने वाले वाहनों की संख्या भी प्रतिदिन बढ़ रही है। इस वजह से टीपीनगर क्षेत्र में जाम की समस्या बन रही है। शुक्रवार को भी यहां जाम की वजह से लोग परेशान रहे। इसी तरह नैनीताल रोड में कालाढूंगी चौराहे पर भी जाम की समस्या बनी रही। वाहन रेंगते हुए चल रहे थे।

काठगोदाम में भी कई बार जाम के हालात बन रहे थे। शनिवार और रविवार से पहले ही जाम की समस्या से शहर जूझता रहा। जगह-जगह पुलिस जाम को खुलवाती रही। जिस वजह से थोड़ी राहत भी रही। इधर गर्मी में जाम की वजह से दोपहिया वाहन सवार काफी परेशान दिखे।

टीपी नगर मंडी बाईपास रोड में सतवाल पेट्रोल पंप चौराहे पर लगे जाम में फंसे वाहन। आए दिन इस चौराहे में जाम लगा रहता है।

पुलिस ने जारी किया सप्ताहांत के लिए यातायात प्लान

हल्द्वानी, अमृत विचार : नैनीताल पुलिस ने सप्ताहांत को देखते हुए श्रद्धालुओं, पर्यटकों तथा आम जन के लिए यातायात प्लान जारी किया है। यह प्लान 8 और 9 जून को लागू रहेगा। हल्द्वानी रेलवे स्टेशन से कैंची धाम के लिए शटल बस सेवा की भी व्यवस्था की गई है। जिससे पर्यटक अपने वाहनों की जगह बस से कैंची धाम जा सकें। सप्ताहांत के लिए यातायात प्लान हल्द्वानी से नैनीताल, भीमताल, भवाली, कैंची धाम व अल्मोड़ा की ओर जाने वाले लोगों के लिए प्रभावी रहेगा।

सप्ताहांत के लिए यातायात प्लान

- बरेली रोड से नैनीताल, भीमताल, भवाली, कैंची धाम, अल्मोड़ा की ओर जाने वाले वाहन तीनपानी तिराहे से मोड़कर गौला बाईपास होते हुए नरीमन तिराहे से आगे को जाएंगे।
- रामपुर रोड से आने वाले वाहन जिनको नैनीताल जाना है, पंचायतघर तिराहे से मोड़कर आरटीओ रोड से हनुमान मंदिर होते हुए कालाढूंगी बाईपास रोड से बाया कालाढूंगी नैनीताल में प्रवेश करेंगे।
- भीमताल, भवाली, कैंची धाम, अल्मोड़ा की ओर जाने वाले वाहन शीतल होटल तिराहे से तीनपानी बाईपास तिराहे से गौला बाईपास रोड होते हुए नरीमन तिराहे से गंतव्य को जाएंगे।
- कालाढूंगी रोड से नैनीताल, भीमताल को जाने वाले वाहन ऊंचापुल/लालडांठ तिराहे से हाइडिल गेट, कॉलटैक्स तिराहा होते हुए नरीमन तिराहे से अपने गंतव्य को जाएंगे।

घास काट रही महिला पर बाघ ने किया हमला

रामनगर, अमृत विचार : समीपवर्ती रिंगोड़ा गांव में एनएच किनारे घास काट रही महिला पर शुक्रवार को बाघ ने हमला कर दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गई। रामनगर से रानीखेत को जाने वाले मार्ग पर चार किलोमीटर दूर ग्राम रिंगोड़ा के पास सड़क किनारे 40 वर्षीय लीला देवी पत्नी स्वर्गीय कामदेव अपनी पड़ोसी तारा देवी और सरस्वती देवी के साथ सड़क किनारे घास काट रही थी तभी पास की झाड़ियों से अचानक बाघ ने लीला देवी पर हमला बोल दिया। साथी महिलाओं के शोर मचाने पर लीला देवी को बाघ छोड़ कर जंगल की ओर भाग गया। बाघ के हमले से लीला देवी बुरी तरह से घायल हो गई। जिसको रामनगर चिकित्सालय लाया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। वन विभाग ने उक्त क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है। उधर रामनगर वन प्रभाग एवम कारबेटर टाइगर रिजर्व के अधिकारियों ने ग्रामीणों से सतर्कता बरतने का अनुरोध किया है।

निकाय चुनाव पर 11 जून तक स्थिति स्पष्ट करे सरकार

विधि संवाददाता, नैनीताल



अमृत विचार : हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की ओर से निकायों में प्रशासकों का छह माह का कार्यकाल बीतने के बाद भी चुनाव नहीं कराने के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई की। सुनवाई करते हुए वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को तत्काल अवमानना की प्रति राज्य सरकार को देने के आदेश देते हुए सरकार से 11 जून तक स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 11 जून को होगी।

याचिकाकर्ता राजीव लोचन साह ने अवमानना याचिका में कहा कि राज्य सरकार ने कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं किया। पूर्व में राज्य सरकार ने दो बार कोर्ट में बयान दिया था कि राज्य सरकार 2 जून 2024 तक निकायों का चुनाव संपन्न करा लेगी लेकिन अभी तक राज्य सरकार ने चुनाव नहीं कराए और कोर्ट के आदेशों का पालन भी नहीं किया। यह एक संवैधानिक संकट है। देश का संविधान इसकी अनुमति नहीं देता। अगर किसी वजह से राज्य सरकार तय समय में चुनाव नहीं करा पाती उस स्थिति में सिर्फ छह माह के लिए प्रशासक नियुक्त किए जा सकते हैं। सरकार ने चुनाव कराने के बजाय प्रशासकों का कार्यकाल बढ़ा दिया। यह राज्य सरकार का हाईकोर्ट में दिए अपने वचन के विरुद्ध है इसलिए सरकार पर कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं करने पर अवमानना की कार्यवाही की जाए।

नैनीताल निवासी वरिष्ठ पत्रकार राजीव लोचन साह ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि नगर पालिकाओं व नगर निकायों का कार्यकाल दिसंबर में समाप्त हो गया लेकिन कार्यकाल समाप्त हुए एक सप्ताह बीत गया है फिर भी सरकार ने चुनाव कराने का कार्यक्रम घोषित नहीं किया उल्टा निकायों में प्रशासक नियुक्त कर दिए। शुक्रवार को साह ने याचिका में कहा है कि सरकार को कोई अधिकार नहीं है कि वह निकायों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद प्रशासक नियुक्त करे। निकायों ने अपना कार्यकाल पूरा कर लिया है। लेकिन अभी तक चुनाव कराने का कर्यक्रम घोषित तक नहीं किया गया है।

पिथौरागढ़, चम्पावत को हेलीसेवा फिर शुरू

हल्द्वानी : पिथौरागढ़, चम्पावत, मुनस्यारी के लिए हेली सर्विस चार सप्ताह बाद फिर शुरू हो गई है। 20 जून तक यह सर्विस अभी सप्ताह में तीन दिन के लिए शुरू होगी।

बीती 22 फरवरी को हेरिटेज एविएशन कंपनी ने हल्द्वानी से पिथौरागढ़, मुनस्यारी और चम्पावत के लिए हेली सेवा शुरू की थी। इसका मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअली शुभारंभ किया था। यह हेली सेवा हल्द्वानी से पिथौरागढ़, मुनस्यारी व चम्पावत के लिए दिन में दो बार हेली सेवा थी। बीती 13 मई को कंपनी ने ऑपरेशन मेंटेनेंस का हवाला देकर हेली सेवा बंद कर दी थी। अब यह हेली सेवा 7 जून से शुरू कर दी गई है। हेरिटेज एविएशन के महाप्रबंधक मनीष भंडारी ने बताया कि 7 जून से हल्द्वानी से मुनस्यारी, पिथौरागढ़ और चंपावत के लिए उड़ान सेवा फिर से शुरू कर दी गई है।

लापरवाही | चालक आए दिन हो रहे हादसों से नहीं ले रहे सबक, पहाड़ को जा रहे ओवरलोड वाहन, एक दिन की कार्रवाई बेअसर

कई हादसों के बाद भी धड़ल्ले से जारी है ओवरलोडिंग

अमृत विचार पड़ताल

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: ओखलकांडा के पतलोट हादसे को अभी तीन दिन ही बीते हैं लेकिन हल्द्वानी से पर्वतीय मार्गों पर वाहनों का धड़ल्ले से ओवरलोड होकर जाना बदस्तूर जारी है। पतलोट हादसे का एक प्रमुख कारण गाड़ी का ओवरलोड होना बताया जा रहा है। संभावना है कि ओवरलोड होने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार हुआ हो। शहर से पर्वतीय क्षेत्रों के लिए जाने वाली अधिकांश गाड़ियों में क्षमता से अधिक यात्री और सामान ढोया जा रहा है।

अमृत विचार की टीम ने जब गुरुवार को शहर में पड़ताल की तो पाया कि टैक्सी स्टैंड के बजाय अन्य स्थानों से मैक्स, बोलेरो और अन्य टैक्सी गाड़ियां चलाई जा रही हैं और इन वाहनों में यात्रियों को ठूंस-ठूंस कर ले जाया जा रहा है। शुक्रवार को भी सड़कों पर यही स्थिति नजर आई। अधिकांश गाड़ियों में 10-12 सवारियां सवार थी जबकि इनकी क्षमता 7 सवारियों की है। साथ ही गाड़ियों की छतों पर यात्रियों के सामान के साथ ही कमर्शियल सामान भी ले जाया जा रहा था। हैरानी की बात है कि ओवरलोडिंग के खिलाफ परिवहन विभाग और पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। पतलोट घटना होने के तुरंत बाद परिवहन विभाग हरकत में आया और दूसरे दिन ही विभाग की प्रवर्तन टीमों ने जिले के पर्वतीय क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जिसमें 205 वाहनों के चालान किए। लेकिन परिवहन विभाग का चेकिंग अभियान भी बेअसर दिखाई दे रहा है। पर्वतीय मार्गों पर लगातार दुर्घटनाएं होने के बाद भी सख्ती नहीं अपनाई जा रही है और वाहन चालक बेखौफ ओवरलोड गाड़ियों को सड़कों पर दौड़ा रहे हैं जो कभी भी बड़ी दुर्घटना को दावत दे सकती हैं।

हम नहीं सुधरेंगे : हल्द्वानी से पर्वतीय क्षेत्रों को जाते ओवरलोड वाहन। ● अमृत विचार

नौ जिलों के स्कूलों में हुई मिड डे मील में पुष्टाहार की जांच, नैनीताल जिले के 8 स्कूलों के भोजन का स्तर मानकों के अनुरूप नहीं

स्कूलों में मिड-डे-मील तो मिल रहा पर पोषक तत्व गायब

पवन नेगी, हल्द्वानी

अमृत विचार: राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन मिले, इसके लिए केंद्र सरकार ने मध्याह्न भोजन योजना (मिड डे मील) की शुरुआत की लेकिन विद्यालयों में पोषण युक्त भोजन नहीं बन रहा है। पीएम पोषण योजना के अंतर्गत विद्यालयों में बनने वाले भोजन की जांच कराने पर सच्चाई पता चली।

एनएबीएल (राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड) ने नैनीताल, अल्मोड़ा, बागेश्वर, पौड़ी, ऊधमसिंहनगर, हरिद्वार और देहरादून के स्कूलों से सैंपल लेकर उनकी जांच कराई। जांच रिपोर्ट में भोजन में पोषक तत्व मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए। इन सभी जिलों के 50 से अधिक स्कूलों के मध्याह्न भोजन से पोषक तत्व ही गायब हैं। विद्यालयों में तैयार दाल, चावल और सब्जियों में प्रोटीन और ऊर्जा की मात्रा मानकों में न्यून मिली। **जिले के इन स्कूलों के मिड डे मील में नहीं मिले पोषक तत्व** राजकीय प्राथमिक विद्यालय देवलचौड़, प्राथमिक विद्यालय प्रेमपुर लोश्ज्ञानी, प्राथमिक विद्यालय गौजाजाली, प्राथमिक विद्यालय सुभाष नगर, प्राथमिक विद्यालय तुलसीनगर, प्राथमिक विद्यालय कालाढूंगी रोड, जूनियर हाईस्कूल गौजाजाली और उच्चतर प्राथमिक विद्यालय कालाढूंगी रोड में बनने वाले भोजन में पोषक तत्वों की कमी पाई गई। वहीं, अल्मोड़ा के प्राथमिक विद्यालय कटियारी, प्राथमिक विद्यालय अल्मोड़ा, राजकीय इंटर कॉलेज एनटीडी, बालिका इंटर कॉलेज हरिदत्त और पिटसाली इंटर कॉलेज में भी यही हाल है। ऊधमसिंहनगर में 11, बागेश्वर में 4, पौड़ी में 8, हरिद्वार में 9 और देहरादून में 3 विद्यालयों का भोजन निर्धारित गुणवत्ता में खरा नहीं उतर पाया। समग्र शिक्षा के अपर राज्य परियोजना निदेशक डॉ मुकुल सती ने जिला शिक्षा अधिकारियों (प्रारंभिक शिक्षा) को विद्यालयों के प्राध्यापकों से स्पष्टीकरण लेने और फिर खामी मिलने कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

3 महीने में 9 लाख नौनिहालों ने पिया 24 लाख लीटर दूध

हल्द्वानी, अमृत विचार : प्रदेश के 9.5 लाख नौनिहालों ने तीन माह में करीब 24 लाख लीटर दूध पिया। अमृत योजना में आंचल दुग्ध संघ की ओर से बच्चों को निशुल्क दूध उपलब्ध कराया जा रहा है।

सरकार की ओर से बच्चों को कुपोषण से बचाने को सीएम आंचल अमृत योजना चलाई। साल 2019 में शुरू हुई इस योजना के तहत वर्तमान में आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 से 6 साल के करीब 2 लाख बच्चों और विद्यालयी शिक्षा के तहत करीब 7.5 लाख बच्चों को दूध बांटा जा रहा है। आंगनबाड़ी में छात्रों को सप्ताह में चार दिन, प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सप्ताह में दो दिन बच्चों को दूध वितरित किया जाता है। बच्चों के लिए इसकी मात्रा अलग-अलग निर्धारित की गई है। आंगनबाड़ी व प्राथमिक विद्यालयों में प्रति छात्र को 100 मिली प्रतिदिन और उच्च प्राथमिक में 150 मिली प्रति छात्र प्रतिदिन दूध दिया जाता है। इस दूध में विटामिन ए और डी पर्याप्त मात्रा में है। आंचल दुग्ध संघ के महाप्रबंधक डॉ. मोहन चंद्र ने बताया कि स्कूलों में मीठा सुगंधित दुग्ध चूर्ण उपलब्ध कराया जाता है, जिसे गर्म पानी में मिलाकर बच्चों को दिया जाता है। शिक्षा विभाग को तीन माह में 150 मीट्रिक टन (करीब 15 लाख लीटर) और आंगनबाड़ी केंद्रों में 94 मीट्रिक टन (करीब 9.4 लाख लीटर) दुग्ध चूर्ण की आपूर्ति की जाती है।

सार-संक्षेप

राजेंद्र बिष्ट ने मेयर के चुनाव के लिए कांग्रेस से मांगा टिकट

हल्द्वानी : युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र बिष्ट ने मेयर के चुनाव पर चुनाव लड़ने की दावेदारी की है। उन्होंने कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल को पत्र सौंपकर चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। राजेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि वह साल 1996 से कांग्रेस के सदस्य हैं और साथ ही कांग्रेस संगठन में विभिन्न पदों पर काम कर चुके हैं। बताया कि वह एनएसयूआई में प्रदेश महामंत्री के साथ ही युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष भी रह चुके हैं। साथ ही जमरानी बांध बनाओ संघर्ष समिति से जुड़े हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में लोकतंत्र है। हर कोई चुनाव लड़ने के लिए दावेदारी कर सकता है। संगठन राजेंद्र बिष्ट की दावेदारी पर विचार करेगा।

रानीबाग-भीमताल मार्ग का लोकार्पण करते विधायक राम सिंह कैड़ा।

भीमताल मार्ग के डामरीकरण कार्य का लोकार्पण

हल्द्वानी : भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने शुक्रवार को रानीबाग-भीमताल मोटर मार्ग के डामरीकरण का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि भीमताल व धारी ब्लॉक, चम्पावत व अल्मोड़ा जिलों को जोड़ने वाला रानीबाग-एचएमटी-भीमताल मोटर मार्ग क्षतिग्रस्त होने से राहगीरों को परेशानियां हो रही थी। मुख्य मोटर मार्ग बदहाल होने से दुर्घटना का खतरा भी बना रहता था। बारिश में मार्ग पर कीचड़ होने से यातायात प्रभावित होता था। मार्ग नहीं बनने से सैकड़ों गांवों के किसानों, ग्रामीणों, विद्यार्थियों की फजीहत होती थी। उन्होंने कहा कि लोनिवि ने डीपीआर तैयार की, जिस पर शासन ने 5.68 करोड़ का बजट जारी किया। इस सड़क का डामरीकरण होने से लोगों को समस्या नहीं होगी।

गौलापार के कुंवरपुर मल्ला चौराहा शिव मंदिर के पास जश्न मनाते भाजपा कार्यकर्ता।

अजय भट्ट की जीत पर मनाया जश्न

चोरगलिया : भाजपा गौलापार मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट की ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष में कुंवरपुर मल्ला चौराहा शिव मंदिर के पास और चोरगलिया बाजार में मिष्ठान वितरण का कार्यक्रम किया गया। मंडल अध्यक्ष भाजपा गौलापार ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। मिष्ठान वितरण कार्यक्रम में जगदीश नौला, गोविंद मिश्रा, प्रकाश गरजोला, राजेंद्र तिवारी, रविन्द्र रेकुनी, पान सिंह मेवाड़ी, तारा तिवाड़ी, राजेंद्र बिष्ट, बालम बिष्ट, प्रकाश बेलवाल, कमलेश सम्मल, पूरन कोटलिया, बसंत आर्या, सुदर्शन राणा, हरीश बिष्ट, दीवान सम्मल, कैलाश गोस्वामी, कैलाश राज, संदीप मेहरा, चंदन नैथानी, आनन्द शर्मा, माला आर्या आदि लोग उपस्थित रहे।

निशुल्क नेत्र शिविर में उमड़ी मरीजों की भीड़।

शिविर में जांचीं 80 लोगों की आंखें

रामनगर : ग्राम प्रधान सुनीता घुघत्याल के प्रयासों से हंस फाउंडेशन हॉस्पिटल सतपुली की ओर से आयोजित निशुल्क नेत्र शिविर में 80 लोगों की आंखों की जांच की गई। इसमें 60 मरीजों को आंखों की दवा व 30 लोगों को नजदीक के चश्मे निशुल्क वितरित किए गए। इसके अलावा 12 लोगों का मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा, जिसमें मरीज को जाने आने की हंस फाउंडेशन जरनल हॉस्पिटल सतपुली पौड़ी के द्वारा पूरी व्यवस्था की गई है। फाउंडेशन मरीजों को 10 जून को लेकर जाएगी। कैंप में डॉ. अमित रावत, कैंप कोऑर्डिनेटर मुकेश नेगी, कैम्प सपोर्टिंग स्टाप मनीष आदि मौजूद रहे। इस दौरान सुरेश घुघत्याल, सुबोध, चमोली, ललित पाण्डेय, मनोज मनराल, विनोद करगेती का विशेष योगदान रहा।

बिहार के सदानंद का निकला गूल में मिला शव

रामनगर : करनपुर क्षेत्र में गुरुवार को सिंचाई गूल में मिले शव की शिनाख्त हो गई है। मृतक मूल रूप से बिहार का रहने वाला था, जो रामनगर में एक बगीचे में मजदूरी करता था। कानिया गांव के करनपुर क्षेत्र में क्षेत्र के लोगों को सिंचाई नहर में एक युवक का शव पड़ा मिला। पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए रामनगर संयुक्त चिकित्सालय में मोर्चरी में रखवा दिया। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि शव की पहचान सदानंद विश्वास पुत्र नूनूलाल, ग्राम इस्लामपुर जिला पूर्णिया बिहार के रूप में हुई है। वह 15 साल से भाई के साथ कानिया करनपुर में कैलाश तिवारी के बगीचे में मजदूरी करता था। वह तीन दिन से लापता था और उसको मिर्गी के दौरे पड़ते थे।

मेडिकल कॉलेज में बनेगा नर्सिंग कॉलेज का भवन

शासन में डीपीआर भेजी, 30 करोड़ में बनेगा नया भवन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: राजकीय मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग कॉलेज को शीघ्र ही भवन मिल जाएगा। मेडिकल कॉलेज के अंदर ही नर्सिंग कॉलेज चलाया जाता है लेकिन अभी तक नर्सिंग कॉलेज के लिए भवन नहीं है। नए भवन के निर्माण के लिए शासन में डीपीआर भेजी है। पैरामेडिकल कोर्सेज के विद्यार्थियों को भी अब भवन मिल जाएगा। मोटाहल्दू में उनकी कक्षाएं चलेंगी।

नर्सिंग कॉलेज के लिए मेडिकल कॉलेज के अंदर ही नया भवन बनाया जाएगा। इसकी अनुमानित लागत 30 करोड़ रुपये होगी। नर्सिंग कॉलेज का अपना भवन नहीं होने की वजह से विद्यार्थियों को काफी दिक्कतें होती हैं। इस समय मेडिकल कॉलेज अपनी ही एक बिल्डिंग में नर्सिंग कॉलेज चला रहा है। अब अपना भवन होने से पूरी सुविधाओं के साथ नर्सिंग कॉलेज बनाया जाएगा। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने शासन में इसके लिए डीपीआर भेजी है। अनुमान है कि शीघ्र की स्वीकृति मिलने के बाद काम शुरू हो जाएगा।

इधर मेडिकल कॉलेज में पैरामेडिल कोर्सेज की भी पढ़ाई होती है लेकिन पैरामेडिकल विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिए कोई भवन ही नहीं है। जुगाड़ करके किसी तरह उनकी पढ़ाई कराई जाती है। राजकीय मेडिकल कॉलेज से जानकारी मिली कि मोटाहल्दू में मेडिकल कॉलेज के पास भूमि और भवन है। इसलिए कोशिश की जा रहा है कि वहां पैरामेडिकल कोर्सेज की कक्षाएं चलाई जाएं। जिससे विद्यार्थियों को भवन मिल सके।

> नर्सिंग कॉलेज का नया भवन मेडिकल कॉलेज में बनाया जाएगा। इसके लिए शासन में डीपीआर भेजी जाएगी। पैरामेडिकल कोर्सेज के लिए अलग से फैकल्टी मिलने पर उनके लिए भी भवन का इंतजाम किया जाएगा।
> -**डॉ. अरुण जोशी**, प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी

पैरामेडिकल विद्यार्थियों के लिए फैकल्टी का इंतजार

हल्द्वानी : पैरामेडिकल कोर्सेज का संचालन अभी मेडिकल कॉलेज की फैकल्टी की मदद से चलाया जा रहा है। पैरामेडिकल विद्यार्थियों के लिए अभी अलग से फैकल्टी नहीं है। सरकार की ओर से पैरामेडिकल के एक विद्यार्थी के लिए 45 हजार रुपये साल के फीस तय की गई है। इतनी फीस के बावजूद इन विद्यार्थियों के पास भवन और छात्रावास की सुविधा नहीं है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन के अनुसार आचार संहिता हट चुकी है, जैसे ही पैरामेडिकल कोर्सेज के लिए फैकल्टी मिलेगी उनकी पढ़ाई मोटाहल्दू में शुरू करवा दी जाएगी।

190 को नहीं मिला योजना का लाभ

हल्द्वानी, अमृत विचार : राज्य सरकार की ओर से बालिकाओं के लिए नंदा गौरा योजना चलाई जा रही है। इसमें बालिका के जन्म और 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने पर आर्थिक मदद दी जाती है। जन्म के समय बालिका को 11 हजार रुपये व 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद 51 हजार रुपये की सहायता मिलती है। सरकारी स्कूल में 12वीं उत्तीर्ण करने वाली बालिकाओं को इस योजना का लाभ मिलता है। ब्लॉक में जन्म के समय 49 लोग योजना से लाभान्वित हुए। 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद 577 बालिकाओं ने योजना में आवेदन किया, जिसमें 387 को इसका लाभ मिला। हालांकि, 190 बालिकाओं को योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। इसी तरह मातृ वंदना योजना में पहला बच्चा होने पर दो किश्तों में 5000 रुपये और दूसरा बच्चा (सिर्फ बलिका) होने पर एक किश्त में 2000 रुपये दिए जाते हैं। बाल विकास अधिकारी शिल्पा जोशी ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को नंदा गौरा और मातृ वंदना योजना का लाभ दिलाने की कोशिश की जाती है। नंदा गौरा के तहत बैंक की ओर से दिक्कत आने पर कुछ लोगों को योजना का लाभ अब तक नहीं मिल पाया है।

अफसर नहीं दे रहे ध्यान बच्चे कैसे होंगे 'निपुण'

संवाददाता, हल्द्वानी

लापरवाही

- **खंड शिक्षा अधिकारियों ने नहीं पूरा किया लक्ष्य**
- **एप से बच्चों की गणितीय व भाषायी दक्षता जांची जाएगी**

> सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को विद्यालयों की मॉनीटरिंग करने को कहा गया है। उन्हें लक्ष्य पूरा करने के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। - **जगमोहन सोनी**, मुख्य शिक्षा अधिकारी

अमृत विचार : जिले के सभी राजकीय विद्यालयों में निपुण प्रगति एप के माध्यम से सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को अपने ब्लॉक स्तर पर न्यूनतम 10 विद्यालयों की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई थी। जिले के किसी भी ब्लॉक ने मॉनिटरिंग का लक्ष्य हासिल नहीं किया है।

सत्र शुरू हुए दो माह हो गए हैं लेकिन बीईओअपने ब्लॉक में विद्यालयों की मॉनिटरिंग नहीं कर रहे हैं। जिस पर मुख्य शिक्षा अधिकारी व समग्र शिक्षा के परियोजना अधिकारी जगमोहन सोनी ने सभी खंड उप शिक्षा अधिकारियों को नियमित रूप से विद्यालयों की की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। निपुण प्रगति एप के माध्यम से जांचा जाएगा कि बच्चे अब तक कितने दक्ष हुए हैं और किस क्षेत्र में शिक्षक व अभिभावकों को अभी मेहनत करने की जरूरत है। कोरोना महामारी के संकट के दौर में विद्यालयों में दो वर्ष तक पढ़ाई प्रभावित हुई थी। बच्चों के स्कूल न जाने का असर उनके मानसिक विकास पर भी असर पड़ा। सभी बच्चे पढ़ाई करें और नियमित रूप से स्कूल आएं इस पर विशेष जोर दिया जा रहा है। साथ ही पढ़ाई के पुराने ढर्रे को पीछे छोड़कर रोचक अंदाज में हिंदी भाषा व गणितीय दक्षताओं में उन्हें निपुण बनाया जा रहा है। कक्षाओं में इसका ऑफलाइन उपयोग किया जा सकता है। इस एप को रीडिंग एलांग एप के माध्यम से जोड़ा गया है। एप में विषय विशेषज्ञों की ओर से बच्चों के उपयोग में आने वाले प्रश्न अपलोड किए गए हैं। इस एप का उपयोग डायट मेंटर, स्टेट रिसोर्स ग्रुप (एसआरजी) व अकादमिक रिसोर्स परसन यानी (एआरपी) स्कूलों में जाकर परीक्षण करेंगे।

नीट परिणामों की सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में हो जांच

हल्द्वानी, अमृत विचार: नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने आरोप लगाया है कि नीट के परीक्षा परिणाम में धांधली हुई है।

मीडिया को जारी बयान में कहा कि पेपर लीक और धांधली परीक्षाओं का अभिन्न अंग बन गई हैं। अभ्यर्थियों के लिए भर्ती परीक्षाओं में भाग लेना, फिर अनियमितताओं व पेपर लीक के चक्रव्यूह में फंसना नियति बन गई है। पहले नीट परीक्षा का पेपर लीक हुआ और अब रिजल्ट में भी धांधली हुई है। एक ही सेंटर के 6 छात्रों को 720 में से 720 अंक मिल गए, जो अनियमितता की ओर इशारा कर रहा है। रिजल्ट आने के बाद देश भर में कई बच्चों के आत्महत्या करने की खबरें हैं। कांग्रेस की मांग है कि सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में एक उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए,जिससे छात्रों को न्याय मिले।

तीन मामलों में वांछित वारंटी को दबोचा

हल्द्वानी, अमृत विचार: काठगोदाम पुलिस ने तीन मामलों में फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार वारंटी राहुल आर्या निवासी चांदमारी आबकारी अधिनियम समेत तीन मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। काठगोदाम एसओ विमल मिश्रा ने बताया कि आरोपी राहुल आर्या ने 18 मई 2019 की रात शादी समारोह में डीजे बंद होने पर संचालक से मारपीट की थी। डीजे संचालक का हाथ तोड़ने के साथ-साथ उसके चहरे व गर्दन पर भी वार किया। इसके बाद 28 जुलाई 2019 को चांदमारी में ही संचालित एक दुकान के कर्मचारी को भी पीटने का आरोप था।

प्राचीन गणित की बारीकियां बताई

संवाददाता, हल्द्वानी

एमबीपीजी कॉलेज में कार्यशाला में विद्यार्थियों को जानकारी देते विशेषज्ञ।

अमृत विचार: एमबीपीजी कॉलेज में शुक्रवार को गणित विभाग में ग्रीष्मकालीन कार्यशाला हुई। इसमें में एमबीपीजी के साथ ही वनस्थली विद्यापीठ, राजस्थान के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया।

कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए प्राचार्य एनएस बनकोटी ने विद्यार्थियों से कार्यशाला में भाग लेकर ज्ञान अर्जित करने को कहा। इलाहाबाद विवि के प्रो. डॉ. स्वप्निल श्रीवास्तव ने प्राचीन भारतीय गणित परंपरा की शानदार विरासत का बेहतरीन विश्लेषण किया। गणित विभागाध्यक्ष डॉ. दीपा मखोलिया ने बताया कि कार्यशाला 15 जून तक चलेगी जिसमें विश्लेषण और अलजेब्रा के महत्वपूर्ण तथ्यों का विश्लेषण किया जाएगा। कार्यशाला में इविंग क्रिश्चियन कॉलेज इलाहाबाद के डॉ. पीयूष खरे, डॉ. स्वप्निल श्रीवास्तव, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ बिहार के डॉ. राजेश चौहान, भीमराव अंबेडकर सेंट्रल विवि लखनऊ के डॉ. गोपाल दत्त, एचएनबी केंद्रीय विवि श्रीनगर के डॉ. नवीन चंद्र, जीएनए स्नातकोत्तर कॉलेज भाटपारा छत्तीसगढ़ के डॉ. सुमित पंत व्याख्यान देंगे। इस दौरान डॉ. प्रेम प्रकाश, डॉ. अमित सचदेवा, डॉ. रिचा तिवारी, डॉ. एसएस धपोला थे।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

खेल-खिलाड़ी अंडर-18 के तहत 15 बालक व 15 बालिकाओं को दिया जाएगा प्रशिक्षण

खेलो इंडिया के खिलाड़ी नए मैदान में दागेंगे गोल

संवाददाता, हल्द्वानी

गौलापार अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में हाफ हॉकी मैदान में टर्फ बिछाई के लिए हो रही तैयारी।

अमृत विचार: गौलापार स्टेडियम में नये हॉकी मैदान का हाफ टर्फ मैदान का काम 80 फीसदी पूरा हो चुका है। वहीं खेल निदेशालय की ओर से हल्द्वानी में हॉकी के लिए खेलो इंडिया सेंटर खोलने के लिए मंजूरी मिल गई है। आने वाले दिनों में गौलापार के नव निर्मित हॉकी स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए अलग से प्रशिक्षण शिविर लगेगा। जिससे जिले के हॉकी खिलाड़ी खेलो इंडिया सेंटर में बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने सपनों का गोल दागने में सफल हो पाएंगे।

गुरुवार को सहायक खेल निदेशक रसिका सिद्दीकी ने बताया कि खेलो इंडिया सेंटर के तहत सभी जिलों में खेल सेंटर खोला जाना है। इसी क्रम में गौलापार स्थित हॉकी मैदान का काम चल रहा है, जिसे जल्दी ही पूरा कर लिया जाएगा।

हॉकी मैदान का कार्य पूरा होते ही खेलो इंडिया सेंटर के तहत हॉकी खिलाड़ियों का शिविर के लिए चयन प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। वहीं आने वाले दिनों में सेंटर से अंडर-18 के तहत 15 बालक व 15 बालिका खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अंतर्गत खिलाड़ियों को किट, प्रशिक्षण के दौरान रहने की व्यवस्था, खिलाड़ियों के खान-पान व बेहतर कोच उपलब्ध कराए जाएंगे। जिससे होने वाली राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिताओं में प्रदेश का नाम करने में सफल हों। वहीं हॉकी सेंटर प्रशिक्षण में नियुक्त होने वाले कोच का 3 वर्ष का कार्यकाल रहेगा। कोच की नियुक्ति के लिए जल्द ही समिति की ओर से आगे की कार्रवाई पूरी कर नियुक्ति की जाएगी।

इन जिलों में खुलेंगे खेल सेंटर

हल्द्वानी : खेल निदेशालय की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक चमोली जिले के गोपेश्वर, चंपावत के टनकपुर, पौड़ी गढ़वाल के कोटद्वार और टिहरी गढ़वाल के मुनि की रेती ढालवाला में फुटबॉल का खेलो इंडिया सेंटर खोला जाएगा। जबकि अल्मोड़ा, नैनीताल के गौलापार स्टेडियम में हॉकी, पिथौरागढ़ और उत्तरकाशी के मनेरा स्टेडियम में एथलेटिक्स के खेलो इंडिया सेंटर खुलेंगे। जबकि बागेश्वर में बॉक्सिंग, देहरादून में जूडो, हरिद्वार में कुश्ती तथा रुद्रप्रयाग के अगस्त्यमुनि में हैंडबॉल का सेंटर खुलेगा।

पीपलपानी

अत्यन्त दुःखी हृदय से सूचित कर रहे हैं कि हमारी पूज्यनीय माता जी स्व. श्रीमती चन्द्रकला जोशी पत्नी स्व. श्री तारादत्त जोशी, मूल निवासी बेरी जाला, दुगशिल, भीमताल, जिला नैनीताल, हाल निवासी मल्ला गोरखपुर, निकट स्टेट बैंक, हल्द्वानी का देहान्त दिनांक 29 मई, 2024 को हो गया है। जिनका पीपलपानी दिनांक 09 जून, 2024 (रविवार) को हमारे मूल निवास स्थान बेरी जाला, दुगशिल, भीमताल में दिन में 1 बजे से होगा।

शोकाकुल परिवार

उमेश चन्द्र जोशी (पुत्र), नवीन चन्द्र जोशी (पुत्र), महेश चन्द्र जोशी (पुत्र), जगदीश चन्द्र जोशी (पुत्र) एवं समस्त जोशी परिवार

पीपलपानी

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे ज्येष्ठ पुत्र श्री दिनेश चन्द्र जोशी का आकस्मिक स्वर्गवास दिनांक 31 मई, 2024 (शुक्रवार) को हो गया है। जिनका पीपलपानी दिनांक 10 जून, 2024 (सोमवार) को हमारे निवास स्थान खोलिया कम्पाउण्ड, नवाबी रोड, हल्द्वानी में दोपहर 1 बजे से सम्पन्न होगा।

शोकाकुल परिवार

श्रीमती मोहनी देवी (माता), कृष्णा नन्द जोशी (भाई), महेश चन्द्र जोशी (भाई), मुन्ना चन्द्र जोशी (भाई) Mob. 9759658008, 9720871990

नोट : कृपया इस सूचना को ही व्यक्तिगत बुलावे की मान्यता प्रदान करें।

सीएम के निर्देश बेअसर, बिजली कटौती जारी

शहर और ग्रामीण इलाकों में लो-वोल्टेज की समस्या बरकरार, लाइनों में लोड कम करने को विभाग कर रहा शटडाउन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद भी लोगों को बिजली कटौती की समस्या से निजात मिलती नजर नहीं आ रही है। बीते 1 जून को हल्द्वानी के एफटीआई में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बिजली आपूर्ति व्यवस्था सुचारू करने के निर्देश दिए थे लेकिन निर्देश के बाद भी शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में रोजाना घंटों बिजली कटौती की जा रही है।

भीषण गर्मी के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से जनता को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने के आदेशों का बिजली विभाग के अधिकारियों पर असर नहीं पड़ रहा है। लाइनों में हो रहे ओवरलोड में कमी लाने के लिए बिजली विभाग शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक बिजली काट रहा है। इसके चलते उमस भरी गर्मी में लोग दिक्कत झेलने को मजबूर हो रहे हैं। बीते दिनों से 33 केवी बिजलीघर से कालाढूंगी उपसंस्थान से जुड़े फीडरों में लोड बढ़ गया था जिसके चलते कमलुवागांजा में लोड कम करने के लिए विभाग शटडाउन लेता आ रहा है। वहीं ग्रामीण हिस्सों में हो रही बिजली कटौती से लोग परेशान हैं।

वहीं लालकुआं से रानीबाग तक 14 बिजलीघरों में जून में मांग 178 मेगावाट तक पहुंच गई है। इसके लिए विभाग ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने की कवायद में जुटा हुआ है। बिजलीघरों में क्षमता बढ़ाने के काम के चलते 7 से 8 घंटे तक शटडाउन लिया जा रहा है। इधर बिजली विभाग के ईई प्रदीप कुमार बिष्ट ने बताया कि हर इलाके में दिन भर बिजली कटौती की शिकायत नहीं मिल रही है। जहां पर समस्या बनी हुई है, वहां पर बिजलीघरों की क्षमता बढ़ाने का काम किया जा रहा है।

अनदेखी

- एक जून को बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा था
- शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में रोजाना कई घंटों की कटौती

इन इलाकों में बनी हुई समस्या

हल्द्वानी : बिजली कटौती व लो वोल्टेज की समस्या शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक में बनी हुई है। इसमें राजपुरा, इंदिरानगर, बनभूलपुरा, गौजाजाली, दमुवाढूंगा, गौलापार समेत अन्य इलाकों में उपभोक्ता बिजली की समस्या झेल रहे हैं। वहीं बिजली विभाग की ओर से इन इलाकों के लिए ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने के कार्म में जुटा हुआ है, विभाग का दावा है कि आने वाले दिनों में बिजली की समस्या में कमी आएगी।

वलनी में पेयजल संकट गहराने से ग्रामीण परेशान

गरमपानी, अमृत विचार : अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे से सटे वलनी गांव के बाशिंदे पेयजल संकट गहराने से परेशान हैं। लाखों रुपये की पेयजल योजना से भी समुचित पेयजल उपलब्ध न होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। जल्द व्यवस्था में सुधार न किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। गांवों में लाखों करोड़ों की लागत से तैयार योजनाएं भी ग्रामीणों के हलक तर करने में मददगार नहीं हो रही। बूंद बूंद पानी के लिए बच्चे, बुजुर्ग व महिलाएं दूर दराज रुख करने को मजबूर हो चुके हैं। पानी की किल्लत से पशुपालन भी प्रभावित होता जा रहा है। हाईवे से सटे वलनी गांव में भी लाखों रुपये से बनी पेयजल योजना से गांव के बाशिंदों को समुचित पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा। पेयजल संकट गहराने से ग्रामीण परेशान हो चुके हैं। कई बार व्यवस्था में सुधार की मांग उठाए जाने के बावजूद सुध नहीं ली जा रही। स्थानीय पूरन सिंह, आंनद सिंह, धरम सिंह, नंदन सिंह, हिम्मत सिंह, पवन सिंह, मोहन सिंह, महेंद्र सिंह, कमल सिंह, खुशाल सिंह आदि ने जल्द व्यवस्था में सुधार किए जाने की मांग उठाई है।

सिंचाई विभाग का नलकूप कल तक होगा ठीक

हल्द्वानी, अमृत विचार : गौलापार स्थित खेड़ा गांव में बीते गुरुवार को ग्रामीणों ने जल संस्थान व पेयजल निगम के खिलाफ प्रदर्शन कर अपना रोष जताया था। प्रदर्शन में शामिल लोगों के मुताबिक जल संस्थान का नलकूप बीते 15 दिनों में 2 बार खराब हो चुका है। इसी नलकूप वाली पेयजल लाइन से पेयजल निगम व जलसंस्थान ने दो-दो बार कनेक्शन कर दिए हैं, इसके चलते निचली इलाकों में पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इसी इलाके में सिंचाई विभाग का नलकूप भी है जो 1 साल बाद खराब हुआ है। लेकिन सिंचाई विभाग की ओर से तत्परता दिखाते हुए पम्पसैट को लिफ्ट करने की कार्रवाई शुरू की हुई है। विभाग का दावा है कि आगामी रविवार से नलकूप से पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

गौला नदी का हाथी कॉरिडोर में होगा चैनलाइजेशन

हल्द्वानी, अमृत विचार : जिला प्रशासन ने लालकुआं को बाढ़ व जलभराव से बचाने के लिए कवायद शुरू कर दी है। गौला नदी के हाथी कॉरिडोर और आरक्षित वन क्षेत्र में चैनलाइजेशन किया जाएगा ताकि नदी आबादी की ओर रुख नहीं करे।

एसडीएम परितोष वर्मा ने शुक्रवार को प्रशासन, वन व निकाय अधिकारियों के साथ गौला नदी के हाथी कॉरिडोर और भूकटाव वाले क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बारिश में गौला नदी आबादी की ओर भूकटाव करती है। इससे भारी मात्रा में आर्थिक नुकसान होता है। उन्होंने वन विभाग को हाथी कॉरिडोर और संवेदनशील क्षेत्रों में नदी को चैनलाइज करने के निर्देश दिए ताकि नदी आबादी की ओर रुख नहीं करे। इस पर गौला रेंजर चंदन सिंह अधिकारी ने बताया कि नदी में चैनलाइजेशन का एस्टीमेट तैयार हो गया है जल्द ही काम शुरू होगा। इस दौरान तहसीलदार मनीषा बिष्ट, लेखपाल लक्ष्मी नारायण यादव आदि मौजूद थे।

सार-संक्षेप

ऐलुमिनी मीट में प्रतिभाग करते प्रोफेसर व अन्य। ● अमृत विचार

ऐलुमिनी मीट में जीवंत किए अनुभव

नैनीताल : कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के प्रशासनिक भवन के सभागार में शुक्रवार को ऐलुमिनी मीट संपन्न हुई। कुलपति प्रो. दीवान एस. रावत की पहल पर आयोजित ऐलुमिनी मीट की अध्यक्षता वरिष्ठ प्राध्यापक एवं निदेशक आईक्यूएसी प्रो. संतोष कुमार ने की। ऐलुमिनी मीट में कुमाऊं विश्वविद्यालय के ऐलुमिनी एवं मुख्य अतिथि पूर्व सचिव वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार हेम पांडे ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम संयोजक प्रो. ललित तिवारी ने ऐलुमिनी सदस्यों का स्वागत कर विश्वविद्यालय में बिताए क्षणों को जीवंत करने के लिये सभी एलुमिनी सदस्यों को अपने विचार सांझा करने के लिए मंच पर आमंत्रित किया। सभी पूर्व छात्रों को वरिष्ठ प्राध्यापक एवं निदेशक आईक्यूएसी प्रो. संतोष कुमार की ओर से शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक एवं निदेशक आईक्यूएसी प्रो. संतोष कुमार, आईएफएस अधिकारी ललित बेलवाल, प्रो. नीलू लोधियाल, डॉ. विजय कुमार, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. दीपाक्षी जोशी, डॉ. मोहित रौतेला, डॉ. मनीषा, छात्र संघ अध्यक्ष उत्कर्ष बिष्ट आदि मौजूद रहे।

दुग्ध संघ पशुओं के लिए ला रहा प्रोटीन युक्त चारा

हल्द्वानी : राज्य दुग्ध संघ पशुओं के लिए प्रोटीन युक्त चारा शीघ्र बाजार में ला रहा है। राज्य दुग्ध संघ के एमडी जयदीप अरोड़ा ने बताया कि प्रोटीन युक्त चारा टोटल मिक्स राशन (टीएमआर) से बनाया गया है, जिसमें हरा चारा, सूखा चारा, पशुआहार आदि मिलाया गया है। पशुओं को अन्य चारा देने की आवश्यकता नहीं है। प्रोटीन युक्त चारा पशुओं को खिलाने से पशु हृष्ट पुष्ट होगा। साथ ही, उसके दूध की गुणवत्ता भी बढ़ जाएगी। बताया कि घास खाने से पशु का केवल पेट भरता है लेकिन दूध में गुणवत्ता नहीं आती है। जून में प्रोटीन युक्त चारे को बाजार में उतारा जाएगा, जिसे रुद्रपुर स्थित कैटल फीड फैक्ट्री में तैयार किया जा रहा है।

पुलिस ने 1.80 लाख और आभूषणों से भरा बैग सौंपा

हल्द्वानी : एक यात्री का सोने के जेवरात समेत 1.80 लाख रुपये से भरा बैग टैक्सी में छूट गया। पुलिस को सूचना देने पर पुलिस ने टैक्सियों की जांच की और बैग मिल गया। काठगोदाम पुलिस के अनुसार 112 दूरभाष नंबर पर एक व्यक्ति ने बताया कि उसका बैग भवाली में मैक्स वाहन में छूट गया है। बैग में 1.80 लाख रुपये, सोने के दो झुमके और अंगूठी है। सूचना मिलते ही काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल कुमार मिश्रा ने टीम बनाकर क्षेत्र में उक्त वाहन की तलाश की। यात्री को वाहन का नंबर नहीं पता था, जिस वजह से पुलिस को शुरू में वाहन को ढूंढने में परेशानी भी हुई लेकिन बाद में पुलिस ने उस टैक्सी को ढूंढ लिया।

नैनीताल में कुमाऊं मंडल के अधिकारी को ज्ञापन देते स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

गैस वितरण में हो रहीं समस्याएं, सौंपा ज्ञापन

नैनीताल : नैनीताल में पर्यटन सीजन के दौरान गैस वितरण में हो रही समस्याओं को लेकर स्थानीय लोगों ने कुमाऊं मंडल के कनिष्ठ विक्रय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। लोगों ने समस्या का समाधान कर लोगों को सुविधा देने की बात कही है। ज्ञापन सौंपते हुए लोगों ने कहा कि पर्यटन सीजन के चलते नैनीताल में गैस वितरण में समस्याएं आ रही हैं। कहा कि लोगों को गैस के लिए कई जगह भटकना पड़ रहा है, जिसके चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जल्द से जल्द समस्या का समाधान कर लोगों को सुविधा देने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में नितिन कार्की, विवेक वर्मा, मनोज कुमार, गौरव हार्पर व मयंक मौजूद थे।

भीमताल में जाम लगने से लोग रहे परेशान

भीमताल : भीमताल-हल्द्वानी मोटर मार्ग में देर सायं लंबा यातायात जाम लग गया। भीमताल के बाईपास मार्ग में लोक निर्माण विभाग के मोटर मार्ग में अतिक्रमण के चलते और अतिक्रमण वाले स्थान पर पक्का निर्माण कर देने से यातायात जाम की समस्या प्रत्येक दिवस विकराल होते जा रही है। इधर यातायात जाम लग जाने से पूरे बाई पास मार्ग में विकास भवन की तरफ लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबा जाम और हल्द्वानी मार्ग में दो किमी से भी अधिक लंबा यातायात जाम लग गया। जाम में फंसे पर्यटकों को भी खासी फजीयत उठानी पड़ी अतिक्रमण को लेकर आश्चर्य व्यक्त किया।

क्षतिग्रस्त बिजली के पोल बदलने की मांग

नैनीताल : नैनीताल में कई स्थानों पर पुराने बिजली के पोल सड़ चुके हैं। तेज हवाओं में पोल गिरने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने बिजली के पोल बदलने की मांग की है। बता दें कि शहर व आस पास के क्षेत्रों में कई पुराने पोल जड़ से गल चुके हैं जिनके गिरने की संभावना है। स्थानीय लोगों ने ऊर्जा निगम से ऐसे पोलों को बदलने की मांग की गई है। वहीं क्षेत्र में कई स्थानों पर तार झूलने की शिकायत भी लोगों की ओर से की जा रही है। ऊर्जा निगम के एसडीओ प्रियंक पांडे ने बताया कि क्षेत्र में पुराने पोल जल्द ही बदल दिए जाएंगे। झूलती बिजली की तारों को भी कसा जाएगा।

गौलापार देवला मल्ला में सड़क चौड़ीकरण की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

पूरी सड़क में डामरीकरण नहीं कर रहा लोनिवि

हल्द्वानी : गौलापार के देवला मल्ला के ग्रामीणों ने क्षेत्र में प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके क्षेत्र में 18 फीट चौड़ी सड़क पर केवल 12.5 फीट की चौड़ाई में ही डामर किया जा रहा है। जिससे सड़क की चौड़ाई कम हो रही है। ग्रामीणों ने लोनिवि के ईई को शिकायती पत्र भी भेजा है। पूर्व प्रधान बच्ची सिंह बिष्ट ने बताया कि लोनिवि यहां सालों बाद सड़क पर डामर कर रहा है। क्षेत्रवासियों में खुशी थी कि उनके क्षेत्र में सड़क की हालत सुधर रही है लेकिन अब लोनिवि उनके यहां सड़क की चौड़ाई को कम करके डामर कर रहा है। बताया कि इस मामले में एक शिकायती पत्र लोनिवि के ईई अशोक कुमार को भेजा है। प्रदर्शन में नंदन सिंह जीना, दीपू मेहता, पूरन चंद्र दानी, संतोष तिवारी, शंकर सिंह, नंदन सिंह, आनंद सिंह मेहता, मुकेश सिंह, हरीश सिंह आदि थे।

लीकेज बंद करने के लिए खोदा गड्ढा खुला छोड़ा

कालाढूंगी : नगर में सिंचाई विभाग ने पेयजल लाइन की लीकेज बंद करने के लिए खोदे गए गड्ढे को खुला छोड़ दिया। जिससे नगरवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को पूजा बिष्ट की स्कूल को जा रही छोटी बच्ची इस गड्ढे में गिर गई। नगरवासी पुष्कर सिंह बिष्ट, भानु प्रताप सिंह, कुंवर सिंह, लीला देवी, पूजा बिष्ट ने भी रोष जताया है। इस संबध में नलकूप जेई गजेन्द्र आर्या ने बताया कि शनिवार को मौके पर जाकर गड्ढे को भर दिया जायेगा।

राहगीरों और नमाजियों को पिलाया शरबत

रामनगर : जामा मस्जिद गेट पर नमाजियों और राहगीरों के लिए शरबत का इंतजाम किया गया। गुलशन-ए-इस्लाम कमेटी द्वारा नमाजियों व राहगीरों को ठंडा शरबत का वितरण रामनगर जामा मस्जिद गेट पर किया गया। कमेटी के कार्यों की सराहना कर जामा मस्जिद प्रशासक शकील खान ने कमेटी के सभी लोगों की तारीफ कर मनोबल बढ़ाया। इस दौरान आरिश सिद्दीकी, नाजिम अहमद, तहसीन रजा, बाकर रजा, शान अहमद, जुनेद, मो.आमिर, अदनान अली, मो. सलमान, अमन अली आदि लोग मौजूद रहे।

पहाड़ के 11 से अधिक रूटों पर बस संचालन ठप

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : रोडवेज से पहाड़ पर जाने वाली 11 से अधिक रूटों पर बसों का संचालन बंद हो गया है। इसमें हल्द्वानी से अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर और चंपावत व नैनीताल जिले के 11 से अधिक रूटों पर रोडवेज बसों का संचालन ठप है। इसके चलते पहाड़ पर जाने वाले यात्रियों के सामने समस्या गहरा गई है। यात्रियों को मजबूरन केमू की बसें या फिर टैक्सियों का सहारा लेना पड़ रहा है।

हल्द्वानी रोडवेज से पहाड़ी मार्गों पर बसों की सेवा बंद होने से पहाड़ के लोगों के सामने दिक्कत बनी हुई है। हल्द्वानी शहर पहाड़ के लोगों का मुख्य बाजार भी है, पहाड़ी जिलों में खाद्य सामग्री, कपड़ा व अन्य सामान अधिकांश हल्द्वानी से ही होकर जाता है। वहीं गर्मी को देखते हुए यहां के लोग छुट्टियां बिताने के लिए पहाड़ पर जाने को उत्साहित रहते हैं। लेकिन हल्द्वानी से पहाड़ को जाने वाले यात्री बसों का संचालन ठप होने से परेशान हैं। जिसके चलते लोगों को केमू या फिर टैक्सियों से सफर करने को विवश हैं। इधर रोडवेज अधिकारियों के मुताबिक हल्द्वानी और काठगोदाम डिपो से पिथौरागढ़ के लिए दो ही बसें जा रही हैं। वहीं अल्मोड़ा के लिए दो व बागेश्वर के लिए भी काठगोदाम डिपो की दो ही बसें जा रही हैं। कुछ समय पूर्व कई रूटों पर बसों का संचालन बंद हुआ लेकिन फिर से दोबारा शुरू नहीं हो सका है। इधर एआरए सुरेंद्र बिष्ट ने बताया कि बसों की संख्या में कमी होने के चलते पर्वतीय रूटों पर बसों का संचालन बंद है। डिपो में नई बसें आने पर ही संचालन शुरू हो पाएगा।

शराब पीने पर तीन सिपाही निलंबित

हल्द्वानी, अमृत विचार: एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने तीन सिपाहियों को निलंबित कर दिया है। तीनों सिपाही डीएम वंदना के हल्द्वानी कैंप कार्यालय व आवास में सुरक्षा गार्ड थे। तीनों सिपाहियों ने वहां शराब पी थी और यह घटना सीसीटीवी में दर्ज हो गई। मामले की शिकायत मिलने पर एसएसपी ने कार्रवाई की।

नैनीताल सशस्त्र पुलिस के सिपाही शंकर सिंह, दीपक सिंह राणा और मनोज सिंह राणा जिलाधिकारी आवास हल्द्वानी में तैनात थे। एसएसपी मीणा के पास पांच दिन पहले शिकायत पहुंची थी कि ये तीनों कैंप कार्यालय में शराब पी रहे थे। डीएम कैंप कार्यालय और आवास में लगे सीसीटीवी की फुटेज में भी पाया गया कि तीनों सिपाही ड्यूटी के दौरान शराब पी रहे हैं। एसएसपी ने मामले की जांच करवाई तो आरोप सही पाए गए। अब आचार संहिता हटते ही एसएसपी ने तीनों सिपाहियों को निलंबित कर दिया है।

उपेक्षा से आहत गांव के बाशिंदे जिला मुख्यालय करेंगे कूच

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : रामगढ़ ब्लॉक के हली व आसपास के तमाम गांवों में बूंद-बूंद पानी को हाहाकार मच गया है। मजबूरी में गांव के बाशिंदे भीषण गर्मी के बीच दूरदराज से पानी ढो रहे हैं। छह महीनों से महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन का कार्य भी ठप पड़ा हुआ है। योजना का कार्य लंबे समय से बंद पड़े होने से ग्रामीणों का पारा भी चढ़ गया है। अधिकारियों पर गांव की उपेक्षा का आरोप लगाया है। ग्राम प्रधान ललित मोहन के अनुसार जल्द कार्य शुरु नहीं हुआ तो ग्रामीणों को साथ लेकर जिला मुख्यालय स्थित डीएम कार्यालय को कूच किया जाएगा।

महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना से गांवों में पानी का सूखा खत्म होने की उम्मीद जगी थी पर

पेयजल संकट

- जल जीवन मिशन का कार्य छह महीने से पड़ा ठप
- कई बार आवाज उठाए जाने के बावजूद नहीं हो रही सुनवाई

आज भी तमाम गांवों में पेयजल व्यवस्था बद से बद्तर स्थित में है। लाखों करोड़ों रुपये की योजनाएं होने के बावजूद गांवों के बाशिंदे बूंद बूंद पानी को मोहताज हो चुके हैं। अफसरों की लापरवाही ग्रामीणों पर भारी पड़ रही है। रामगढ़ ब्लॉक के हली गांव में भी हालात विकट है। मुख्य योजना से पेयजल उपलब्ध न होने से गांव के बाशिंदे दूर दराज से पानी ढोने को मजबूर हैं जबकि जल जीवन मिशन से पानी उपलब्ध होना एक सपना बन चुका है। गांव के कियू पानी, तितोली, पोखराधार, थानदेव, कूंणा तोक में योजना का कार्य ठप पड़ा हुआ है। जिन स्थानों पर कार्य हुआ भी है तो वहां भी कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है यह हालत तब है जब समुचित बजट भी उपलब्ध है। ग्राम प्रधान ललित मोहन के अनुसार कई बार कार्य शुरु करने तथा जलापूर्ति सुचारु करने की मांग भी उठाई जा चुकी है। बावजूद सुध नहीं ली जा रही। आरोप लगाया की अफसर गांव की अनदेखी पर आमादा है। दो टूक चेतावनी दी है की यदि जल्द कार्य शुरू नहीं करवाया गया तो फिर ग्रामीणों को साथ लेकर जिला मुख्यालय स्थित जिलाधिकारी कार्यालय को कूच किया जाएगा। स्थानीय हरीश पांडे, तारा दत्त, गणेश पांडे, भुवन चंद्र, विक्रम सिंह, चंदन सिंह, बालम सिंह, दिलिप सिंह, कुबेर सिंह आदि ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन योजना का कार्य ठप पड़ा होने पर नाराजगी जताई है।

बारात घर में मांसाहारी भोजन पर लगी रोक न हटाने की मांग

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार: अंबेडकर पार्क स्थित बारात घर में शादी व अन्य कार्यक्रमों में जहां खानपान में चिकन, मटन बनाने पर लगी रोके हटाने की मांग की जा रही है वहीं दूसरी ओर शुक्रवार को हिंदूवादी संगठनों ने इस पर प्रतिबंध जारी रखने की मांग की। इस दौरान तहसील के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया गया।

नगर के वार्ड नंबर एक में स्थित अंबेडकर पार्क में बारात घर स्थित है। जिसे नगर की पंचायत की ओर से शादी व अन्य कार्यक्रमों के लिए किराए पर दिया जाता है। पार्क में नवरात्र के दिनों में नगर की रामलीला का भी आयोजन भी किया जाता है।

तहसील में ज्ञापन सौंपते हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

करीब एक पखवाड़े पूर्व नगर पंचायत कार्यालय द्वारा उक्त स्थल पर शादी आदि कार्यक्रमों में मांसाहारी भोजन बनाने पर रोक लगा दी थी।

शुक्रवार को नगर के हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता तहसील में एकत्र हुए और उन्होंने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसील के वरिष्ठ प्रशासन अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में कमल मुनि, मन्नू गोस्वामी, सचिन फुलारा, शोभित त्यागी, रत्नेश सिंह, गुरुदेव मौर्य, चंद्रपाल, गौरव गुप्ता, धर्मवीर गौतम आदि लोग शामिल थे।

मानवाधिकार पर शुरू होगा पाठ्यक्रम

हल्द्वानी, अमृत विचार: उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) में दो वर्षीय परास्नातक पाठ्यक्रम चलाया जाएगा। मानवाधिकार और अंतरराष्ट्रीय विधि विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक में मानवाधिकार पर दो वर्षीय परास्नातक कार्यक्रम के पाठ्यक्रम को संस्तुति दी गई है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी ने पाठ्यक्रम को मिली संस्तुति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विभाग को बधाई दी। इस दौरान कुमाऊं विश्वविद्यालय राजनीतिशास्त्र विभाग से प्रो. नीता बोरा शर्मा, एसएस जीना विश्वविद्यालय विधि विभाग से प्रो. डीके भट्ट, एचएनबी गढ़वाल विश्वविद्यालय के पूर्व प्राचार्य और हिमालयन विश्वविद्यालय देहरादून के पूर्व कुलपति प्रो. जेपी पचौरी, यूओयू मानवाधिकार विभाग के हेड ऑफ स्कूल डॉ. कमल देवलाल ने प्रतिभाग किया।

30 हजार कार्ड धारकों पर राशन का संकट

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : ब्लॉक में करीब 30 हजार राशन कार्ड धारकों ने केवाईसी नहीं कराई है, जिससे उन्हें राशन मिलना बंद हो सकता है। हालांकि, अभी इसके लिए कोई समय सीमा तय नहीं की गई है। राशन कार्ड धारकों को केवाईसी कराना आवश्यक है, जिन राशन कार्ड धारकों ने अभी तक अपनी केवाईसी नहीं कराई है, उन्हें शीघ्र ही केवाईसी कराने के लिए कहा गया है।

खाद्य पूर्ति विभाग के अधिकारी का कहना है कि जिन लोगों ने अब तक केवाईसी नहीं कराई है, वह जल्द करा लें। केवाईसी नहीं होने पर राशन की दुकान पर उनका बायोमेट्रिक सत्यापन भी नहीं हो पाएगा, जिससे उन्हें राशन मिलना बंद हो जाएगा। बताया कि जिन लोगों की केवाईसी नहीं हुई हैं, उनकी सूची राशन विक्रेताओं को दे दी गई है। केंद्र सरकार की खाद्य सुरक्षा योजना के तहत प्राथमिक परिवार श्रेणी (सफेद), अंत्योदय कार्ड (लाल) में अधिकतर कार्ड धारकों ने केवाईसी करवा ली है लेकिन राज्य खाद्य योजना के तहत बने पीले कार्ड धारकों में ज्यादातर ने अभी तक केवाईसी नहीं करवाई है। पूर्ति निरीक्षक रेनू त्रिपाठी ने बताया कि केवाईसी के लिए कार्ड धारक को कार्ड में दर्ज सभी परिजनों के आधार कार्ड की फोटो कॉपी देनी है। इसके लिए नगर निगम व ग्रामीण क्षेत्रों के निवासी रामपुर रोड स्थित पूर्ति विभाग कार्यालय में अपनी केवाईसी करवा सकते हैं।

पहल नगर निगम प्रशासक और जिलाधिकारी के निर्देश पर वार्डों में लगाई जा रही चौपाल, शुक्रवार को वार्ड-57 और 59 में पहुंची टीम

चौपाल में उठाईं निराश्रित पशुओं और सफाई की समस्याएं

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नगर निगम प्रशासक व जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर निगम की ओर से लोगों की समस्याओं के निस्तारण के लिए वार्डों में चौपाल लगाई जा रही हैं। इससे लोग खुश तो हैं लेकिन समस्याओं के समाधान को लेकर उन्हें शंका है।

नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को वार्ड-57 व 59 में चौपाल लगाई, जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। वार्ड-59 में लोगों ने निराश्रित जानवरों की समस्या से अवगत कराया, जिस पर नगर निगम के सफाई निरीक्षक चतर सिंह ने गौरक्षक दल के सदस्य को फोन किया और शनिवार को निराश्रित जानवरों को हटाने का आश्वासन दिया। गौजाजाली बिचली के नवीन लोशाली ने बताया कि क्षेत्र में निराश्रित पशुओं का बहुत आतंक है अधिकारियों ने उन्हें भी हटाने को कहा। वार्ड में लोगों को नगर निगम के कूड़ा उठाने वाले वाहन चालक व सफाई कर्मचारियों से सबसे अधिक शिकायत थी। लक्ष्मण सिंह बिष्ट, सीएस पांडे, रमेश सिंह चौहान आदि ने अधिकारियों को बताया कि कूड़ा उठाने वाले कर्मचारियों का व्यवहार ठीक नहीं है। सभी गलियों से प्रतिदिन कूड़ा नहीं उठाया जाता है। मेडिकल गली की निवासी ममता तिवारी ने बताया कि दोपहिया वाहन खड़े होने से कूड़ा उठाने वाली गाड़ी गली में नहीं आ पाती है, जिससे कूड़ा फेंकने के लिए मुख्य सड़क पर आना पड़ता है। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि अब नियमित तौर पर कूड़ा उठाया जाएगा। तारा दत्त कांडपाल ने बताया कि सफाई कर्मचारी महीनों तक नहीं आते हैं।

वार्ड नंबर 60 में नगर निगम की ओर से आयोजित चौपाल में अपनी शिकायत लेकर पहुंचे स्थानीय लोग।

मेडिकल गली की निवासी छाया त्रिपाठी ने सड़क का मुद्दा उठाया। कहा कि चार माह पहले बनी सड़क जगह-जगह से टूट गई है, जिससे बरसात में लोगों को काफी दिक्कत होती है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने उनकी समस्या रजिस्टर में लिख ली है लेकिन समस्या का वास्तव में समाधान हो पाएगा, इसकी उम्मीद उन्हें कम ही है।रमेश सिंह चौहान ने कहा कि गौजाजाली बिचली में नगर निगम के कर्मचारियों ने स्ट्रीट लाइट के स्विच लगाने के लिए लोगों से 50-50 रुपये मांगे, कुछ लोगों ने दिए भी। अधिकारियों का कहना था कि लोगों के पैसे वापस कराए जाएंगे।

गौजाजाली उत्तर के शंकर दत्त गर्जोला ने कहा कि गली में दोपहिया वाहन सवार बहुत तेजी से वाहन चलाते हैं, जबकि छात्र भी यहां से गुजरते हैं, इसलिए गली में पांच स्पीड ब्रेकर लगाने को लेकर पूर्व में मेयर व नगर आयुक्त तक से मिल चुके हैं लेकिन हर बार आश्वासन ही मिला। लोगों का कहना है कि कहना है कि चौपाल लगना बहुत अच्छा है लेकिन दर्ज की गई समस्याओं का समाधान भी किया जाना चाहिए। इस मौके के नगर निगम की टीम में सह आयुक्त गणेश भट्ट, बैणी सेना के कॉडिनेटर मनोज नेगी, विद्युत निरीक्षक डीएस परमार, सफाई निरीक्षक चतर सिंह आदि मौजूद थे।

सार-संक्षेप

जसपुर में पत्रकारों से रूबरू क्षेत्रीय विधायक आदेश सिंह चौहान।

राहुल गांधी की न्याय यात्रा का जीत में रहा योगदान

जसपुर : क्षेत्रीय विधायक आदेश सिंह चौहान ने जसपुर-भूतपुरी मार्ग स्थित अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में गठबंधन को मिली जीत पर हर्ष व्यक्त किया है। इस जीत में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा एवं न्याय यात्रा का भारी योगदान है। जसपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी को भारी मत मिले हैं। जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपना भरपूर सहयोग दिया। इस मौके पर गजेंद्र चौहान बब्लू, इस्तियार बब्लू, हिमांशु नंबरदार मोइनुद्दीन, सर्वेश चौहान, राहुल बंटी आदि मौजूद रहे।

पंफलेट बांटते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य। ● अमृत विचार

पंफलेट बांटकर दी लोक अदालत की जानकारी

जसपुर : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्यों ने पंफलेट वितरित कर लोगों को 29 जुलाई से 3 अगस्त तक राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में उच्च न्यायालय में आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत की जानकारी दी। इस जनसंपर्क अभियान में प्राधिकरण के स्थानीय पैनल अधिवक्ता एडवोकेट राजवीर सिंह, डॉ. बीएस गौतम, संगीता रानी, लता देवी, मुनेश कुमारी आदि शामिल रहे।

भाजपाइयों ने 21 किलो वजन के लड्डुओं का केक काटा

गदरपुर : लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने जाने पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सह संयोजक राकेश गुंबर के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने 21 किलो वजन के लड्डुओं का केक काटकर एक दूसरे को मिठाई खिलाई। नेहरू मार्केट में हुए कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, मनोज गुम्बर, मोनू सिंधी, गौरव भुड्डी, किशन गुम्बर मौजूद थे।

परचून की दुकान में बिक रही थी शराब

गदरपुर : पुलिस ने 100 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। गुरुवार को थानाध्यक्ष जसवीर चौहान के नेतृत्व में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वार्ड नंबर 5 तेजा फौजा में अरहान धुलाई सेंटर के सामने परचून की दुकान पर छापा मारा। दुकान स्वामी से पुलिस ने पूछताछ की तो उसने अपना नाम केहर सिंह बताया। पुलिस ने जब उसकी दुकान में तलाशी ली तो दुकान में दो अलग-अलग ड्रमों में 100 लीटर कच्ची शराब बरामद की।

पुलिस ने फरार आरोपी को दबोचा

खटीमा : सत्रहमील पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के पांच माह से फरार चल रहे ग्राम मझोला निवासी विक्की रस्तोगी को उसके घर पर दबिश देकर पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया है। टीम में चौकी प्रभारी ललित बिष्ट, कांस्टेबल हरेंद्र थापा, विपिन कुमार, त्रिभुवन पलड़िया आदि मौजूद थे।

पति-पत्नी के झगड़े की पंचायत में दो पक्षों में मारपीट

बाजपुर : पति-पत्नी के झगड़े की पंचायत में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इसमें दोनों तरफ से छह लोगों के चोटें आई हैं। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीरें देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम नंदपुर नरकाटोपा निवासी फैजान खान ने पुलिस को बताया कि गुरुवार की देर रात उसके घर पर भाई व भाभी (पति-पत्नी) के झगड़े की पंचायत कुछ गणमान्य लोगों की मौजूदगी में चल रही थी। आरोप है कि इसी बीच वहां मौजूद दूसरे पक्ष के आधा दर्जन महिला-पुरुषों ने गाली-गलौज करते हुए घर पर मौजूद भाई-बहन, माता-पिता आदि के साथ अभद्रता एवं मारपीट शुरू कर दी। हमलावर जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए। वहीं मारपीट में तालिब, साकिब, फैजान, रानी, शाहिद व जाहिद आदि घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए हैं। समाचार लिखे जाने तक किसी की भी तरफ से मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था।

प्रति राशन कार्ड अब मिलेगा आयोडाइज्ड नमक

काशीपुर : मुख्यमंत्री नमक पोषण योजना के अंतर्गत काशीपुर के करीब राशन कार्ड धारकों को आयोडाइज्ड नमक मिलेगा। बीपीएल व अंत्योदय कार्ड धारकों को प्रतिमाह प्रति कार्ड एक किलो आयोडाइज्ड नमक का वितरण किया जाएगा। जिसकी कीमत प्रति किलो आठ रुपये निर्धारित की गई है। पूर्ति निरीक्षक अल्पना बजाज ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्राथमिक व अंत्योदय योजना के तहत समस्त राशन कार्ड धारकों को प्रति राशन कार्ड पर एक किलो आयोडाइज्ड नमक मिलेगा। यह आयोडाइज्ड नमक बीपीएल और अंत्योदय कार्ड धारकों को प्रति कार्ड पर एक किलो नमक दिया जाएगा। इसकी कीमत 8 रुपये प्रति किलो होगी। उन्होंने यह भी बताया कि इसका लाभ शहर और ग्रामीण क्षेत्र के 29605 बीपीएल और 2276 अंत्योदय कार्ड धारकों के परिवार को मिलेगा। बताया कि बाजार में बिकने वाले नमक से आधी कीमत से भी कम कीमत में यह नमक दिया जा रहा है।

डेंगू की रोकथाम को कसी कमर, चिह्नित क्षेत्र में स्रोत को नष्ट करने के दिए निर्देश

सीएमओ कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में विभागवार हुई कार्यों की समीक्षा

तैयारी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: डेंगू की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य, जला पंचायती राज, परिवहन, नगर निगम, नगर पालिका, शिक्षा, युवा कल्याण, पर्यटन, महिला एवं बाल विकास आदि विभागों के कार्यों की समीक्षा हुई। इस दौरान जिला नोडल अधिकारी ने सभी निकायों को चिह्नित स्पॉटों में लगातार स्रोत को नष्ट करने के निर्देश दिए।

शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में बैठक आयोजित हुई। इस दौरान जिला नोडल अधिकारी एनवीबीडीसीपी डॉ. राजेश आर्या ने सभी विभागों से डेंगू की रोकथाम के लिए सहयोग की अपेक्षा की गयी। उन्होंने नगर पंचायत, नगर पालिका और नगर निगम को लगातार डेंगू के स्रोत को नष्ट करने और प्रतिदिन की रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

अधिकारियों के साथ बैठक करते जिला नोडल अधिकारी एनवीबीडीसीपी डॉ. राजेश आर्या। ● अमृत विचार

जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी ने बताया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को डेंगू रोकथाम के लिए चलचित्र के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम किए जाने के लिए सुझाव दिए गए हैं। मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत ने बताया कि आरबीएसके की टीम ने प्रत्येक आंगनबाड़ी व विद्यालयों में बच्चों की जांच से पूर्व डेंगू के विषय में जागरूक किया।

एआरटीओ चक्रपाणि मिश्रा ने बताया कि परिवहन विभाग ने समय-समय पर अन्य प्रदेशों से आने वाले वाहनों की जांच की जा रही है। इसमें देखा जा रहा है कि वाहनों में रखे गये टायरों में पानी का भराव तो नहीं किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. डीपी सिंह, नोडल अधिकारी एनसीडी डॉ. एसपी सिंह, डॉ. उदय शंकर, डॉ. हर्षपाल सिंह चंडोक, डॉ. अजयवीर सिंह, पूरन चंद्र पांडे, संजीव मल्होत्रा, राजेश कुमार अरोरा, महेश कुमार, डॉ. संतोष पांडेय, राहुल, तौफीक अहमद, मनोज कुमार आर्य, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

व्यापारियों के आवास का किराया 10 गुना बढ़ाया

संवाददाता, पंतनगर

रोष

▸▸ विरोध जताकर लगाया सौतेले व्यवहार का आरोप, व्यापारियों ने परिसंपत्ति अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार: विवि परिसर में व्यापारियों के आवासों का किराया गुपचुप तरीके से 10 गुना बढ़ा दिया गया है। इससे आक्रोशित व्यापारियों ने परिसंपत्ति अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उनके साथ सौतेले व्यवहार का आरोप लगाते हुए विरोध जताया।

प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल पंतनगर के पदाधिकारियों ने परिसंपत्ति अधिकारी डॉ. वीर सिंह को सौंपे ज्ञापन में बताया कि विवि परिसर में व्यापारियों के लिए दुकानों और आवासों का किराया जमा करने की तिथि प्रत्येक माह की पहली से 10 तारीख नियत है। माह प्रारंभ होते ही कुछ दुकानदार किराया जमा करने पहुंचे, तो उन्हें पता चला कि इस माह से उनके आवास किराए में 10 गुना की भारी वृद्धि कर दी गई है। जबकि इस किराया वृद्धि का कोई भी कार्यालय आदेश उन्हें नहीं दिया गया और न ही इस वृद्धि से पूर्व व्यापारियों को विश्वास में लिया गया है। दुकानदारों के विषय में निर्णय लेने के लिए विवि में बाजार परामर्श समिति का प्रावधान है। जिसका अनुपालन नहीं किया गया है। यहां शेर बहादुर, विवेक सक्सेना, महिपाल सिंह बिष्ट, अजय चैहान, सुभाष खुराना, दीपक देउपा, मनोज बत्रा, रोहित अरोरा व अनुपम राव आदि मौजूद थे।

परिसंपत्ति अधिकारी को ज्ञापन सौंपते पंतनगर के व्यापारी। ● अमृत विचार

संयंत्र को अन्यत्र शिफ्ट किया जाए

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: आदित्यनाथ झा अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज की भूमि पर संचालित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र को अन्यत्र विस्थापित किए जाने की मांग को लेकर मॉडल कॉलोनी रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटी के लोगों ने नाराजगी जतायी है। विरोध में सोसायटी के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। बाद में इस आशय का एक ज्ञापन जिलाधिकारी उदयराज सिंह को सौंपा।

शुक्रवार को सोसायटी के लोगों ने डीएम को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि कॉलेज की 10 एकड़ भूमि पर नगर निगम की ओर से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र स्थापित किया गया है। जो एक निजी कंपनी के तहत संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस स्थल के चारों तरफ 100 मीटर के दायरे में कॉलेज, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज संस्थान है। इसके अलावा इस क्षेत्र में एक कॉलोनी भी स्थापित है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र के बनाए जाने से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ेगा। साथ ही इससे पड़ने वाले स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य पर गलत प्रभाव पड़ रहा है। जिलाधिकारी ने मामले का संज्ञान लेते हुए उचित कार्रवाई करने का भरोसा दिया है। इस अवसर पर राजेश घई, सुनील ठुकराल, अंकित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

जिलाधिकारी को ज्ञापन देने से पूर्व कलेक्ट्रेट में विरोध जताते सोसायटी के लोग।

संगठन को मजबूत करने का आह्वान

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : उत्तराखंड लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को लगातार तीसरी बार मिली हार के बाद नैनीताल लोकसभा प्रत्याशी प्रकाश जोशी काशीपुर पहुंचे। जहां उन्होंने पत्रकार वार्ता कर चुनाव में हुई हार को स्वीकारते हुए जनता और कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने को कहा। ताकि आगामी चुनावों में कांग्रेस पार्टी मजबूती से वापसी कर सकें।

शुक्रवार को नैनीताल लोकसभा प्रत्याशी प्रकाश जोशी काशीपुर कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। साथ ही उन्होंने पत्रकार वार्ता की। जिसमें उन्होंने कहा कि उन्हें चुनाव लड़ने के लिए काफी कम समय मिला, बावजूद इसके जनता ने उन्हें काफी प्यार दिया। उन्होंने कहा कि हम संगठन को और मजबूत करने का प्रयास करेंगे। इस दौरान अरुण चौहान, अलका पाल, मुक्ता सिंह, मुशर्रफ हुसैन, प्रभाकर शर्मा, इंदुमान, सुशील गुड़िया, राहुल रमनदीप, मयंक शर्मा, अर्पित मेहरोत्रा, जय सिंह गौतम, विमल गुड़िया, हरीश कुमार सिंह, राजू छीना, विकल्प गुडिया, संदीप सहगल, राशिद फारुखी, रवि ढींगरा, गौरव चौधरी, अब्दुल कादिर, अनीस अंसारी, हरीश कुमार एड,, सचिन नादिग, शाह आलम, मोहम्मद आरिफ, हनीफ गुड्डू, प्रदीप जोशी मौजूद रहे।

पत्रकार वार्ता में मौजूद लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी। ● अमृत विचार

पुलिस कर्मियों को मैप माई इंडिया का प्रशिक्षण दिया

यातायात विभाग को प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक, साथ में एसपी यातायात। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: आधुनिक तकनीक के माध्यम से यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस लाइन सभागार में यातायात विभाग को मैप माई इंडिया का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें एसपी यातायात सहित कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

शुक्रवार को एसपी यातायात चंद्रशेखर घोडके की मौजूदगी में पुलिस लाइन सभागार में प्रशिक्षण शुरू हुआ। इसमें मैप माई इंडिया की ओर से आए प्रशिक्षक अनिल शर्मा ने यातायात पुलिस को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि मैप माई इंडिया आधुनिकता के दौर का ऐसा सॉफ्टवेयर है। इसके प्रयोग से यातायात विभाग आसानी से यातायात का डायवर्जन बहुत ही कम समय में कर सकता है। इसके अलावा कम से कम दूरी वाले सुरक्षित मार्ग, गति सीमा, पार्किंग स्थल, ट्रैफिक लाइट, जन सुविधाओं जैसे अस्पताल, रेस्टोरेंट आदि की जानकारी आसानी से मिल सकती है।

सपा ने की यूपी के सीएम से इस्तीफे की मांग

काशीपुर: समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में भाजपा की कम सीटों को मुख्यमंत्री योगी की हार बताया है। समाजवादी पार्टी के अली अनवर ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि योगी को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज की तारीख में अगर उत्तर प्रदेश में चुनाव हों, तो अखिलेश यादव के नेतृत्व में राज्य में सपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बन सकती है। वही बसपा प्रमुख मायावती के अल्पसंख्यकों टिकट न देने के बयान पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष अली अनवर ने कहा कि वह मुफ्त में टिकट नहीं देती है, 2024 के चुनाव में जनता जान चुकी थी कि मायावती भाजपा से मिली हुई है। इसलिए जनता ने भाजपा के साथ-साथ बहुजन समाज पार्टी को भी सबक सिखाया है। इसका नतीजा अयोध्या के साथ-साथ आसपास की सीटों पर भी समाजवादी पार्टी और गठबंधन की जीत हुई है।

नगला बाईपास से किच्छा तक सड़क होगी फोरलेन

पहल

▸▸ पहली किस्त जारी, विधायक बेहड़ ने सीएम और लोक निर्माण मंत्री का जताया आभार

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार: शासन ने किच्छा-नगला सड़क (राज्यमार्ग-44) को फोरलेन बनाने की स्वीकृति दे दी है। साथ ही प्रदेश सरकार ने इसके लिए 91.15 लाख रुपये मंजूर करते हुए पहले चरण का कार्य पूरा करने के लिए 10 लाख रुपये की धनराशि भी जारी कर दी है। इसके लिए क्षेत्रीय विधायक तिलकराज बेहड़ ने सीएम और लोक निर्माण मंत्री का आभार जताया है।

विधायक बेहड़ ने एक प्रेस को जारी बयान में बताया कि किच्छा-नगला मार्ग को फोरलेन बनाए जाने की मांग वह लंबे समय से कर रहे थे। इस संबंध में उन्होंने कई बार राज्य सरकार को पत्र लिखे, और व्यक्तिगत रूप से भी लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज से मिले। इसके परिणामस्वरूप राज्य सरकार ने इस मार्ग को फोरलेन बनाए जाने की मंजूरी दी है। इसका शासनादेश भी जारी कर दिया गया है। इसके तहत राज्य सरकार ने 15.20 किलोमीटर डबल लेन सड़क को फोर लेन में परिवर्तित करने की स्वीकृति दी है। पहले चरण का आंगणन, जिसकी कुल लागत 91.15 लाख रुपये है।

बेहड़ ने बताया कि इस सड़क के फोरलेन होने से यहां के निवासियों को जाम और होने वाले सड़क हादसों से काफी हद तक निजात मिलेगी और हल्द्वानी जाने वाले यात्रियों के लिए भी सफर आसान होगा।

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम VED PRAKASH SON OF ARJUN DAS OR ARJUN LAL से बदलकर VED PRAKASH CHHABRA SON OF ARJUN LAL CHHABRA रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। VED PRAKASH CHHABRA SON OF ARJUN LAL CHHABRA, निवासी वार्ड नंबर-1 गुरुद्वारा, गदरपुर, जिला-उधम सिंह नगर (उत्तराखंड)

नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम S O N I K A PUNSHI से बदलकर SONIKA CHHABRA रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। SONIKA CHHABRA WIFE OF VED PRAKASH CHHABADA निवासी वार्ड नंबर 1, गुरुद्वारा, गदरपुर, जिला-उधम सिंह नगर (उत्तराखंड)।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

जागरूकता एसपी सिटी रुद्रपुर ने कोतवाली में की गोष्ठी

सूद खोरी को लेकर लोगों को सचेत किया

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: विगत कुछ समय पूर्व सूद खोरी को लेकर एसआईटी गठित होने के बाद शुक्रवार को एसपी सिटी रुद्रपुर ने काशीपुर कोतवाली में एक गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में कुंडा, जसपुर, आईटीआई समेत अन्य स्थानों से आए लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान गोष्ठी में एसपी सिटी ने लोगों को सूद खोरी की आड़ में रुपये हड़पने वाले लोगों की शिकायत पुलिस से करने को कहा।

शुक्रवार को कोतवाली परिसर में आयोजित गोष्ठी में एसपी सिटी रुद्रपुर मनोज कत्याल ने बताया कि जसपुर, रुद्रपुर समेत कई स्थानों पर ब्याज में रुपये देने की आड़ में लोगों से जमीन हड़पने व अधिक रुपये लेने के कई मामले सामने आए हैं। जिसके बाद विगत दिनों सूदखोरों के खिलाफ एक एसआईटी का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि सूदखोरों के झांसे में लोग न आए, इसके लिए आज एक जागरूक गोष्ठी का आयोजन किया गया है। साथ ही लोगों को सूद खोरी करने वालों की जानकारी देने की भी अपील की है। उन्होंने बताया कि सूदखोरी के मामले में तीन आरोपी पुलिस के रडार पर है। जल्द ही सूदखोरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान गोष्ठी में कोतवाल आशुतोष सिंह, जसपुर कोतवाल हरेंद्र चौधरी, एसआई मनोज जोशी, राजेंद्र प्रसाद समेत कई लोग मौजूद रहे।

काशीपुर कोतवाली में लोगों को जानकारी देते एसपी सिटी मनोज कत्याल। ● अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

सड़क हादसे के आरोपी कैंटर चालक पर मुकदमा

काशीपुर : कैंटर की टक्कर से बाइक सवार पेट्रोल पंप कर्मी की मृत्यु के मामले में पुलिस ने भाई की तहरीर के आधार पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। ग्राम लाडपुर सैमरा, तहसील स्वार जिला रामपुर निवासी विजय सिंह ने आईटीआई थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई बाजपुर रोड स्थित एक पेट्रोल पम्प पर गाड़ियों में पेट्रोल भरने का कार्य करता था। बीती 5 जून की रात्रि वह अपनी ड्यूटी समाप्त कर अपनी बाइक से अपने घर लाडपुर सैमरा जा रहा था। तभी रास्ते में जैतपुर मोड़ से आगे गुरुनानक फिलिंग स्टेशन के सामने एक कैंटर के चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन को चलाते हुए उसके भाई की बाइक में सामने से टक्कर मार दी। हादसे में उसके भाई की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

950 ग्राम गांजे के साथ दिव्यांग युवक गिरफ्तार

जसपुर : जसपुर-भगवंतपुर रोड स्थित बाग के किनारे स्कूटी पर बैठा युवक गांजा बेच रहा था, तभी पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। उसके कब्जे से 950 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहम्मद हासिम निवासी ईदगाह रोड, जसपुर बताया। कोतवाल हरेंद्र चौधरी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया। आरोपी युवक दिव्यांग है। वह रामनगर से गांजा लाकर बेचता था।

असम पुलिस ने शांतिपुरी नंबर-2 से आरोपी स्वर्णकार को उठाया

पंतनगर : शुक्रवार की देर शाम शांतिपुरी नंबर-दो पहुंची असम पुलिस ने यहां सोने चांदी की दुकान खोलकर व्यापार कर रहे निरंजन साह को गिरफ्तार कर लिया, और अपने साथ असम ले गए। निरंजन साह कुछ वर्ष पूर्व असम में किसी स्वर्णकार के शोरूम में गहने बनाने का काम करता था। इसी दौरान उसने वहां के स्थानीय लोगों से मेलजोल बढ़ाया और उनके पैसे किसी कंपनी में लगवा दिए। कंपनी कुछ दिन बाद अपना कारोबार समेट कर फरार हो गई। इसके बाद कंपनी में पैसे लगाए लोगों ने कंपनी प्रबंधन सहित निरंजन साह के खिलाफ धोखाधड़ी के तहत केस दर्ज करवा दिया। मामले की तहकीकात के दौरान निरंजन का पता खोजते हुए शुक्रवार की शाम असम पुलिस की तीन सदस्यीय टीम पंतनगर से सटे शांतिपुरी नंबर दो तक पहुंच गई। टीम ने पंतनगर थाने में आमद दर्ज करवाने के बाद शांतिपुरी नंबर-दो में दबिश दी और निरंजन साह को उसकी दुकान से गिरफ्तार कर लिया।

विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दी

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: अज्ञात कारणों के चलते महिला ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।

विमलेश।

ग्राम रजपुरा नंबर-दो निवासी विमलेश (28) पत्नी राजीव कुमार ने कमरे के अंदर पंखे से फांसी लगा ली। वहीं घटना की सूचना पर बन्नाखेड़ा चौकी की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार मृतका के देवर रिंकू ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे वह अपनी दुकान से घर आया तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। खटखटाने पर भी जब दरवाजा नहीं खोला तो उसने लात इत्यादि मारकर दरवाजे की कुंडी तोड़ दी। कमरे के अंदर उसकी भाभी एक पंखे में रस्सी से लटकी हुई थी जिसे उतारकर तत्काल बाजपुर के निजी चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की जानकारी से मायके वालों में भी कोहराम मच गया और मायके वाले भी ग्राम हजीरा बरहैनी बाजपुर से मौके पर पहुंच गए। वहीं पुलिस ने रस्सी को कब्जे में ले लिया है। बताया गया कि ग्राम हजीरा निवासी हीरा लाल ने अपनी बेटी विमलेश की शादी करीब आठ वर्ष पहले राजीव कुमार के साथ की थी।

मार्ग दुर्घटनाओं में युवक व युवती घायल

बाजपुर : अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में एक युवक व एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। गुरुवार की देर रात्रि लगभग दस बजे ग्राम थापकनगला निवासी राजेंद्र (50) पुत्र बूढ़ सिंह घर से बाइक पर बच्चों को इटावा में स्थित एक गुरुद्वारा साहिब में मेला दिखाने के लिए जा रहे थे। इसी बीच ग्राम हजीरा के समीप तेज रफ्तार कार की लाइट आंखों पर पड़ गई और राजेंद्र की बाइक से जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दौरान राजेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद कार चालक मौका पाकर फरार हो गया। दूसरी घटना शुक्रवार की प्रात: करीब सात बजे गड़री नदी के पुल के समीप हुई। इसमें ग्राम नंदपुर नरकाटोपा निवासी शाहनाज हुसैन (28) पुत्री अशफाक हुसैन स्कूटी से बेरिया की तरफ जा रही थी। इसी बीच गडरी नदी पुल के समीप अचानक सामने से कुत्ता आ गया जिसके चलते स्कूटी अनियंत्रित होकर फ्लाइओवर से टकरा गई और गंभीर रूप से घायल हो गई।

किच्छा पुलिस ने किया बाइक चोर गिरोह का खुलासा, वाहन चेकिंग के दौरान मिली सफलता

चोरी की 8 बाइकों के साथ तीन आरोपी दबोचे

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: कोतवाली पुलिस की टीम ने चोरी की 8 बाइकों के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए वाहन चोर गिरोह का खुलासा किया है।

कोतवाली परिसर में मामले का खुलासा करते हुए एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोड़के एवं एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि किच्छा क्षेत्र में लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओं पर प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया था। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम हल्द्वानी मार्ग पर बेनी मजार के निकट वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मौके पर बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों ने पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया। शक होने के बाद पुलिस ने तीनों युवकों को पीछा कर पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस की पूछताछ में अपना नाम पता गोल गेट, थाना पंतनगर निवासी सुकुम सिंह, आबिद अली उर्फ छन्नू और बेनी कॉलोनी, थाना पंतनगर निवासी कृष कुमार बताया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों से विगत दो मई को किच्छा के गुंजन पैलेस बारात घर में आयोजित विवाह समारोह से चोरी हुई स्प्लेंडर बाइक को भी बरामद कर लिया। एसपी क्राइम चंद्रशेखर ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर तमाम क्षेत्रों से चोरी की गई सात अन्य बाइकों को भी बरामद कर कब्जे में ले लिया। आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

किच्छा में बरामद बाइकें एवं आरोपियों के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

टीम में ये रहे शामिल

कोतवाल सुंदरम शर्मा, वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद जोशी, उप निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह नेगी, उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह, उप निरीक्षक राजेंद्र पंत, अपर उप निरीक्षक जगदीश मेहरा, कांस्टेबल त्रिलोक पांडे, महिला कांस्टेबल खष्टी पाठक, महिला कांस्टेबल मोनिया शामिल रहे।

फूड सप्लाई करने वाली छह फर्मों पर छापे

सभी फर्मों में 13 फीसदी की टैक्स चोरी पकड़ी, करना था 18 फीसदी टैक्स जमा, दे रहे थे सिर्फ 5 फीसदी टैक्स

संवाददाता, रुद्रपुर

04 फर्मों का प्रतिवर्ष टर्नओवर 20 से 25 करोड़ रुपये तक है

05 से 7 करोड़ रुपये का टर्नओवर है दो फर्मों का

अमृत विचार: राज्य कर विभाग की विशेष अनुसंधान शाखा (एसआईबी) ने रुद्रपुर में सिडकुल की फैक्ट्रियों में फूड सप्लाई करने वाली छह फर्मों पर छापा मारा। फर्मों में 13 फीसदी की जीएसटी चोरी पकड़ी गई है। टीम ने फर्मों से कई जरूरी कागजात अपने कब्जे में लेकर टैक्स चोरी की छानबीन शुरू कर दी है। टीम को इन फर्मों में करोड़ों की टैक्स चोरी होने की संभावना है। टीम की कार्रवाई से फर्म स्वामियों में हड़कंप मच गया है। वहीं टीम ने सभी फर्मों को नोटिस भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

राज्य कर विभाग के अपर आयुक्त राकेश वर्मा और ज्वाइंट कमिश्नर ठाकुर रणवीर सिंह के निर्देश पर राज्य कर की एसआईबी टीम ने एसआईबी के डिप्टी कमिश्नर विनय प्रकाश ओझा के नेतृत्व में गुरुवार को अटरिया रोड, अटरिया मंदिर के पीछे और आवास विकास में सिडकुल की फैक्ट्रियों में फूड सप्लाई करने वाली चार फर्मों में छापा मारा। यहां टीम ने जब छानबीन की तो टैक्स चोरी पकड़ी गयी। इन चारों फर्मों का प्रतिवर्ष टर्नओवर 20 से 25 करोड़ रुपये तक है।

अटरिया रोड पर एक फर्म में जांच करती राज्य कर विभाग की एसआईबी टीम। ● अमृत विचार

सभी फर्मों से लिया जाएगा जीएसटी चोरी का हिसाब

रुद्रपुर : एसआईबी के डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि जीएसटी लागू होने के कारण वर्ष 2017-18 और वर्ष 2018-19 तक सभी फर्में 18 फीसदी का जीएसटी टैक्स जमा करती थी, लेकिन इसके बाद से इन फर्मों ने 5 फीसदी ही टैक्स जमा करना शुरू कर दिया और 13 फीसदी जीएसटी टैक्स की चोरी करने लगे हैं। उन्होंने बताया कि अब फर्म स्वामियों को नोटिस भेजकर पूछा जाएगा कि पहले 18 फीसदी जमा करते हैं अब 5 फीसदी टैक्स क्यों जमा किया जा रहा है। इसके साथ ही फर्मों से 13 फीसदी जीएसटी टैक्स चोरी का हिसाब लिया जाएगा।

वहीं टीम ने कार्रवाई जारी रखते हुए शुक्रवार को अटरिया रोड पर फूड सप्लाई करने वाले दो और फर्मों में छापा मारा। यहां भी टैक्स चोरी पकड़ी गई है। इन दोनों फर्मों का टर्न ओवर प्रतिवर्ष 5 से 7 करोड़ रुपये का है। एसआईबी के डिप्टी कमिश्नर विनय प्रकाश ओझा ने बताया कि जब फर्मों के कागजातों की जांच की गयी थी इसमें 13 फीसदी की जीएसटी चोरी पकड़ी गयी है। उन्होंने बताया कि नियमानुसार इन फर्मों को 18 फीसदी जीएसटी टैक्स जमा करना चाहिए थे, लेकिन सभी फर्म मात्र 5 फीसदी ही जीएसटी टैक्स जमा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि यह टैक्स चोरी करोड़ों में हो सकती है। अभी कार्रवाई जारी है। सभी फर्मों के कागजातों के मिलाने के बाद टैक्स चोरी की राशि तय की जाएगी। इस अवसर पर एसआईबी के असिस्टेंट कमिश्नर राहुल कांत, राज्य कर अधिकारी अनिल चौहान, विश्वजीत सिंह आदि शामिल रहे।

एक माह पहले ऑनलाइन चेकिंग में पकड़ी गई फर्मों में टैक्स चोरी

रुद्रपुर : एसआईबी के डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि एक माह पहले ऑनलाइन जीएसटी टैक्स की चेकिंग के दौरान टैक्स चोरी के यह मामले पकड़ में आये हैं। उन्होंने बताया कि टैक्स चोरी की संभावना पर करीब 10 से 12 कंपनियों को डाटा निकाला गया और फिर सर्वे किया गया। इसके छह फर्मों को चिह्नित किया गया। इसके बाद ही इन फर्मों में कार्रवाई की गई है।

ड्रॉप बॉक्स से चेक बदलने वाला गैंग रुद्रपुर में सक्रिय

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: लोगों की मेहनत की कमाई को चुराने के लिए चोर नये-नये तरकीब निकाल रहे हैं। शहर में एक गैंग ऐसा सक्रिय हो गया है जो बैंक में रखे जाने वाले ड्रॉप बॉक्स से चेक निकाल लेते हैं और केमिकल लगाकर खाता व धनराशि को बदल कर भुगतान अपने खाते में कर डालते हैं। इसी प्रकार का एक मामला भी शहर में आया है।

शहर के एक कारोबारी की पत्नी ने बैंक के ड्रॉप बॉक्स में दो चेक डाले। कुछ दिन बाद जब संबंधित खाते में चेक का भुगतान नहीं हुआ तो बैंक से जानकारी मिली तो चौंकाने वाला मामला सामने आया। जांच में पाया कि जिस चेक को ड्रॉप बॉक्स में डाला गया था और चेक पर खाता संख्या अंकित था। उसी चेक में खाता संख्या बदल कर करीब छह लाख का भुगतान किया गया है और जिस व्यक्ति के नाम का खाता है वह पंजाब के तरनतारन का रहने वाला है और उसके नाम से जम्मू में एक खाता खुला है।

इसी खाते में चेक का भुगतान हुआ है। जिसके बाद संबंधित महिला ने मामले की शिकायत साइबर पुलिस से की। इसके बाद यह आशंका जताई जा रही है कि शहर में एक ऐसा गैंग सक्रिय हो गया है। जिसको ड्रॉपबॉक्स गैंग के नाम से जाना जा सकता है, जबकि पुलिस प्रकरण को लेकर अनभिज्ञता जता रही है और बैंक प्रबंधन भी मामले में चुप्पी साधे हुए हैं।

चर्चा है कि मामले को लेकर बैंक प्रबंधन ने आपसी समझौता भी कर लिया है। लेकिन सवाल यह उठता है कि वास्तव में ड्रॉप बॉक्स गैंग सक्रिय है तो इस पर नकेल कसना बहुत जरूरी हो जायेगा, क्योंकि अक्सर ड्रॉप बॉक्स में चेक डालकर खाता धारक निश्चित हो जाता है और तभी यह गैंग सक्रिय होता है।

मामला

- पंजाब का है गैंग, जम्मू में खोल रखा है खाता
- चेक में खाता बदलकर किया लाखों का भुगतान

विद्युत कटौती रोकने की मांग उठाई

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अघोषित विद्युत कटौती व लो वोल्टेज की समस्या को लेकर अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। साथ ही उन्होंने कहा कि जल्द समस्या का निदान नहीं हुआ तो युवा कांग्रेस मोर्चा उग्र आंदोलन को बाध्य होगा।

शुक्रवार को युवा कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष राहुल रमनदीप काम्बोज व महासचिव अनित मार्कण्डे के नेतृत्व में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता के कार्यालय पहुंचे। इस दौरान अधिशासी अभियंता को सौंपे ज्ञापन में उन्होंने कहा कि शहर में अघोषित विद्युत कटौती की समस्या बढ़ गई है। इस समस्या के कारण आम जनता को अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। विद्यार्थियों की पढ़ाई, व्यापारिक गतिविधियां और घरेलू कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। कुछ वार्डों में वोल्टेज की समस्या के कारण उपकरण आदि भी फुंक रहे हैं। उन्होंने अघोषित विद्युत कटौती बंद करने व लो वोल्टेज की समस्या का समाधान करने की मांग की। इस दौरान लवदीप सिंह, ललित मोहन, मनीष शर्मा, मौ. सुहेल, तुषार गुप्ता, अक्षित शर्मा, साहिल रजा, जतिन शर्मा, कामिल, शहजाद अंसारी आदि मौजूद रहे।

अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपते युवा कांग्रेस के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

घर के बाहर टहल रहे युवक पर हमला

काशीपुर: घर के पास चहलकदमी करते युवक को सात लोगों ने घेरकर उस पर हॉकी, बेल्ट, बल्ले व धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज किया है। गंगे बाबा रोड मोहल्ला किला निवासी नाजिम रजा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र राकित बीती 5 जून की रात्रि अपने घर के बाहर सड़क पर टहल रहा था, तभी अरसान व नाजिम उर्फ कछुआ निवासी ढेला बस्ती, दीपक, फैजान निवासी, जीशान, अमन, अरमान निवासी पुष्प बिहार ने एक राय होकर उसके पुत्र पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।

डॉक्टर ने इमरजेंसी में घायल की नहीं की एंट्री

लापरवाही

- गैस बॉयलर फटने से घायल हुआ था सिडकुल कर्मी
- पीएमएस ने लगाई इमरजेंसी डॉक्टर को फटकार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: जिला अस्पताल की इमरजेंसी कक्ष में मनमानी का आलम यह है कि तैनात चिकित्सक बॉयलर फटने से घायल कर्मी का प्रारंभिक उपचार तो करते हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के नियम भूल जाते हैं। बताया जा रहा है कि इमरजेंसी के डॉक्टर ने घायल को कंपनी प्रबंधन के सुपुर्द कर हायर सेंटर रेफर कर दिया लेकिन इसकी कोई भी जानकारी रजिस्टर में दर्ज नहीं की और न ही पुलिस को कोई मैमो भेजा। जब इसकी जानकारी पीएमएस को हुई तो उन्होंने फटकार लगाते हुए एक रिपोर्ट मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को भेजी।

घायल कर्मचारी।

शुक्रवार की दोपहर को सिडकुल की एक कंपनी में काम करते वक्त अचानक गैस बाउलर फट गया। इसकी चपेट में आकर जहां सिडकुल कर्मी बुरी तरह से झुलस गया, वहीं लोहे के टुकड़े लगने के कारण घायल भी हो गया। खून से लथपथ घायल को कंपनी प्रबंधन आनन-फानन में गोपनीय तरीके से जिला अस्पताल की इमरजेंसी ले गए और जहां तैनात डॉक्टर ने प्रारंभिक उपचार कर घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

इमरजेंसी में तैनात मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर ने घायल की कोई भी जानकारी इमरजेंसी के रजिस्टर में दर्ज नहीं की और न ही सिडकुल पुलिस को हादसे से संबंधित मैमो भेजा। इसके बाद घायल सिडकुल कर्मी कौन था और उसकी क्या स्थिति है। इसकी जानकारी न ही पुलिस के पास है और न ही इमरजेंसी में दर्ज है। जब इस मनमानी की खबर पीएमएस डॉ.आरके सिन्हा को हुई तो वे तत्काल इमरजेंसी पहुंचे और डॉक्टर सहित स्वास्थ्य कर्मी को फटकार लगाते हुए इसकी लिखित सूचना प्राचार्य को भेजी।

> शुक्रवार को सिडकुल कंपनी में तैनात गंभीर रूप से घायल सिडकुल कर्मी को प्रबंधन द्वारा जिला अस्पताल की इमरजेंसी कक्ष में लाया गया था। जहां तैनात डॉक्टर द्वारा उपचार करने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया, जबकि रेफर करने के दौरान ही मरीज या घायल की जानकारी रजिस्टर में दर्ज की जाती है और हादसे व घटना की सूचना पुलिस को देना भी अनिवार्य होता है। ऐसे में घायल की एंट्री नहीं करना लापरवाही को दर्शाता है। इसको लेकर पत्राचार किया गया है। ऐसे लापरवाह जूनियर चिकित्सकों को संवेदनशील स्थानों पर तैनात नहीं किया जाएगा।
> -डॉ आरके सिन्हा, पीएमएस

सुखद | विगत एक माह में बीमार होने वाले जानवरों की 10 से 20 ओपीडी में आई कमी

गर्मी लोगों के लिए आफत, जानवरों को राहत

- दो माह पूर्व तक प्रतिदिन आती थी 50 से 70 ओपीडी, अब आ रही प्रतिदिन 40 से 50 ओपीडी

अजीत प्रताप गोस्वामी, काशीपुर

अमृत विचार : तराई में भीषण गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। भीषण गर्मी में चल रही लू लोगों के स्वास्थ्य को खराब कर रही है। इसी को देखते हुए अस्पतालों में 20 से 30 फीसदी मरीज की ओपीडी बढ़ गई है। वहीं दूसरी ओर जानवरों में गर्मी का असर देखने को नहीं मिल रहा है। जानवरों की ओपीडी में आई कमी से पशु चिकित्सक खुश होने के साथ ही हैरान भी है।

विगत वर्ष गर्मी के दिनों में लंपी वायरस के चलते पशु चिकित्सक जानवरों के स्वास्थ्य को लेकर काफी चिंतित थे। वहीं इस वर्ष हो रही भीषण गर्मी से जहां लोगों को उल्टी, दस्त, बुखार जैसी बीमारियां से ग्रसित हो रहे हैं। वहीं जानवरों में गर्मी का असर दिखता नजर नहीं आ रहा है।

इसके साथ काशीपुर पशु चिकित्सालय में जानवरों में की ओपीडी में विगत दो माह में 20 फीसदी तक की गिरावट आई है। दो माह पूर्व प्रतिदिन काशीपुर पशु चिकित्सालय में 50 से 70 ओपीडी आया करती थी, लेकिन मौजूदा समय में ओपीडी घटकर 40 से 50 तक पहुंच रही है।

काशीपुर ब्लॉक में 34 हजार पशु हैं पंजीकृत

काशीपुर : काशीपुर पशु चिकित्सालय से मिली जानकारी के अनुसार केंद्र द्वारा पांच वर्षों में पशुओं की गणना का कार्य किया जाता है। 2018 में हुई पशुओं की गणना में काशीपुर ब्लॉक में 34 हजार पालतु पशु पंजीकृत किए गए थे। इसमें गाय, भैंस, बकरी, कुत्ता आदि शामिल हैं।

एलडी भट्ट अस्पताल में बढ़ी मरीजों की ओपीडी

काशीपुर : भीषण गर्मी के चलते विगत दो माह में काशीपुर के एलडी भट्ट अस्पताल में मरीजों की ओपीडी में बढ़ोतरी हुई है। दो माह पूर्व अस्पताल में औसतन तीन सौ ओपीडी आ रही थी, लेकिन मौजूदा समय में उल्टी, दस्त व बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ने से अस्पताल की ओपीडी 350 तक पहुंच रही है।

> जानवरों में गर्मी का असर इस साल अभी तक देखने को नहीं मिला है। बीते दो माह में अस्पताल में आने वाले जानवरों की ओपीडी में भी कमी देखी गई है। इससे पशु चिकित्सकों में काफी खुशी है।
> - डॉ. मुकेश दुम्का, पशु चिकित्सक, काशीपुर।

विदेश भेजने के नाम पर युवक से हड़पे लाखों रुपये

रुद्रपुर : विदेश भेजने के नाम पर एक युवक से लाखों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि युवक द्वारा पुलिस को तहरीर देने के बाद भी जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो पीड़ित ने एसएसपी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की। खेड़ा कॉलोनी निवासी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि आठ माह पहले एक युवक से विदेश भेजने के नाम पर 2.30 लाख रुपये हड़पने की घटना हुई थी। आरोप था कि आरोपी द्वारा वास्तविक दस्तावेज और रकम वापस करने का दबाव बनाया गया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देने लगा। उन्होंने बताया कि मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गई, लेकिन आठ महीने चक्कर काटने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित युवक ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जिस पर एसएसपी ने कोतवाल को जांच के आदेश दे दिए हैं।

शिष्य से कुकर्म के आरोपी बाबा को 20 साल की सजा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: अपने नाबालिग शिष्य के साथ कुकर्म करने वाले मंदिर के मुख्य पुजारी को कोर्ट ने शुक्रवार को 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 55 हज़ार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने बताया कि बाजपुर थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने थाने में 10 मई 2022 को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा था कि करीब तीन वर्ष पहले उसकी ग्राम हैड़ाखान मल्ला पोस्ट देवली थाना मुक्तेश्वर निवासी बाबा गणेशानन्द जोशी उर्फ़ गणेश दत्त से भेंट हुई। उसने बताया कि वह इस समय कालाढूंगी में पाटकोट शिवमंदिर का मुख्य पुजारी है। कहा कि वह उसके बेटे को सुधारकर गुरुकुल वृन्दावन में दाख़िला करा देगा। बाबा के बहकावे में आकर उसने अपने 11 वर्षीय नाबालिग बेटे को साथ में भेज दिया। वहां अत्यधिक परेशान होने पर बेटा मंदिर से भागकर घर आ गया। बेटे ने रोते हुए बताया कि बाबा दिन भर काम कराता था और रात को उसके साथ कुकर्म करता था। पुलिस ने बालक का मेडिकल करवाया जिसमें उसके साथ कुकर्म की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने दुराचारी बाबा को गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया। पॉक्सो न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने बाबा को 20 वर्ष का कठोर कारावास और 30 हज़ार रुपये जुर्माना, धारा 377 आईपीसी के तहत 10 वर्ष का कठोर कारावास और 25 हज़ार रुपये जुर्माना, धारा 323,506 आईपीसी के तहत एक-एक वर्ष के कठोर कारावास की सज़ा सुनाई। साथ ही जुर्माने की धनराशि में से 40 हज़ार रुपये पीड़ित नाबालिग बालक को देने को कहा। न्यायाधीश ने सरकार से कहा है कि पीड़ित बालक को क्षतिपूर्ति के रूप में 3 लाख रुपये दिए जाएं।

एक नजर

ईश्वर ही सत्य है, समस्त संसार मिथ्या है

काशीपुर : ग्राम गढ़ीनेगी में चल रहे सत्संग में स्वामी श्री हरि चैतन्यपुरी महाराज ने कहा कि ईश्वर ही सत्य है, समस्त संसार मिथ्या है। परमात्मा को प्राप्त सत्पुरुष में दिखने वाले गुण भी सत् है। जैसे सद्गुण, सद्भाव, सद्विचार, सदव्यवहार व सत्यभाषण इत्यादि। जिसमें यह सब है वह सत्पुरुष हैं तथा ऐसे सत्पुरुषों, उनके विचारों या सदाचारों का संग ही सत्संग है।

महाविद्यालय में प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश शुरू

खटीमा : हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रथम सेमेस्टर की प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने के साथ ही शुक्रवार को 400 प्रवेशार्थियों की सूची जारी कर दी गई है। प्रवेश समिति प्रमुख एवं मुख्य सलाहकार डॉ. आशुतोष मिश्रा ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए समर्थ पोर्टल में रजिस्ट्रेशन कराया है उनके प्रवेश शुरू हो गए हैं। विद्यार्थियों को ओरिजनल डॉक्यूमेंट्स लेकर कॉलेज बुलाया गया है।

20 लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार

जसपुर : पुलिस ने रवि उर्फ डंपी निवासी ग्राम तालबपुर को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ कार्य अधिनियम के तहत मुकदमा कायम कर उसका चालान कर दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में कांस्टेबल अरुण कुमार, राजकुमार आदि शामिल रहे।

7 वर्ष बाद मिला अन्तर्मण्डलीय स्थानान्तरण का लाभ

जसपुर : उत्तराखंड राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता विमल चौहान उर्फ मंत्री ने कहा कि राज्य के शिक्षकों की वर्षों पुरानी मांग अन्तर्मण्डलीय स्थानान्तरण का लाभ 7 वर्ष बाद मिल पाया है। उन्होंने कहा कि प्रांतीय कार्यकारिणी के अनुरोध पर शिक्षा मंत्री की सहमति मिलने पर शिक्षा विभाग ने इसका प्रस्ताव बनाकर शासन को प्रेषित किया था। अब शासन से अनुमति मिल गई है और शुक्रवार को एसओपी जारी कर दी गई है। इससे अन्तर्मण्डलीय स्थानांतरण चाहने वाले शिक्षकों में खुशी है।

124 ग्राम स्मैक के साथ तीन तस्कर दबोचे

चेकिंग के दौरान थाना पुलिस को बरा चौकी क्षेत्र में मिली बड़ी कामयाबी, आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

किच्छा में मामले का खुलासा करते एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके एवं उपस्थित पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: पुलभट्टा थाना पुलिस ने तीन नशा तस्करों को 124 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तीनों आरोपी नानकमत्ता क्षेत्र से स्मैक लाकर किच्छा- पुलभट्टा क्षेत्र में बेचने की फिराक में थे। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

मामले का खुलासा करते हुए एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके ने बताया कि थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने देर रात्रि चौकी बरा क्षेत्र अंतर्गत बैगुल पुल के पास बिना नंबर प्लेट लगी डिस्कवर बाइक तथा एक अन्य बाइक पर सवार तीन संदिग्ध युवकों को रोका। उन्होंने बताया कि पुलिस ने डिस्कवर बाइक सवार ग्राम सिरोंजा, थाना नानकमत्ता निवासी लखविंदर सिंह के कब्जे से तलाशी के दौरान करीब 52 ग्राम स्मैक बरामद की। जबकि दूसरी बाइक पर सवार ग्राम नया गांव सिसैयां, थाना सितारगंज निवासी सरताज अहमद के कब्जे से 50 ग्राम एवं ग्राम सिरोंजा, थाना नानकमत्ता निवासी स्वर्ण सिंह से करीब 22 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पुलिस ने बाइक सवार तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उनके द्वारा स्मैक की खेप नानकमत्ता क्षेत्र से खरीदी गई थी और तीनों आरोपी नशे के आदी लोगों को स्मैक बेचने के लिए किच्छा एवं पुलभट्टा क्षेत्र में आ रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बरामद बाइक को सीज करते हुए आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। मौके पर एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल भी मौजूद रहे। आरोपियों को पकड़ने वाली पुलिस टीम में थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट के साथ उप निरीक्षक पंकज कुमार, उप निरीक्षक धीरज वर्मा, कांस्टेबल धर्मवीर सिंह, कांस्टेबल रविंद्र सती, कांस्टेबल इंद्रप्रकाश, कांस्टेबल महेंद्र बिष्ट, कांस्टेबल दीपक कुमार एवं कांस्टेबल अनिल कुमार शामिल रहे।

पंतनगर में जियो टॉवरों से सात बैट्रियां चोरी

पंतनगर, अमृत विचार : विवि परिसर में चोरों ने विवि परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए एक ही रात में रिलायंस जियो तीन टॉवरों से सात बैट्रियां चोरी कर लीं। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी की धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गल्ला मंडी रुद्रपुर निवासी और रिलायंस जियो में अधिकारी आयुष दुबे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 28 मई को पंतनगर विवि परिसर स्थित सरोजनी भवन और विवेकानंद भवन छात्रावासों के पास स्थापित रिलायंस जियो के टावरों सहित मुख्य जियो टॉवर से सात बैट्रियां चोरी हो गईं। पंतनगर विवि परिसर की सुरक्षा के लिए एक सुरक्षाधिकारी व तीन सहायक सुरक्षा अधिकारियों सहित करीब चार सौ सुरक्षा गार्ड नियुक्त हैं। बावजूद इसके चोरियों पर कोई अंकुश नहीं है। करीब तीन माह पूर्व एक ही रात तीन बंद घरों के ताले तोड़कर हुई चोरियों का मामला खुल नहीं पाया कि चोरों ने एक ही रात सात बैट्रियों पर हाथ साफ कर सुरक्षा विभाग को चुनौती दी है। वहीं तहरीर मिलते ही सक्रिय हुई पंतनगर पुलिस ने ताबड़तोड़ दबिश देकर आस पास क्षेत्र सहित रामनगर से कुछ संदिग्धों को उठाया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। उम्मीद है कि पुलिस जल्द पंतनगर में हुई चोरियों का खुलासा करेगी।

रुद्रपुर में कोतवाली इलाके से बाइक-ट्रैक्टर चोरी

रुद्रपुर, अमृत विचार : पुलिस की सुस्त कार्यशैली के कारण शहर में चोरों के हौसले बुलंद हैं और वाहन चोरी की घटनाओं में इजाफा होने लगा है। शहर में अब चोरों ने एक बाइक व एक ट्रैक्टर को चुराकर पुलिस को चुनौती दी है। फूड डिलीवरी कर्मी सचिन गंगवार ने बताया कि छह जून की दोपहर 12 बजे वह एक कॉम्प्लेक्स में डिलीवरी देने गया था और बाइक संख्या यूके-06 बीडी-09932 को बाहर खड़ा किया था। थोड़ी देर बाद जब लौटा तो बाइक गायब थी। इसके अलावा कोतवाली रुद्रपुर इलाके के ग्राम बडौरा निवासी सद्दीक अहमद ने बताया कि 28 मई की रात्रि को उसने अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली को घर के बाहर खड़ा किया था और जब सुबह आकर देखा तो ट्रैक्टर गायब था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। उधर, कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटनास्थल की सीसीटीवी के आधार पर पुलिस जांच कर रही है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

जंगल में शौच गए वृद्ध को बाघ ने किया घायल

संवाददाता, खटीमा

दहशत

▸▸ बुजुर्ग की पीठ पर बाघ ने मारा पंजा, अस्पताल में कराया उपचार

अमृत विचार: चकरपुर में पास के जंगल में शौच करने गए बुजुर्ग पर बाघ ने हमला कर घायल कर दिया।

चकरपुर निवासी छोटे सिंह राना (70) शुक्रवार की सुबह वनखंडी शिव मंदिर चकरपुर के पीछे जंगल में शौच करने गया था। लौटते समय झाड़ी में बैठे बाघ ने बुजुर्ग पर पीछे से हमला कर दिया। बुजुर्ग की चीख पुकार पर मंदिर में मौजूद लोग घटनास्थल की ओर दौड़े तो बाघ बुजुर्ग को छोड़कर जंगल की ओर चला गया। बुजुर्ग की पीठ पर बाघ ने पंजा मारा है। ग्रामीणों ने बाघ के हमले की सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलने पर पुलिस के साथ ही वन बीट अधिकारी टेक चंद, विपिन कुमार, संजीव कुमार, सुभाष चंद व कृष्णा सिंह मौके पर पहुंच गए। वन विभाग की टीम ने मौके पर मौजूद लोगों को घटनास्थल से दूर कर मौका मुआयना किया लेकिन उन्हें वहां बाघ के पैरों के निशान नहीं मिले। घायल को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने बुजुर्ग को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया।

ट्रक चालक को सात साल का कारावास

संवाददाता, खटीमा

फैसला

▸▸ ट्रक की टक्कर में बाइक सवार की मौत का मामला

अमृत विचार: जिला सत्र न्यायालय ने चार साल पहले ट्रक की चपेट में आकर एक व्यक्ति की हुई मौत के मामले में आरोपी चालक को सात साल की सजा और दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

दीपक भारद्वाज ने प्रतापपुर चौकी को सौंपी तहरीर में बताया था 28 जुलाई 2020 को लगभग आठ बजे वह अपने पिता मदन लाल के साथ मोटरसाइकिल संख्या यूपी25 वीपी 1556 से अपने घर जा रहे थे। सदासरिया चौराहे के पास लापरवाही और तेज गति से चलते हुए ट्रक संख्या यूके06सीए 2065 ने टक्कर मार दी जिसमें वह छिटक गया और चोटें आईं जबकि उसके पिता मदनलाल की मौके पर ही मौत हो गई जो कि बाइक चला रहे थे। बाद में पुलिस ने ट्रक चालक शेर सिंह निवासी हजीरा, हरिपुरा, हरसान, बाजपुर को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय अपर सेशन में सुनवाई और गवाहों के बयानात के बाद न्यायाधीश मंजूनाथ मुंडे ने अभियुक्त शेर सिंह के खिलाफ दोषसिद्ध पाते हुए सजा सुनाई। उन्होंने अभियुक्त को धारा 279 के अपराध में छह माह का साधारण कारावास और एक हजार जुर्माना, धारा 337 के अपराध में छह माह का साधारण कारावास और 500 रुपये जुर्माना सुनाया। जुर्माना अदा न करने पर 15 दिन का अतिरिक्त कारावास की सजा भोगनी होगी। वहीं धारा 304 के भाग दो में सात साल की सजा और 10 हजार रुपये का जुर्माना सुनाया है। जुर्माना अदा न करने पर छह माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भोगनी होगी। तीनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी और जेल में रहने की अवधि समायोजित की जाएगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सौरव ओझा ने पैरवी की।

आरएएन के 4 विद्यार्थियों ने नीट-2024 में पाई सफलता

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: आरएएन विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर चुके चार विद्यार्थियों ने नीट-2024 की परीक्षा में बेहतर अंकों से सफलता प्राप्त की है। जिस पर विद्यालय प्रबंधन ने मेधावियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

प्रबंधक मोहित राय ने बताया कि नीट-2024 में विद्यालय के होनहार विद्यार्थी निर्भय चौधरी ने 720 में से 687, गर्व सिलास ने 720 में से 633, इशांक अरोड़ा ने भी 720 में से 625 और प्रीति रंजन 608 अंक प्राप्त कर सफलता प्राप्त की। विद्यालय के संस्थापक सेवानिवृत्त विंग कमांडर एचके राय, प्रधानाचार्य भावना भनोट ने अभिभावकों से वार्ता कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

रुद्रपुर में नीट परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थी। ● अमृत विचार

नीट में अर्थ सिंह बिष्ट को मिली 412 वीं रैंक

काशीपुर : नीट यूजी 2024 के परिणामों में काशीपुर के अर्थ सिंह बिष्ट ने पहले प्रयास में ऑल इंडिया 412वीं रैंक प्राप्त की है। इससे पूर्व वह जेईई मेन्स सेशन-2 की परीक्षा भी 99 .93 परसेंटाइल के साथ पास कर चुके हैं।काशीपुर के मानपुर रोड निवासी अर्थ हल्द्वानी में अपनी ननिहाल में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। अर्थ ने इसी वर्ष हल्द्वानी के गुरु तेग बहादुर सीनियर सेकेंडरी स्कूल से 12 वीं की परीक्षा पास की है। छात्र अर्थ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नीट में 412 वीं रैंक के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने 720 अंकों में से 710 अंक प्राप्त किए हैं। अर्थ इसी वर्ष जेईई मेन्स की परीक्षा भी 99 .93 परसेंटाइल अंकों के साथ उत्तीर्ण कर चुके हैं। मां जानकी बिष्ट ने बताया कि अर्थ ने कोई कोचिंग नहीं ली है।

देव भाटिया ने किया नेट क्वालीफाई

किच्छा : भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं गुरुकुल विद्यालय के प्रबंधक दिनेश भाटिया के पुत्र देव भाटिया ने नीट 2024 की परीक्षा में 720 अंकों में से 680 अंक प्राप्त कर परिवार का नाम रोशन किया है। देव भाटिया ने बताया कि उनकी शुरू से ही इच्छा समाज सेवा करने की रही है। पुत्र की उपलब्धि से पिता दिनेश भाटिया भी उत्साहित हैं। देव भाटिया की सफलता पर व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला, व्यापारी नेता गुलशन सिंधी, भाजपा नेता लवी सहगल, पूर्व सभासद प्रहलाद खुराना आदि ने उन्हें बधाई दी है।

दो माह से लापता छात्रा बरामद, आरोपी भी धरा

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: नाबालिग छात्रा को बहला फुसलाकर भगाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस ने किशोरी को भी बरामद कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

आईटीआई थाना क्षेत्र अंतर्गत हिम्मतपुर निवासी एक महिला ने बीती 3 अप्रैल 2024 को प्रातः करीब 8 बजे स्कूल को कहकर निकली उसकी 15 वर्षीय पुत्री की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान पुलिस को महिला ने बताया कि ग्राम कादलपुर थाना दनकौर नोएडा निवासी शिवकुमार उर्फ छोटू का उसके घर पर आना जाना था। साथ ही युवक पर महिला ने उसकी पुत्री को अपने साथ भगा कर ले जाने का शक भी जताया था। पुलिस ने अपहर्ता की तलाश हेतु मुरादाबाद, ठाकुरद्वारा, बिजनौर, दिल्ली, नोएडा आदि स्थानों में दबिश दी तथा सीसीटीवी फुटेजों का अवलोकन करते हुए काशीपुर रोडवेज बस स्टेशन से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से किशोरी को भी बरामद कर लिया है। उसका पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराया। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित संबंधित धाराओं में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक प्रकाश सिंह बिष्ट, कांस्टेबल जितेंद्र सिंह नेगी आदि शामिल रहे।

पंतनगर व देहरादून में मास्टर्स-पीएचडी की प्रवेश परीक्षा आज

पंतनगर : गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मास्टर्स और पीएचडी पाठ्यक्रमों में वर्ष 2024-25 के लिए प्रवेश परीक्षा शनिवार को आयोजित की जाएगी। देहरादून और पंतनगर (दो) परीक्षा केंद्रों पर प्रात: 10 से दोपहर एक बजे तक आयोजित होने वाली इस प्रवेश परीक्षा में करीब 13 सौ प्रवेशार्थी परीक्षा देंगे। इसके अलावा स्नातक स्तर (यूजी) के पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा 16 जून को प्रात: 10 से एक बजे तक पंत विवि सहित प्रदेश के 19 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। इसमें करीब एक हजार प्रवेशार्थी शामिल होंगे। इसके लिए पंतनगर में छह, देहरादून में चार, पिथौरागढ़ में दो, अल्मोड़ा में दो, हल्द्वानी में तीन, ऋषिकेश व श्रीनगर में एक-एक परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। एमसीए की प्रवेश परीक्षा भी 16 जून को पंतनगर विवि परीक्षा केंद्र पर आयोजित होगी। जिसमें करीब सौ प्रवेशार्थी शामिल होंगे।

जागरूकता एक्शन एंड एसोसिएशन ने चलाया हस्ताक्षर अभियान, कहा कि प्राकृतिक संसाधन जीवन के लिए मूल्यवान

पर्यावरण बचाने के लिए रैली निकालकर किया जागरूक

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार: एक्शन एंड एसोसिएशन के तत्वावधान में ग्राम खटोला में पर्यावरण दिवस पर रैली निकालकर, गोष्ठी व हस्ताक्षर अभियान से लोगों को जागरुक करते हुए पौधारोपण किया गया। लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए एक वृक्ष लगाने का संकल्प लिया।

शुक्रवार को खटोला प्रधान एडवोकेट मुकेश राणा ने अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि नदी, तालाब, नौलों एवं स्रोतों का संरक्षण कर जल को बचाना हम सबका दायित्व है। उन्होंने एक्शन एंड एसोसिएशन द्वारा पर्यावरण दिवस पर किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। जंगपांगी रौतेला ने कहा विश्व पर्यावरण दिवस हमें याद दिलाता है कि हमारी धरती और प्राकृतिक संसाधन कितने मूल्यवान हैं। वृक्ष ही हमें ऑक्सीजन प्रदान करते और जलवायु को संतुलित रखते हैं। बिमला देवी ने कहा कि पानी का संकट पहाड़ों से तराई तक पहुंच चुका है। जिले की लीडरशिप महिलाओं द्वारा अपने संगठनों के साथ गांव-गांव में जाकर पानी बचाओ अभियान चलाया जा रहा है। तारा देवी ने कहा तराई क्षेत्र में पानी का जलस्तर दिन प्रतिदिन गिरता जा रहा है, जो चिंता का विषय है। संचालन अनिल रौतेला व धर्म सिंह ने किया। इस मौके पर तारा देवी, बीघा देवी, जसोदा देवी, सरस्वती देवी, निशा, जानकी, सावत्री, गीता, ललिता देवी, पार्वती, गुड्डों देवी, सुनीता देवी, बिमला देवी ,सरिता देवी, पुष्पा देवी, सुनील कुमार, पवन सिंह, तरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

खटोला में पर्यावरण दिवस पर जागरूकता रैली निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

भक्तों के दल को रवाना करते भक्त। ● अमृत विचार

मां वैष्णो देवी की ज्योत लाने के लिए रवाना हुए भक्त

काशीपुर : हर साल की तरह इस साल भी मां वैष्णो देवी की दिव्य ज्योत लाने के लिए ढकिया गुलाबो से भक्तों के दल को रवाना किया गया। शुक्रवार को ढकिया गुलाबों से मां वैष्णो देवी के लिए महिपाल सिंह प्रजापति व उनके साथियों को दिव्य ज्योत लाने के लिए रवाना किया गया। सचिव जय मां भारती जसोदा शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर महिलाओं ने मां वैष्णो देवी के मंगल भजन गाए। अरुण शर्मा और मयंक भारद्वाज ने बताया कि इस उपलक्ष्य में एक भव्य जागरण का आयोजन 10 जून को किया जाएगा।

नानकसागर में प्लास्टिक फ्री इंडिया अभियान चलाते सिटी कान्वेंट स्कूल के कैडेट्स।

सिटी कॉन्वेंट के कैडेट्स ने चलाया प्लास्टिक फ्री अभियान

खटीमा : सिटी कॉन्वेंट स्कूल की यूके 78 बटालियन हल्द्वानी की सब यूनिट के कैडेट्स ने पर्यावरण दिवस पर पुनीत सागर अभियान प्लास्टिक फ्री इंडिया ग्रीन प्लेनेट थीम पर नानकमत्ता के नानक सागर में जाकर सफाई अभियान चलाया। कैडेट्स ने वनों को आग से बचाने के लिए नुक्कड़ नाटक भी आयोजित कर लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर आर्मी सीनियर डिवीजन एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट प्रकाश सिंह बिष्ट, आर्मी जूनियर डिवीजन एएनओ थर्ड ऑफिसर नीता उपाध्याय, पीआई सतीश नाथ गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

सितारगंज में पौधे वितरित करते श्री गुरु तेग बहादुर वेलफेयर ट्रस्ट के सदस्य।

पेड़ पौधे लगाकर धरती को बचाएं

सितारगंज : श्री गुरु तेग बहादुर वेलफेयर ट्रस्ट ने फूड सेवा के एक वर्ष पूर्ण होने पर श्रीरामलीला परिसर में पौधरोपण किया। साथ ही लोगों को पौधे वितरित किए। ट्रस्ट के कार्यकारिणी सदस्य सुखवीर सिंह बेदी ने कहा कि पेड़ पौधे लगाकर धरती को बचाएं। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी महेश मित्तल, सोप्रीत सिंह भाटिया, हरप्रीत सिंह, गुरविंदर सिंह, बलजीत सिंह, खजान कक्कड़, गुरुतेज सिंह पन्नू, गुरुप्रीत सिंह, राजेश मित्तल, गुरमीत सिंह आदि मौजूद रहे।

नि :शुल्क चिकित्सा परामर्श एवं औषधि वितरण मोबाइल वैन के साथ संचालक।

मेडिसिन मोबाइल वैन का संचालन शुरू

शक्तिफार्म : टैगोर नगर में अंकुर फाउंडेशन एवं करम इंडस्ट्री सितारगंज के सौजन्य से मेडिसिन मोबाइल वैन का संचालन शुक्रवार से शुरू हो गया है। अंकुर फाउंडेशन के प्रोग्राम मैनेजर दीपक कुमार ने कहा कि मेडिसिन मोबाइल वैन द्वारा सितारगंज विधानसभा के प्रत्येक गांव में जाकर नि :शुल्क डॉक्टरी परामर्श दिया जाएगा। साथ ही दवा भी नि :शुल्क वितरित की जाएगी। मोबाइल औषधि वितरण वैन के शुभारंभ पर सुनील विश्वास, सुबीर सरकार, रवि मजूमदार, विक्रम सिंह भंडारी, अशोक मंडल आदि मौजूद थे।

कनोरा गांव के दो मजदूरों के बेटों का भारतीय सेना में चयन

बाजपुर : गांव कनोरा के दो मजदूरों के बेटों का भारतीय थल सेना में चयन हुआ है। 6 महीने की ट्रेनिंग के बाद जब दोनों जवान कमल किशोर पुत्र देव नारायण पाल और असीम शेख पुत्र सिराज अली वापस अपने गांव कनोरा पहुंचे तो ग्रामीणों ने गाजे बाजे के साथ फूलमाला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। इससे उनके माता-पिता की आंखें नम हो गईं। इस दौरान असीम शेख ने बताया कि मैं एक मजदूर परिवार से हूं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया। वहीं कमल किशोर ने कहा कि लक्ष्य बनाकर मेहनत करने से सफलता जरूर मिलती है। इस दौरान रविंद्र कुमार, नदीम शेख, हाजी अमीर अहमद, क्षेत्र पंचायत सदस्य नाजिम, पूर्व बीडीसी सूरजपाल, सलीम पधान, मुनव्वर अली, वीर सिंह सैनी, मनोज पाल आदि मौजूद थे।

बाबा फुलसंदे को चांदी का मुकुट पहनाते अनुयायी। ● अमृत विचार

बाबा फुलसंदे को पहनाया चांदी का मुकुट

काशीपुर : एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा धर्मार्थ सेवा समिति के तत्वावधान में बाबा फुलसंदे वालों का हनु राठी व वीरमती राठी ने चांदी का मुकुट पहना कर स्वागत किया।बाबा फुलसंदे वालों ने अपने प्रवचनों में कहा कि 11 जून से 20 जुलाई तक कल्प व्रत निर्जल व्रत का काल प्रारंभ हो रहा है। सभी निर्जल व्रत रखें। बीमार लोग फल वाले व्रत रख सकते हैं। सत्संग से पूर्व आज सत्पुरुष बाबा फुलसंदे वालों एवं उनके अनुयायियों ने रामलीला के गेट पर शरबत वितरण किया। सत्संग में सत्पुरुष बाबा फुलसंदे वालों ने कहा कि सभी को परमात्मा की आराधना करनी चाहिए, राष्ट्र एवं धर्म की रक्षा के लिए तत्पर तैयार रहना चाहिए। इस अवसर पर प्रदीप मिश्रा, राजीव राठी, मुकेश चौधरी, रिटायर इंस्पेक्टर मटरू लाल पुष्कर, पार्षद विजेंद्र पाल सिंह, ऋषिपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, धनपति कुबेर, राहुल देवता, सोहंग देवता आदि उपस्थित थे।

जीवन बचाने को हिमालय का संरक्षण जरूरी

कोसी-कटारमल स्थित जीबी पंत पर्यावरण संस्थान में विशेष व्याख्यान कार्यशाला का किया गया आयोजन

बोले विशेषज्ञ

- विशेषज्ञों ने कहा, हिमालय हमारे लिए है रक्षक
- पानी के साथ ही कई जरूरी वनस्पतियां भी कराता है उपलब्ध

संवाददाता, अल्मोड़ा

जीबी पंत पर्यावरण संस्थान में आयोजित व्याख्यान श्रंखला में मौजूद प्रतिभागी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : गोविंद बल्लभ पंत हिमालयी पर्यावरण संस्थान कटारमल विशेष व्याख्यान श्रंखला का आयोजन हाइब्रिड मोड पर किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने हिमालय की महत्ता पर चर्चा की और हिमालय के संरक्षण के लिए गंभीरता से प्रयास करने की बात पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि अगर हिमालय का संरक्षण नहीं किया गया तो मनुष्य को इसके घातक परिणाम भुगतने होंगे।

व्याख्यान कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य सचिव आईएफएस मीनाक्षी नेगी द्वारा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता प्रो. केएस राव ने कहा कि हिमालय हमारे लिए एक रक्षक की भांति है जो हमारी रक्षा और विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति कर रहा है। अगर हिमालय नहीं होता तो हमें काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ता और हमारा अस्तित्व भी खतरे में होता। हमें हिमालय की हर दृष्टि से रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिमालय में काफी औषधीय पौधे पाए जाते हैं जिनका संरक्षण अति आवश्यक है। हमें मिलकर इनके संरक्षण हेतु आगे आने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हिमालयी क्षेत्रों में संसाधनों की कमी बनी हुई है। इसलिए युवा पीढ़ी में हिमालयी और ग्रामीण परिवेश में कार्य करने की सोच विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने शोधार्थियों से भी प्रकृति को समीप जाकर महसूस कर सीखने और आत्मसात करने की अपील की। कहा कि वर्ष 1999 से वर्ष 2021 तक का अध्ययन किया जाए तो जनसंख्या में 20 प्रतिशत प्रति दशक की दर से वृद्धि हो रही है।

प्रो. राव ने हिमालयी राज्यों में फसल उत्पादकता, पलायन और समाज पर इसका प्रभाव, कार्बन पृथक्करण, जंगल की आग, हिमालयी क्षेत्रों में यातायात व समुदायों का संरक्षण और पर्यावरण विनियमन सेवाओं पर जानकारी दी और अपना ज्ञान साझा किया। संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील नौटियाल ने क्षेत्रीय इकाइयों द्वारा हिमालयी क्षेत्रों में किए जा रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों और हितधारकों द्वारा लिए जा रहे लाभों से सबको अवगत कराया तथा संस्थान की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम अध्यक्ष मीनाक्षी नेगी ने संस्थान तथा इसकी क्षेत्रीय इकाइयों द्वारा हिमालयी क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों और जनमानस तक उनकी पहुंच की प्रशंसा की। नेगी ने कहा कि हिमालयी क्षेत्रों में रोजी रोटी और शिक्षा आदि के कारण पलायन दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है जो चिंता का विषय है। कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक आरके सिंह, डा. अरुण जुगरान के अलावा बाथ स्पा विश्वविद्यालय, यूनाइटेड किंगडम, यूनाइटेड किंगडम के विद्यार्थियों समेत संस्थान मुख्यालय, गढ़वाल, हिमांचल, सिक्किम, अरुणांचल तथा लद्दाख क्षेत्रीय केंद्र के लगभग साढ़े तीन सौ कर्मचारियों और शोधार्थियों ने प्रतिभाग किया।

कार बुकिंग के नाम पर युवक से साइबर ठगी

अल्मोड़ा, अमृत विचार : नगर क्षेत्र में कार बुकिंग के नाम पर एक युवक से साइबर ठगी कर करीब पौने दो लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।

अल्मोड़ा नगर के मल्ला जोशीखोला निवासी मो. इमरोज खान द्वारा कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा गया है कि उन्हें किराए पर कार बुकिंग करनी थी। गूगल पर सर्च करने के बाद उन्हें शिव कार रेंटल सर्विस नामक एक कंपनी मिली और उन्होंने उससे संपर्क किया। उन्हें कंपनी की साइट से सर्विस कॉलर का एक फोन आया और फोन करने वाले व्यक्ति ने बुकिंग से संबंधित कई जानकारियां और उनके खातों से संबंधित कुछ जानकारी भी मांगी।

पीड़ित ने तहरीर में बताया है कि कॉल आने के कुछ देर बाद उनके खाते से एक-एक कर पहले 78 हजार फिर 39999, 35738 और 19212 रुपये निकाल लिए गए। इस बारे में जब उन्होंने फिर कंपनी के नंबरों पर बात करने की कोशिश की तो संपर्क नहीं हो पाया। जिसके बाद उन्हें ठगी का एहसास हुआ।

बीईओ मामले में विरोध जारी रखेगा शिक्षक संघ

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : मिनिस्टीरियल संवर्ग के अधिकारियों को खंड शिक्षा अधिकारी और उप खंड शिक्षा अधिकारी का प्रभार दिए जाने के विभागीय प्रस्ताव के विरोध में शिक्षक संघ एकजुट हो गया है। शिक्षक संघ ने तय किया है कि विभाग के इस प्रस्ताव के विरोध में निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी।

विभाग के इस प्रस्ताव के विरोध में संगठन ने लक्ष्मेश्वर स्थित शिक्षक भवन में एक बैठक का आयोजन किया। बैठक के दौरान राजकीय शिक्षक संघ, राजकीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ तथा राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के सदस्यों ने दो प्रस्तावों पर अपनी सहमति दी। शिक्षक नेताओं ने विकासखंडों में उप शिक्षा अधिकारी तथा खंड शिक्षा अधिकारी का प्रभार तथा प्रशासनिक अधिकार शैक्षिक संवर्ग के बजाय मिनिस्टीरियल संवर्ग को दिए जाने के विभागीय प्रस्ताव का एक स्वर से विरोध किया। पदाधिकारियों ने प्रांतीय कार्यकारणी से मांग करते हुए कहा कि उप शिक्षा अधिकारी पद पर बेसिक संवर्ग के वरिष्ठतम प्रधानाध्यापक और खंड शिक्षा अधिकारी पद पर माध्यमिक संवर्ग के वरिष्ठतम प्रधानाचार्य के लिए पदोन्नति के अवसर खोलते हुए प्रभार प्रदान किए जाने के लिए संघर्ष की रूपरेखा तय की जाए। अगर प्रांतीय कार्यकारणी ऐसा करती है तो तीनों शिक्षक संगठन प्रांतीय नेतृत्व को तन, मन, धन से अपना पूरा समर्थन देंगे। बैठक में शिक्षकों की समान समस्याओं के चयन, प्रोन्नत वेतनमान में एक वेतन वृद्धि, ज्येष्ठ कनिष्ठ वेतन विसंगति, चयन, प्रोन्नत वेतनमान समितियों में गैर सरकारी सदस्यों का मनोयन, स्थानांतरण एक्ट की विसंगतियां आदि पर भी संघर्ष करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

बैठक में राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भारतेंदु जोशी, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संजय बिष्ट, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष किशोर जोशी, जिला मंत्री भूपाल चिलवाल, युगल मठपाल, जगदीश सिंह भंडारी, मदन भंडारी, मीनाक्षी जोशी, बीडी पांडे, जर्नादन तिवारी, सुरेंद्र भंडारी, चंदन सिंह बिष्ट रहे।

सोनी स्थित बिनसर महादेव मंदिर का विहंगम दृश्य।

बिनसर महादेव में 11 जून से होगा यज्ञ का आयोजन

रानीखेत, अमृत विचार : विकासखंड ताड़ीखेत के सौनी स्थित स्वर्गाश्रम बिनसर महादेव मंदिर में होमात्मक यज्ञ एवं श्रीमदशिवपुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन आगामी 11 जून से किया जाएगा। अनुष्ठान व व्यास पूजन तथा पुराण स्थापना के साथ इसका श्रीगणेश होगा। 21 जून को पूर्णाहुति के साथ पारायण होगा। इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। सौनी स्थित सुप्रसिद्ध स्वर्गाश्रम बिनसर महादेव मंदिर में धार्मिक आयोजन के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंदिर के महंत पीठासीन श्री श्री 108 गोवर्धन गिरी महाराज ने बताया कि ब्रह्मलीन श्री 108 मोहन गिरी व रामगिरी महाराज की परंपरा को आगे बढ़ते हुए अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आयोजन में आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद शास्त्री, कथा व्यास स्वामी त्रिभुवन पुरी महाराज को आमंत्रित किया गया है। चंद्रशेखर करगेती व दीप करगेती मुख्य यजमान होंगे। कहां कि 11 दिनों के इस आयोजन में नित्य पूजन, आरती, हवन व भोजन के बाद 21 जून को पूर्णाहुति व भंडारे के साथ पारायण होगा।

ठेकेदारी प्रथा बंद करने की उठाई मांग

अल्मोड़ा : पिथौरागढ़ के बेरीनाग में यूपीसीएल के अस्थाई कर्मचारियों ने ठेकेदारी प्रथा को पूरी तरह बंद करने की मांग की है।

इस संबंध में शुक्रवार को अस्थाई कर्मचारियों ने उप जिलाधिकारी यक्षवीर सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में यूपीसीएल के अस्थाई कर्मचारियों ने कहा है कि वह लंबे समय से अनुबंध के आधार पर ठेकेदार के अधीन कर कार्य कर रहे हैं। लेकिन इस दौरान निगम और ठेकेदार की ओर से कार्मिकों पर काम का अत्यधिक बोझ डाला जा रहा है। जबकि काम के अनुरूप वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिस कारण अस्थाई कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने मांग की है कि उन्हें विभागीय संविदा अथवा स्वयं सहायता समूहों के तहत कार्य पर रखा जाना चाहिए।

नशे के खिलाफ अभियान चलाएं अधिकारी: डीएम

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार: जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने जिले में मादक पदार्थों के प्रभावी रोकथाम और निगरानी के लिए सख्त कदम उठाने को कहा है। उन्होंने पुलिस को निर्देश दिए कि नशे के खिलाफ अभियान चलाकर नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्थानीय स्तर पर जिलाधिकारी ने स्कूलों एवं महाविद्यालयों में भी बृहद रूप से जनजागरूकता कार्यक्रम के आयोजन कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सीएमओ को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चे दवाई का गलत प्रयोग न कर सके इस हेतु मेडिकल स्टोरों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के साथ ही इसका निरीक्षण भी कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि जिले में भांग की खेती के प्रभावी रोकथाम को लेकर राजस्व, पुलिस और वन विभाग संयुक्त रूप से चैकिंग अभियान चलाएं।

पुलिस अधीक्षक अक्षय कोंडे ने जनपद में मादक पदार्थों की निगरानी, भांग एवं पोस्त की अवैध खेती की जॉच, अन्तर्राज्यीय प्रकरणों में जांच, मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान, मादक पदार्थों की अवैध खेती से प्रभावित क्षेत्र में वैकल्पिक विकास, जांच उपकरणों की आवश्यकता, नशामुक्ति पुनर्वास केन्द्र का पर्यवेक्षण के सम्बन्ध में जानकारी दी। बैठक में एसडीएम मोनिका, मुख्य शिक्षा अधिकारी गजेंद्र सिंह सोन, सीओ पुलिस अंकित कण्डारी अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

रेंगल में तेंदुए की दस्तक से दहशत

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : हवालबाग के रेंगल गांव में तेंदुए के पगचिन्ह मिलने के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। ग्रामीणों की सूचना के बाद वन विभाग की टीम ने गांव का दौरा किया और ग्रामीणों को एहतियात बरतने के निर्देश दिए हैं।

वन क्षेत्राधिकारी मोहन राम ने बताया कि इस क्षेत्र में पिछले कई दिनों से तेंदुए की चहलकदमी की सूचना मिल रही थी। बुधवार को तेंदुए ने पहले एक बकरी और और उसी दिन शाम को एक गाय को अपना शिकार बना लिया। जबकि इससे पूर्व भी वह ग्रामीणों के कई मवेशियों को मौत के घाट उतार चुका था। जिसके बाद से पूरे क्षेत्र में खौफ का माहौल बना हुआ है। उन्होंने बताया कि बीते दिवस शिकायत मिलने के बाद वन विभाग की टीम गांव में गश्त करने गई तो उन्हें वहां तेंदुए के पदचिन्ह मिले। इधर ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुए की दहशत से छोटे बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। गांव के सुबह शाम तो दूर दिन भी अकेले घरों से निकलने में डर रहे हैं। लेकिन वन महकमा ग्रामीणों को तेंदुए के आतंक से निजात नहीं दिला पाया है। तेंदुए के आतंक से आजिज ग्रामीणों ने अब वन विभाग के अधिकारियों को एक ज्ञापन भी सौंपा है। जिसमें उन्होंने तेंदुए को पकड़ने के लिए गांव में पिंजरा लगाने की मांग की है।

वर्ग पहेली-94

बाएं से दाएं

1. जिसका संस्कार हुआ हो।

5. 1. जगमगाने की अवस्था या भाव, दमक 2. प्रकाश में होने वाली चमक, चमचमाहट।

7. 1. वनरक्षक, वनमाली, बागवान, (गार्डनर) 2. माला बनाने वाला व्यक्ति 3. बादल, मेघ 4. बहुत घने जंगलों वाला प्रदेश।

ऊपर से नीचे

1. 1. नाजुक 2. जोखिम भरा 3. संकट में फंसा हुआ।

2. विभाजन करने वाला, अलग-अलग हिस्सों में बांटने वाला।

3. 1. धुआं 2. बादल 3. धूमकेतु 4. उल्कापात 5. कोहरा 6. अपच के कारण आने वाली डकार 7. एक ऋषि 8. मकान बनाने के लिए तैयार किया गया स्थान।

4. वह कागज़ जिसपर संपत्ति गिरवी रखने की शर्तें लिखी गई हों।

6. गीदड़ नामक जानवर।



वर्ग पहेली -93 का हल

			1 पु			2 चु
3 अ	व	स	रा	नु	कू	ल
व			भि			बु
पी			ले			ल
ड़			खा		4 वा	
न		5 ठ	गा	ठ	गी	
	6 दी	ग	र		श	

नाबालिग से मारपीट पर मुकदमा हुआ दर्ज

अल्मोड़ा : पालतू जानवरों को चुगाने पर एक किशोरी के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। नाबालिग के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

गरूड़ाबांज तहसील के भनोली निवासी प्रताप सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उनकी भतीजी कंचन बीती शाम अपनी गाय और बकरियों को चुगाने जंगल गई थी। घर लौटते वक्त रास्ते में आरोपी चंदन सिंह ने कंचन के साथ मारपीट की। मारपीट में कंचन की आंख और मुंह में गंभीर चोट आ गई। प्रताप सिंह ने तहरीर में आरोपी से जान की खतरा बताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। दन्या के थाना प्रभारी विजय नेगी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस और एसएसबी जवानों ने नेपाल बार्डर पर की पेट्रोलिंग

संवाददाता, अल्मोड़ा

भारत नेपाल सीमा पर गश्त करते जवान। ● अमृत विचार

अमृत विचार : पिथौरागढ़ में भारत नेपाल सीमा पर पुलिस और एसएसबी के जवानों ने चौकसी बढ़ा दी है। शुक्रवार को भारतीय क्षेत्र में पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने पेट्रोलिंग की। एसएसपी रेखा यादव के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक प्रकाश चंद्र जोशी के नेतृत्व में संयुक्त टीम विभिन्न गांवों में पहुंची। बार्डर के गांवों में टीम के सदस्यों ने ग्रामीणों के साथ बैठक की।

अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीमा पर कोई भी संदिग्ध गतिविधि होने पर इसकी जानकारी पुलिस अथवा सेना के अधिकारियों को देने की बात कही। ग्रामीणों को संदिग्ध लोगों पर नजर रखने, मानव व वन्य जीव तस्करी जैसे मामलों की जानकारी पुलिस को देने को कहा। टीम के अधिकारियों ने कहा कि सीमावर्ती गांव के ग्रामीणों की सुरक्षा में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। एसएसपी रेखा यादव ने बताया कि पुलिस के साथ साथ कस्टम, इंटेलीजेंस ब्यूरो, एलआईयू, एसएसबी के अलावा अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर सीमाओं पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

दौलाघट में शिविर का होगा आयोजन

अल्मोड़ा, अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने बताया कि शासन की प्राथमिकता के अनुरूप सुदुरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने एवं जन समस्याओं का मौके पर निस्तारण किए जाने के उद्देश्य से महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की मंत्री रेखा आर्या की अध्यक्षता में 11 जून को विकास खंड हवालबाग के दौलाघट स्टेडियम में एक शिविर का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने सभी अधिकारियों से इस शिविर में पूरी तैयारी के साथ मौजूद रहने और स्थानीय ग्रामीणों से इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की बात कही है।

सुडोकू -7

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	6		8		9			4
		8				1	2	
5			3	7	1			
	2	3			8		4	
		7				8		
	1		2			3	9	
			9	1	4			3
	8	4				6		
2			5		6		7	

सुडोकू - 6 का हल

9	1	6	3	7	2	8	5	4
3	4	2	9	8	5	6	1	7
5	8	7	6	4	1	3	9	2
6	2	3	4	9	8	1	7	5
4	7	9	1	5	3	2	6	8
1	5	8	2	6	7	4	3	9
7	6	1	8	2	9	5	4	3
8	9	4	5	3	6	7	2	1
2	3	5	7	1	4	9	8	6

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 जून शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 15 .55 तक तत्पश्चात तृतीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 19 .42 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

मेष — आज अधिकारियों के द्वारा आपको प्रोत्साहन मिल सकता है। दिन का उत्तर भाग आपके लिए शुभ रहेगा। पेपरवर्क में सावधानी रखें। विवाह से जुड़ी परेशानियों का निवारण हो सकता है। धार्मिक विषयों को लेकर आपका रुझान बढ़ेगा।

वृष — आज आप काम के बजाय अनावश्यक कार्यों में अपना समय बर्बाद कर सकते हैं। सेहत को लेकर सावधानी रखें। आज धर्म-कर्म की ओर आकर्षित हो सकते हैं। पिता के साथ झगड़ा हो सकता है। अहंकार में आकर किसी को नीचा न दिखाएं।

मिथुन — आज किसी लक्ष्य को लेकर संकल्प ले सकते हैं। पहले किए गए प्रयासों का आपको फल मिल सकता है। सरकारी अधिकारियों से अपने संबंध अच्छे रखें। आप परिस्थितियों को अपने नियंत्रण में रख पाएंगे।

कर्क — आज राजनीतिक लोगों को शत्रुओं से भय हो सकता है। चुपचाप शांत होकर अपना समय व्यतीत करें। विवाह संबंधी चर्चाओं के लिए समय शुभ नहीं है। आप जिन पर बहुत ज्यादा विश्वास करते हैं, वे भी आपकी विशेष मदद नहीं कर पाएंगे।

सिंह — आज जीवनसाथी के साथ की अनबन दूर होगी, किंतु ससुराल पक्ष के लोगों को लेकर कुछ चिंता हो सकती है। प्रेम संबंधों में मर्यादा का ध्यान रखें। ज्यादा भागदौड़ से आपको बचना चाहिए। व्यवसाय में कोई बड़ा ऑर्डर अचानक आपको मिल सकता है।

कन्या — आज विवेकपूर्ण निर्णय लेने से आपको काफी सम्मान मिलेगा। वैवाहिक जीवन आनंदमय रहेगा। व्यवसाय में आपको सहयोगियों के ऊपर निर्भर होना पड़ेगा। दीर्घकालिक योजना बनाने के लिए समय काफी अच्छा है।

तुला — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। विरोधियों के साथ आप संयमपूर्वक व्यवहार करेंगे जिसके कारण संभव है कि आप किसी फंसे हुए मुद्दे को सुलझा लें। किसी गंभीर विषय को लेकर आज आप सोच-विचार कर सकते हैं।

वृश्चिक — आज अति आत्मविश्वास में आकर कोई भी त्वरित निर्णय न लें। गुप्त साधनाओं और विद्याओं की तरफ आपकी रुचि बढ़ेगी, लेकिन आपको भटकाव के बजाय अपने मूल कर्म पर अधिक ध्यान देना चाहिए। संपत्ति निवेश को लेकर आपको ध्यान रखना होगा।

धनु — आज आपको स्वजनों के प्रति अच्छा व्यवहार करना चाहिए। दूरस्थ मित्रों से शुभ समाचार मिल सकते हैं। तकनीकी के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा। आप किसी इंटरव्यू आदि में सम्मिलित हो सकते हैं। जॉब और व्यवसाय में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे।

मकर — आज कानूनी मामलों में आपको सावधानी रखनी चाहिए। लोग आपसे सहयोग लेने की अपेक्षा करेंगे। संतान को लेकर परेशानियां दूर होगी। परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आप अति आत्मविश्वास में आ सकते हैं। किसी को कमजोर समझने की गलती न करें।

कुंभ — आज ऐसे कार्यों से बचें, जो आपका मनोबल गिराते हों। रिश्तेदारों के कारण आप कुछ व्यथित हो सकते हैं। छोटी-छोटी गलतियों को नजरअंदाज न करें। आप किताबें पढ़ने में रुचि ले सकते हैं। आप कार्यक्षेत्र में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

मीन — आज दोस्तों से आपको काफी संबल मिलेगा जिससे आपको नई शुरूआत करने की प्रेरणा भी मिलेगी। आपको अपने व्यक्तिगत जीवन को सबसे ज्यादा समय देना चाहिए। आपको घूमने भी जाना चाहिए। आप अपनी गलतियों पर गहराई से विचार कर सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
अकेले हम अकेले तुम — सुबह : 09 .54
चाइना गेट — रात : 07 .00

&pictures
लगान — सुबह : 10 .26
फुकरे 3 — रात : 08 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

SONY PIX
जॉन विक — दोपहर : 12 .00
द मैकेनिक — रात : 07 .34

ZEE CINEMA
सर्कस — सुबह : 10 .53
इंटरनेशनल राउडी — शाम : 05 .13

colors CINEPLEX
डुप्लीकेट — सुबह : 11 .19
ओएमजी 2 — रात : 08 .49

जोक्स ऑफ द डे

ग्राहक- वैसे आपके होटल में सफाई बहुत ध्यानपूर्वक की जाती है।
मैनेजर (खुश होकर) - धन्यवाद! आपको किस बात से ऐसा आभास हुआ।
ग्राहक- ऐसा आभास जब हुआ, किसी ने होटल में घुसते ही मेरी जेब की सफाई कर दी।

पति (शादी के बीस साल बाद)- शादी से पहले मैं और तुम एक-दूसरे को देखने के लिए कितने बेचैन रहते थे।
पत्नी- अरे छोड़ो, पुरानी गलतियों को याद करने से क्या फायदा।

पंचैव पूजयन् लोके यश : प्राप्नोति केवलं।
देवान् पितृन् मनुष्यांश्च भिक्षून् अतिथि पंचमान् ॥

देवता, पितर, मनुष्य, भिक्षुक तथा अतिथि-इन पांचों की सदैव सच्चे मन से पूजा-स्तुति करनी चाहिए। इससे यश और सम्मान प्राप्त होता है।

संपादकीय

शिक्षा क्षेत्र में सुधार

पिछले दशक में हमने शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक परिवर्तनों पर ध्यान केन्द्रित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह बयान क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में जी-20 देशों के बीच भारत के सर्वोच्च वृद्धि दर्ज करने के बाद आया है। शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी ने शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक परिवर्तन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। उल्लेखनीय है कि दुनियाभर की 1500 यूनिवर्सिटी का सर्वे करने के बाद वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2025 जारी की गई है। वर्ल्ड रैंकिंग में भारत के 46 संस्थान शामिल हैं जबकि 2015 में केवल 11 भारतीय विश्वविद्यालय इसमें शामिल थे। इस प्रकार पिछले 10 वर्षों में इस संख्या में 318 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और एशिया में चीन व जापान के बाद सबसे ज्यादा संस्थान भारत के हैं। रैंकिंग के अनुसार भारतीय आईआईटी बॉम्बे और दिल्ली दुनिया के शीर्ष 150 विश्वविद्यालयों में शामिल है जबकि मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) ने 13वीं बार वैश्विक स्तर पर शीर्ष रैंक बरकरार रखी है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग विभिन्न मानदंडों पर संस्थानों का मूल्यांकन करती है जिसमें शैक्षणिक और नियोक्ता प्रतिष्ठा, संकाय/छात्र अनुपात, अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान नेटवर्क और विश्वविद्यालयों के सामाजिक व पर्यावरणीय प्रभाव शामिल हैं। महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री ने सरकार के तीसरे कार्यकाल में शोध और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए और अधिक काम करने की प्रतिबद्धता को दोहराया। वास्तव में भारत में शिक्षा का मात्रात्मक विस्तार तो हुआ है, लेकिन गुणात्मक मोर्चे पर यह अभी भी पीछे है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा लचीले समुदायों का निर्माण करती है और शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक समाज बनाने में योगदान देती है। यह नागरिक जीवन में सहिष्णुता, समझ और सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देती है।

शिक्षा व्यक्तियों को बेहतर नौकरी की संभावनाओं, स्थायी आजीविका और स्वस्थ जीवन शैली के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करती है। यह नवाचार है रचनात्मक सोच को बढ़ावा देती है। हाशिए के समुदायों में रहने वालों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच की कमी है। इसके लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए विभिन्न हितधारकों को शामिल करते हुए एक व्यापक और बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। अब जब प्रधानमंत्री ने घोषणा की है कि आगामी राजग सरकार अगले दस वर्ष में सुशासन, विकास और आम नागरिकों के जीवन में न्यूनतम हस्तक्षेप पर ध्यान केंद्रित करेगी। इसके लिए सभी क्षेत्रों में देश के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है, यह उपयुक्त समय है कि भारतीय शिक्षा प्रणाली को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाया जाए और ऐसा आधुनिक शिक्षण दृष्टिकोण अपनाया जाए जो उत्तरदायी एवं प्रासंगिक हो।

विचारधारा को रूढ़ि बना लेना है जड़ता

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

ये परिस्थितियां ही हैं जिनके कारण पश्चिम में भौतिकवादी दर्शन का जन्म हुआ और वह प्रभावी बन सका तथा भारत में अध्यात्मवाद का जन्म हुआ और वह प्रभावी बना, जो सामान्य परिस्थितियां हैं, उनके कारण दोनों भूमियों में समान विचारों का जन्म और प्रभाव हुआ, लेकिन परिवेश पूरी तरह समान कभी भी नहीं हो सकेगा।

भारत की परंपरा के प्रति नकारात्मक दृष्टि कि यह भी गलत है, यह भी गलत है, यह भी गलत है तथा दूसरे किसी देश को आदर्श बना कर चलना अवैज्ञानिक ही है। मनुष्य सब जगह वही है, मनुष्य की मूल-प्रवृत्ति सब जगह वे ही हैं, अच्छे और बुरे सब जगह हैं, हर जाति में हैं, हर धर्म में हैं। कल्पना करें कि सारा संसार एक ही शासन के अधीन आ जाए तो भी परिवेश की भिन्नता के कारण जीवन की भिन्नता बनी ही रहेगी क्योंकि समानता और भिन्नता प्राकृतिक भी हैं। इसलिए जितने अंशों में वैश्विक अध्ययन की आवश्यकता है, उतनी ही आवश्यकता भारतीय जीवन के अध्ययन की है।

विचारधारा मनुष्य के लिए अथवा मनुष्य विचारधारा के लिए? विचारधारा मनुष्य की ही है और मनुष्य के लिए है। मनुष्य जीवन विचारधारा के लिए नहीं है। विचारधाराओं का केंद्र मनुष्य है। मनुष्य जीवन का केन्द्र विचारधारा नहीं है। कोई भी विचारधारा यदि मनुष्य की गति को बाधित करती है तो वह पैरों की बेड़ी है। मनुष्य की युगयात्रा में न जाने कितनी विचारधाराएं आई थीं, बीत गईं, फिर नई विचारधाराएं आएगी, आती रहेंगी।

किसी भी विचारधारा को रूढ़ि बना लेना जड़ता है। यह तो कोई नहीं चाहेगा कि मनुष्य फिर से पाषाण-युग के अंधेरे में चला जाए! विकास हो, अवश्य हो, पर मनुष्य और प्रकृति का सामंजस्य बना रहे, मनुष्य और मनुष्य के बीच समरसता और सामंजस्य बना रहे। भारतीय मनीषा हाथ उठाकर कह रही है कि जीवन की पूर्णता प्रकृति की समग्रता के बीच है। मनुष्य जीवन प्रकृति रूपी वृक्ष का फल है, प्रकृति से विच्छिन्न नहीं है। बहुत से लोग अमेरिका और पश्चिमी देशों की ओर देखते हैं और बहुत से लोग अभी भी रूस की ओर देखते हैं, सोचते हैं कि भारत का समाज ऐसा ही होना चाहिए। निश्चित ही आज का जीवन ग्लोबल या वैश्विक बन चुका है तथा जो सामान्य परिस्थितियां वैश्विक हैं, उनमें अनेक समानताएं अपने यहां भी होंगी। यह परिवेश का ही प्रभाव है। निश्चित ही जितने अंशों में परिवेश की समानता होगी, उतने अंशों में जीवन की शैली में भी समानता हो सकेगी। जिस तरह के उत्पादन के साधन या टेक्नोलॉजी होंगे, उसी तरह की भाषा भी होगी, संस्कृति भी होगी और मानव व्यवहार भी वैसा ही होगा। इसी के साथ यह भी है कि संसार में जो शक्तियां प्रबल होंगी, वे निर्बल के जीवन को प्रभावित भी करेंगी। चाहेंगी कि विकासशील देशों की व्यवस्था, विकसित देशों और प्रबल शक्तियों के हितों की पूरक हों।

आनुवंशिकता के बाद मनुष्य जीवन का सबसे अधिक प्रभावशाली निर्णायक तत्व परिवेश होता है। परिवेश से ही मनुष्य जीवन की शक्ति प्राप्त करता है। वह परिवेश प्राकृतिक भी होता है, समुद्र, नदी, पहाड़, ऋतु देह और मन दोनों को प्रभावित करते हैं। एक रिसर्चर ने बिहार में रहते हुए बुद्ध की विचार भूमि पर अनुसंधान कार्य किया था और बताया था कि क्यों निर्वाण ही इस विचार सरणि का अंतिम गंतव्य बना? उसने बुद्ध काल की उन परिस्थितियों का विश्लेषण किया है जिनमें अत्यंत कष्टपूर्ण जीवन है।

ये परिस्थितियां ही हैं जिनके कारण पश्चिम में भौतिकवादी दर्शन का जन्म हुआ और वह प्रभावी बन सका तथा भारत में अध्यात्मवाद का जन्म हुआ और वह प्रभावी बना, जो सामान्य परिस्थितियां हैं, उनके कारण दोनों भूमियों में समान विचारों का जन्म और प्रभाव हुआ, लेकिन परिवेश पूरी तरह समान कभी भी नहीं हो सकेगा। रूस तथा यूक्रेन में एक जैसे विचार को लेकर राजसत्ता बनी, किंतु परिवेश की भिन्नता ने दोनों को आमने-सामने कर दिया। गोरे शासकों की शह पाकर जिन्ना ने धर्म की समानता का नारा लगाया था, पूर्वी पाकिस्तान भी पाकिस्तान ही बना था, किंतु परिवेश की भिन्नता ने दोनों को अलग कर दिया। ध्यान में रखने की बात है कि परंपरा भी परिवेश है।

भारत की परंपरा के प्रति नकारात्मक दृष्टि कि यह भी गलत है, यह भी गलत है, यह भी गलत है तथा दूसरे किसी देश को आदर्श बना कर चलना अवैज्ञानिक ही है। मनुष्य सब जगह वही है, मनुष्य की मूल-प्रवृत्ति सब जगह वे ही हैं, अच्छे और बुरे सब जगह हैं, हर जाति में हैं, हर धर्म में हैं। कल्पना करें कि सारा संसार एक ही शासन के अधीन आ जाए तो भी परिवेश की भिन्नता के कारण जीवन की भिन्नता बनी ही रहेगी क्योंकि समानता और भिन्नता प्राकृतिक भी हैं। इसलिए जितने अंशों में वैश्विक अध्ययन की आवश्यकता है, उतनी ही आवश्यकता भारतीय जीवन के अध्ययन की है। देशकाल भिन्न होंगे तो धर्म-संस्कृति का भिन्न होना स्वाभाविक ही है, किंतु यदि उनकी आत्मा पर ध्यान केंद्रित करें तो जो बात सामने आएगी, वह मनुष्य और मनुष्य तथा मनुष्य और प्रकृति के बीच समन्वय के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं है।

हां, धर्म संस्था व्यष्टि और वर्ग स्वार्थ से प्रेरित होती है और धर्म की कुत्सित व्याख्या करना उसका व्यापार होता है। समय बदलने पर वह धर्म विरुद्ध को ही धर्म बतलाती है। लोग रूढ़ि के कारण अधर्म को ही धर्म समझ लेते हैं -अधर्मे धर्म विभ्रमः। मनुष्य जीवन पर आनुवंशिकता का प्रभाव निर्णायक होता है या परिवेश का? मानवशास्त्रियों ने जीवन के दो महत्वपूर्ण निर्णायक तत्व माने हैं-आनुवंशिकता और जीवन का परिवेश। ये दोनों ही तत्व व्यक्ति जीवन को प्रेरित-उत्तेजित-निर्देशित करते हैं। उसे बनाते हैं, आगे बढ़ाते हैं। जीवन को मोड़ देते हैं। कठिनाई आने पर फैसला कर देते हैं। आनुवंशिकता भी एक वास्तविकता है? कुछ कहावतें पढ़ रहा हूं-नानी की टेव धेवती में आईं! मूसे के जाए तो बिले ही खोदेंगे! मछली के बच्चनें तैरबौ को सिखाबै? मनुष्य जीवन पर आनुवंशिकता का प्रभाव निर्णायक होता है या परिवेश का? यह बहस बहुत पुरानी है। आनुवंशिकतावादी-विचारकों का निष्कर्ष है कि आनुवंशिकता ही मनुष्य की प्रतिभा तथा गुणों का निर्णायक तत्व है। शारीरिक मानव शास्त्रियों ने इस प्रश्न को यों सोचा था कि नस्ल जनता की संस्कृति को ढालती है या जनता की संस्कृति नस्ल को?

द्वितीय महायुद्धःनस्लवाद। इस संबंध में नस्लवादियों ने कहा था कि आनुवंशिकता और शारीरिक प्रारूप संस्कृति को निर्धारित करते हैं। राजनीति में आकर यह सिद्धांत अपने उग्र रूप में नात्सीवाद के नस्ली सिद्धांतों में व्यक्त हुआ था। यह औपनिवेशिक शासन का समर्थन करने वाली विचारधारा थी और आगे चलकर द्वितीय महायुद्ध का कारण भी बनी। इसके विपरीत परिवेश वादियों का निष्कर्ष है कि मनुष्य जीवन का निर्णायक तत्व परिवेश है। परिवेशवादियों के भी तीन ग्रुप हैं-भौगोलिक निर्णायकवादीः जो मानते हैं कि भौगोलिक परिवेश मानव शरीर पर ही प्रभावी नहीं है, अपितु संस्कृति का भी निर्णायक तत्व है।

भौगोलिक निर्णायकवाद :अफ्रीका के लोग काले और योरोप के गोरे। दक्षिण के, बंगाल के, नेपाल के, पंजाब के लोगों को देखते ही पहचाना जा सकता है। सांस्कृतिक परिवेशवादी संस्कृति को निर्णायक तत्व मानते हैं जबकि तीसरे ग्रुप के महान दार्शनिक कार्ल मार्क्स कहते हैं कि संस्कृति ही नहीं मनुष्य के सामाजिक संबंधों का निर्णायक तत्व भी उत्पादन प्रणाली और अर्थव्यवस्था है। यह भारतीय संस्कृति की पीड़ा है कि हम आज अपने ही घर में किराएदार बन गए हैं। बाजारवादी संस्कृति ने भारत और इंडिया के बीच गहरी रेखा खींच दी है। दिन रात असंख्य चैनल चल रहे हैं और हमें समझा रहे हैं कि देह ही मनुष्य जीवन का अंतिम सत्य है। देहसुख बाजार का सौदा है, उसे खरीदना जीवन का पुरुषार्थ है। इस सभ्यता के लिए धनवान मनुष्य कंज्यूमर है और सारी प्राकृतिक संपदा तथा निर्धन मनुष्य कच्चा माल है। ऐसे परिवेश में भारत के लोक जीवन की अतीन्द्रिय-अवधारणाओं की पहचान कठिन हो गई है। मनुष्य और मनुष्यता की ही पहचान कौन कर रहा है?

प्रसंगवश

मैं अयोध्या हूं

आज जो अयोध्यावासियों को अपशब्द कह रहें, उनसे बात कर रही हैं अयोध्या जी... मैं अयोध्या हूं। वह अयोध्या जिसने निर्माण और विध्वंस के हजार किस्सों को सरयू के पानी में बहते हुए देखा है। वह सरयू जिसने मेरे हर आंसू को अपने पानी से छिपाया है और मेरी हर खुशी को लहरों की उथल-पुथल से प्रकट किया है।

मैं वह अयोध्या हूं, जो कभी निराश नहीं हुई। मुझे साकेत कहा गया, मुझे कौशल की राजधानी बनाया गया तो मुझे अवध जागीर के फैजाबाद का दिल कहा गया, मगर मैं तो पहले से आखिर तक अयोध्या ही तो हूं। मैं वह अयोध्या हूं जिसके आंगन में राम ने जन्म की पहली थाप दी। मैंने कौशल्या के मां बनने की मुस्कान को देखा है। एक बालक, जिसे अपने भाई बहन से अथाह प्रेम था, उन राम को अपने आंगन में बड़ा होते देखा है। मेरे ही पहलू में गुरु वशिष्ट के वह पाठ भी थे, जिन्होंने कितने ही ऐतिहासिक अध्याय निखारे।

हफीज किदवई
लेखक

मेरे ही सामने तो दशरथ ने गले लगकर राम को अपना उत्तराधिकार दिया। मेरे ही सामने सीता बहु बनकर आईं। मैंने अपने राम का विरह भी तो देखा। यहां सुनो मेरे दर्द की पहली कहानी। राम, जो मेरा मान थे। मेरे ही सीने से दूर किए जा रहे थे, जिसे हमने नाजों से पाला था, उसे वनवास दिया जा रहा था। मैं ही वह अयोध्या थी, जो चीख-चीख कर रो रही थी। मगर राम के एक इशारे पर हमने अपना सारा दर्द सीने में दबा लिया, सारे आंसू सरयू में बहा दिए और आंखे उधर सजा दीं, जिधर से राम को वापिस आना था। इस दुनिया में वह मिट्टी का टुकड़ा भला कौन है जिसने खड़ाऊ के शासन को स्वीकारा। मैं वह अयोध्या थी, जो अपने राम के खड़ाऊ मात्र के सामने झुकी खड़ी रही। हम थे वह अयोध्यावासी जिन्होंने अपने राम के बिना उस सिंघासन पर किसी दूसरे को स्वीकार नहीं किया। हमने वनवास के दर्द को तो वापसी की दीवाली भी देखी है। हमने अपने राम को जन्मते देखा है। हम वह अयोध्या हैं जिसने बुद्ध को देखा है। बुद्ध के युग को देखा है। बुद्ध के प्रताप को देखा है। बुद्ध के ज्ञान को देखा है।

मैं वह अयोध्या हूं जिसने महावीर जैन और तमाम तीर्थंकर को भी देखा है। जैन मुनियों के ज्ञान और विचरण को देखा है। हमने तो अपने पहलू में मुगलों को भी आते देखा है। अपने सीने पर मंदिर बनते, मंदिर टूटते देखा है। मस्जिद बनते, मस्जिद टूटते देखा है, मठ बनते, मठ टूटते देखा है, स्तूप बनते, स्तूप टूटते भी देखा है। हमने नवाबों की हुकूमत भी देखी है। हम हैं अयोध्या जिसने इस देश की हर करवट को बहुत करीब से देखा है, मगर जों नही देखा था, वह अब देख रहे हैं। इतना कुछ बदला, एक से एक हुक्मरान आए, धर्मगुरु आए, विचार आए और गए मगर कभी अयोध्यावासी गाली नहीं खाए।

कभी किसी की हिम्मत नहीं पड़ी की अयोध्यावासियों पर उंगली उठाकर उनके गर्व को धिक्कारे। मैं हूं वह अयोध्या जिससे वनवास जाते राम ने पलटकर कभी एक शिकायत भी नहीं की। हां मैं हूं वह अयोध्या जिसका आंचल सरयू है, उस सरयू में जब राम विलीन हो रहे थे, तब भी किसी ने अयोध्यावासी को अपशब्द नहीं कहे। अयोध्या जो पीड़ा सहती रही है, उसका मोल आजकल की कुर्सी की दीमक क्या ही समझेंगी!

अयोध्या जिस बात पर मुस्कुराती है, उसकी मुस्कुराहट नफरत से भरे दिल भला क्या ही समझेंगे।

मैं फिर कहती हूं, मैं अयोध्या हूं। मुझे बनने से आजतक कभी भी ऐसे अपशब्दों का सामना नहीं करना पड़ा, जो अब हो रहा है। आज एक अदद कुर्सी तुमसे क्या छीनी, तुम छिन्न-भिन्न हो गए। तुम त्यागी अविनाशी अयोध्या को क्या ही जानोगे। सच तो यह है कि मुझे अपशब्द कहने वाले ही मेरे योग्य नही हैं, मगर मैं अयोध्या हूं, तुम्हारे इस दुस्साहस को भी क्षमा करूंगी, क्योंकि मेरा हृदय मेरे राम जैसा है।

मेरे बारे में एक बात और जान लो, मैं तुम्हारे दस रुपये की पानी की बोतल और बीस रुपये के नमकीन और चंद रुपल्ली के टूरिज्म से जीवित नहीं रहती हूं। मैं अयोध्या हूं, तुम जब नहीं थे, मैं तब भी गर्व से जीती थी, अब होकर भी न हो, तब भी गर्व से ही जिऊंगी। मैं और मेरी सरयू का पानी इतना सक्षम है कि हर अयोध्यावासी को हर विपरीत स्थिति में उनका साथ निभाए। मैं कल भी अवधेश के साथ थी, आज भी हूं, कल भी रहूंगी, तुम मेरे पर्याय को कभी नहीं समझोगे। तुम अपने अहंकार, कुर्सी की लालच और नफरत की आग में जलो, मगर मैं दुनिया को मर्यादा, प्रेम, सहिष्णुता, बराबरी और त्याग का संदेश देती रहूंगी। मैं अयोध्या थी, अयोध्या हूं और सदैव अयोध्या रहूंगी।

गठबंधन के दो कमजोर बंधन

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार 1999 में बनी तो एनडीए गठबंधन में 24 दल थे और यह सरकार पांच साल तक चली थी।

देश की जनता ने एक बार फिर एनडीए की सरकार बनाने का जनादेश दिया है। इस चुनावी नतीजे की बुनियादी बात ये है कि आप जनता को और पूरे तंत्र को हल्के में लेंगे और जिस तरह से चाहेंगे, वैसे चलाने की कोशिश करेंगे तो जनता ये शायद पसंद नहीं करती। सबसे बड़ी चुनौती ये है कि मोदी जी के दस साल के कार्यकाल में सत्ता में किसी की भागीदारी नहीं थी, सिवाय खुद प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के। अब वो सत्ता में भागीदारी बढ़ाएंगे, लोगों की सुनी जाएगी तो सरकार चल पाएगी।

2002 से 2024 तक तीन बार मुख्यमंत्री रहते और दो बार प्रधानमंत्री रहते उन्होंने एकछत्र राज किया। अब अचानक तालमेल और सहमति की राजनीति करना एक चुनौती होगी। अब वो इस नई भूमिका को कितना अपना पाते हैं उसी पर इस सरकार का टिकाऊपन निर्भर करता है। यानी सरकार के गठबंधन धर्म का पालन करेंगे और वाजपेयी मॉडल अपनाएंगे तो ये सरकार चला पाएंगे। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार 1999 में बनी तो एनडीए गठबंधन में 24 दल थे और यह सरकार पांच साल तक चली थी। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि गठबंधन में तालमेल बिठाने की वाजपेयी की कुशलता ने पांच साल तक स्थिर सरकार दी।

पिछली सरकार में बीजेपी अपने दम पर 303 सीट जीती थी। ऐसे में एनडीए में शामिल सहयोगी दल पूरी तरह से बीजेपी की मर्जी पर निर्भर थे। बीजेपी नेतृत्व अपने मर्जी के आधार पर छोटे दलों को मंत्री पद मिला था, परंतु इस बार क्षेत्रीय दल बीजेपी एनडीए सरकार में अधिक मोलभाव करने की स्थिति में हैं। नीतीश कुमार का गठबंधन बदलना भारत की राजनीति में ऐसी प्रक्रिया बन गई है, जो हैरान नहीं करती, लेकिन सस्पेंस बरकरार रहता है कि वो किसे कब किंग की भूमिका में ला दें? विपक्ष के पास एक उम्मीद है कि बीजेपी के ये दो दल साइड बदल सकते हैं और यही बीजेपी के लिए चिंता भी होगी। अतीत में नायडू ने केंद्र में तीन सरकारें स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पहली एच डी देवेगौड़ा की संयुक्त मोर्चा सरकार और बाद में 1996-1998 में आई के गुजराल की सरकार, इसके बाद दो बार अटल बिहारी वाजपेयी की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार बनाई।

भारत में गठबंधन राजनीति का शासन और नीति पर मिलाजुला प्रभाव रहा है। एक और गठबंधन सरकारों ने 1990 के दशक की आर्थिक उदारीकरण और यूपीए शासन के तहत सूचना का अधिकार अधिनियम और राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम जैसी महत्वपूर्ण सुधारों और नीतियों का सफलतापूर्वक लागू किया है। दूसरी ओर गठबंधन की गतिशीलता ने कभी-कभी आर्थिक सुधारों, रक्षा खरीद और बुनियादी ढांचा विकास जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर निर्णायक कार्रवाई को बाधित किया है। गठबंधन सरकारों में स्वाभाविक रूप से विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच समझौता और बातचीत की आवश्यकता होती है। यह किसी एकल दल के प्रभुत्व पर अंकुश लगा सकता है जिससे अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी शासन को बढ़ावा मिलता है। सहमति की आवश्यकता अधिक विचारशील और सावधानीपूर्वक निर्णय लेने की प्रक्रियाओं की आड़ ले जा सकता है। एक गठबंधन सरकार में मंत्री पदों का आवंटन अक्सर गठबंधन भागीदारों का समायोजित करने में शामिल होता है। कभी-कभी योग्यता और दक्षता की कीमत पर। इससे शासन की गुणवत्ता और प्रशासनिक दक्षता में समझौता हो सकता है, जो सरकार के समग्र प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है। जहां गठबंधन सरकार तानाशाही को रोकने में महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करती है, वे चुनौतियों से मुक्त नहीं है।

सहमति की आवश्यकता नीति गतिरोध और धीमे निर्णय लेने की प्रक्रियाओं को जन्म दे सकती है। इसके अतिरिक्त, गठबंधन सरकार की स्थिरता अस्थिर हो सकती है, क्योंकि गठबंधन सहयोगियों के बीच असहमति सरकारी अस्थिरता या यहां तक कि पतन का कारण बन सकती है। एक ऐसे युग में जहां लोकतांत्रिक मूल्य बढ़ते खतरे में हैं, गठबंधन सरकारें तानाशाही शासन के खिलाफ एक मजबूत तंत्र प्रदान करती हैं। कई पार्टियों के बीच शक्ति साझा करके और बातचीत तथा उत्तरदायित्व की संस्कृति को बढ़ावा देकर, गठबंधन सरकारें लोकतांत्रिक संतुलन बनाए रखने में मदद करती हैं। यद्यपि उनकी जटिलताएं कम नहीं हैं।

सोशल फोरम

वक्त से मात खा गए

एक्स बिजली कर्मी रहा हूं, लेकिन फिर भी हमेशा डर लगा रहता है कि ऐसा न हो कि हम दोस्त से बिंदास गले मिलकर हाल-चाल पूछें और वो पलटवार कर दे-आप बिजली वालों के राज में जी रहे हैं, बस। बिजली वालों की गलतियों और हिमाकतों को डिफेंड करते-करते हमारी तो बैंड बज चुकी है।

किसी का बिल ठीक कराना टेढ़ी खीर है। बिल ठीक करने वालों ने अपने पिताजी की नहीं सुनी तो हम रिटायर कर्मी की क्या सुनेंगे? जब-जब बत्ती जाती है तो मेमसाब और बच्चे बत्ती वालों की पुंगी बजा देती हैं। लपेटे में हम भी आ जाते हैं। वैसे गर्मियों में बिजली की आवाजाही ज्यादा रहती है। सप्लाई कम और लोड ज्यादा। घर-घर में एयर कंडीशनर लगा है।

वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

बेचारे बिजली कर्मी चाहे तप्ती धूप हो या अंधेरी रात, आंधी हो तूफान, जुटे रहते हैं फाल्ट तलाश कर उसे ठीक करने में। बिजली महंगी होती है तो मोहल्ले के तमाम लोग वाले हमें घूर कर देखते हैं। उस दिन एक मित्र के घर गए। अभी बैठने को हुए ही थे कि बिजली चली गई। कमेंट सुनने को मिल गया लो आप आए और बत्ती गई। हमें याद आता है कि 1963 में लखनऊ की बिजली सप्लाई एक प्राइवेट कंपनी मार्टिन बर्न के हवाले थी जिसका मुख्यालय कलकत्ता में होता था। उन दिनों हम लखनऊ के चारबाग स्टेशन के सामने मल्टी स्टोरी रेलवे कॉलोनी में रहते थे। हमारी कॉलोनी की बिजली रेलवे स्टेशन से जुड़ी थी। मौजां ही मौजां थी।

बिल का पेमेंट पिताजी के वेतन से कट जाता था। छटे-छमाही ही बत्ती गुल होती थी, लेकिन जब जाती थी तो कई-कई घंटे नहीं आती थी। उस जमाने के लोग भी बड़े सब्र वाले होते थे। बर्दाश्त कर लेते थे। उस दौर में न तो हर किसी के घर एयर कंडीशनर था और न हीटर गीजर, न टीवी और न वाशिंग मशीन। रेडियो भी चुनिंदा घरों में था। आजकल तमाम घरों में इंवर्टर जनरेटर लगा है, मगर दस मिनट बिजली न आए तो परेशान हो जाते हैं। अरे भई एयर कंडीशनर तो बिजली से चलेगा, इंवर्टर से नहीं। इधर बिजली से चलने वाले ऐशो आराम के आइटम बढ़ रहे हैं, लेकिन उस हिसाब से बिजली का प्रोडक्शन नहीं। बस बिजली वाले यहीं वक्त से मात खा गए।

-फेसबुक वॉल से

बापू, लोकसभा चुनाव और वाल्मीकियों की उदासी

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

जब राजधानी ने पिछली 25 मई को लोकसभा चुनावों के लिए मतदान किया, तब यहां के मंदिर मार्ग स्थित ऐतिहासिक वाल्मीकि मंदिर में उत्साह और उम्मीद का माहौल था। इस वाल्मीकि मंदिर का गांधी जी से भी गहरा संबंध रहा है। वे यहां रहे थे। यहां पाकिस्तान से भी वाल्मीकि आते रहे हैं। वाल्मीकि मंदिर का कामकाज देखने वाले कृष्ण विद्यार्थी और उनके साथियों को उम्मीद थी कि ईस्ट दिल्ली का चुनाव नतीजा मील का पत्थर साबित होगा। आम आदमी पार्टी (आप) ने वाल्मीकि समाज से संबंध रखने वाले अपने दिल्ली विधानसभा के सदस्य कुलदीप कुमार को गैर-आरक्षित सीट से उम्मीदवार बनाया। जाहिर है यह एक बड़ा फैसला था।

हालांकि जब 4 जून को कुलदीप कुमार की हार की खबर आई, तो कृष्ण विद्यार्थी और वाल्मीकि समाज के दिल टूट गए। एक सफाई कर्मी के पुत्र, कुलदीप कुमार का बचपन कठिनाइयों से भरा था। कुलदीप कुमार का परिवार यूपी के मोदीनगर से है। राजधानी में अधिकांश वाल्मीकि परिवार पश्चिमी उत्तर प्रदेश से या हरियाणा से आकर बसे थे। बापू, 214 दिन और बाबा साहेबः गांधी और बाबा साहेब अंबेडकर को अपना आदर्श मानने वाले कुलदीप कुमार पहले नगर निगम पार्षद बने और फिर विधायक। राजधानी के दिल में स्थित मंदिर मार्ग पर वाल्मीकि मंदिर है, जहां महात्मा गांधी 1 अप्रैल, 1946 से 10 जून, 1947 तक 214 दिनों तक रहे। देशभर के वाल्मीकि समाज के लिए यह बेहद अहम स्थान है।

महात्मा गांधी शाम के वक्त मंदिर से सटी वाल्मीकि बस्ती में रहने वाले परिवारों के बच्चों को पढ़ाते थे। गांधी जी बच्चों को पढ़ाते हुए उन्हें साफ-सुथरा रहने के महत्व को बताते थे। वे अपने उन विद्यार्थियों को फटकार भी लगा देते थे, जो कक्षा में स्वच्छता पर ध्यान नहीं देते थे। स्वच्छता मिशन की शुरूआतः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत 2 अक्तूबर, 2014 को इसी वाल्मीकि मंदिर से की थी। नरेंद्र मोदी ने वाल्मीकि बस्ती में अपने हाथों से झाड़ू लगाकर 'स्वच्छ भारत' अभियान की शुरुआत की थी, जहां पर बापू रहे थे और साफ-सफाई को लेकर बड़े-बच्चों को बताया करते थे।

पाकिस्तान के भी वाल्मीकिः वाल्मीकि मंदिर में भारत के साथ-साथ पाकिस्तान के भी वाल्मीकि और कुछ ईसाई भी पहुंचते रहे हैं कृष्ण विद्यार्थी से मिलने के लिए। ईसाई भी? पाकिस्तान के पंजाब सूबे के ईसाई समाज का अध्ययन करने वाले दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े ब्रदर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि "पाकिस्तान के पंजाब सूबे के लगभग सभी ईसाई मूल रूप से वाल्मीकि थे। वे ईसाई बनने के बाद भी ज्यादातर मामलों में सफाई कर्मी ही हैं। भारत के विपरीत, उनके पास रोजगार या शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण का अभाव है। उनक जीवन में सिर्फ अंधेरा है।" दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने ही सेंट स्टीफंस कॉलेज की स्थापना की थी।

दुर्भाग्य से पाकिस्तान में गांधी जैसा कोई मसीहा नहीं हुआ, जिन्होंने वाल्मीकि समुदाय को मैला उठाने के काम से मुक्ति दिलवाने की दिशा में सोचा हो। अगर भारत में वाल्मीकि समाज को गांधी का सहारा न मिलता तो कुलदीप कुमार जैसे नौजवान अपने पुरखों के काम को ही कर रहे होते। कहने की जरूरत नहीं है कि हिन्दू समाज के सामाजिक पिरामिड में वाल्मीकि सबसे निचले पाएदान पर माने जाते हैं। अपने घर के आसपास की किसी भी वाल्मीकि बस्ती में जाएं तो आपको मालूम चल जाएगा कि यह समाज कितनी विषम परिस्थितियों में जीने के लिए मजबूर है। ये अब भी प्रायः मैला उठाने से लेकर कचरे की सफाई के काम से ही जुड़े हैं। यह इतना महत्वपूर्ण काम भी मेहनत और तन्मयता से करते है, यह देखकर आपके मन में इनके लिए सम्मान के भाव के अतिरिक्त कुछ नहीं आ सकता।

अयोध्या के अवधेश

अयोध्या वालों को कोसना बेकार है। गैर भाजपा से जीतने वाले, अवधेश पासी भी को उन्हीं राम ने बनाया है, जिनने हम सबको बनाया है। राम पर उनका भी उतना ही अधिकार है, जितना किसी और का। संभव है, वे जन्म-जन्मांतर के किसी जीवन में राम के अति निकट रहे हों या कौन जाने इसी जीवन में राम के प्रति उनका सच्चा समर्पण और कठिन साधना रही हो जिसका उन्हें सुफल मिला है। (ध्यान-साधना नितांत व्यक्तिगत एवं गोपनीय चीजें हैं। न इनका बखान किया जाता है, न ही प्रदर्शन।)

ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

राम की आन थी कि जो भी उनकी शरण में आता था, उसकी वे रक्षा करते थे। कहते हैं, जब रामेश्वरम का सेतु बन चुका था और लोग राम के नाम का गुणगान कर रहे थे, उसी समय रावण मंदोदरी को अपनी महिमा दिखाने के लिए मंदोदरी को लेकर समुद्र तट पर आया। उसने एक पत्थर उठाया, उसे मुंह तक ले जाकर कुछ कहा और फिर जब उसे समुद्र में छोड़ा, तो वह पत्थर भी तैरने लगा। मंदोदरी ने यह देखा, तो उसने अतीव विस्मित होकर कहा, "नाथ! आपने कौन सा मंत्र पढ़ा था कि यह पत्थर तैरने लगा।" रावण ने कहा, "मैंने पत्थर के कान में कोई मंत्र नहीं पढ़ा था, बस यह कहा था कि राम यदि तुम्हारा नाम सच्चा है तो तुम्हें अपने नाम की सौगंध है, यह पत्थर भी डूबे नहीं, तैरने लगे।"

संभव है, अवधेश ने भी राम को सच्चे मन से ध्यान कर कुछ ऐसा ही किया हो। फिर एक बड़ी बात यह भी कि दोनों ही अवधेश ठहरे। दाता भी अवधेश और याचक भी अवधेश। राम को कोल, किरात, भील, पासी वैसे भी अधिक प्रिय रहे हैं। ऐसे में एक अवधेश की सहायता दूसरा अवधेश नहीं करता, तो कौन करता।

दूषित पानी की आपूर्ति पर गुस्सा, प्रदर्शन किया

लोहाघाट के लोगों ने अधिकारियों का किया घेराव, जल संस्थान पर अनदेखी करने का लगाया आरोप

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : चम्पावत जिले के लोहाघाट की गंभीर पेयजल की समस्या को लेकर शुक्रवार को लोहाघाट के लोग सड़क पर उतर आए। लोगों में चेतावनी दी की यदि शीघ्र ही पेयजल समस्या का निस्तारण नहीं हुआ तो वह आगामी नगर निकाय चुनाव का बहिष्कार करने को बाध्य होंगे। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने अधिकारियों का घेराव कर एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

शुक्रवार को पेयजल समस्या के समाधान की मांग को लेकर नगर के लोगों ने लोहाघाट नगर पालिका के बारात घर से एसडीएम कार्यालय तक नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला। उन्होंने एसडीएम कार्यालय में जलसंस्थान, जल निगम और सिंचाई विभाग के अभियंताओं का घेराव किया। लोगों ने जल संस्थान व सीवर युक्त दूषित पानी की सप्लाई करने का आरोप लगाया। कहा कि दूषित पानी पीने से पीलिया, टायफायड और चर्म रोग हो रहे हैं। इसके साथ नगर के लोगों को तीसरे और चौथे दिन पानी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द पेयजल समस्या का समाधान नहीं होता है तो वह चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य हो जाएंगे। लोगों ने निर्णय लिया कि वह एक शिष्टमंडल लेकर मुख्यमंत्री के पास जाएंगे। जिसमें सरयू लिफ्ट पेयजल योजना और वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की जाएगी।

लोहाघाट में पेयजल समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

विरोध प्रदर्शन करने वालों में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, नवीन मुरारी, पीएस मेहता, भूपाल सिंह मेहता, राजू गड़कोटी, भैरव राय, शैलेंद्र राय, उमेश पांडेय, राजकिशोर साह, दीपक नाथ, नवीन नाथ, सतीश पांडेय, पंकज ढेक, संदीप गोरखा, दीपक साह, विनोद कोठारी, केपी ढेक, राजेन्द्र सिंह रावत, भैरव राय, आशीष साकीज़्, अनिल जोशी, लोकेश पांडेय, लता वर्मा, बीना कनौजिया, मीना ढेक, आशा बोहरा, निर्मला देवी, जानकी देवी, सीता गहतोड़ी, रेखा उप्रेती, चंद्रा पुनेठा, सरस्वती देवी, मुन्नी देवी आदि मौजूद रहीं।

रोष

- लोगों ने तीसरे और चौथे दिन पानी मिलने का आरोप लगाया
- बारात घर से लेकर एसडीएम कार्यालय तक नारेबाजी की

स्वास्थ्य विभाग के साथ एक संयुक्त टीम बनाई जाएगी। जिसके बाद नियमित रूप से पानी के सैंपल लिए जाएंगे। जांच में पानी मानकों के अनुसार सही नहीं पाया जाता है तो तत्काल पानी की सप्लाई को रोकते हुए उसे शुद्ध का उपचार किया जाएगा। रोस्टर के आधार पर नियमित पेयजल टैंकों की सफाई की जाएगी।
-बिलाल यूनुस, अधिशासी अभियंता, जल संस्थान चम्पावत

भतरौजखान में शराब की दुकान का विरोध, महिलाओं का प्रदर्शन

संवाददाता, रानीखेत

अमृत विचार: भतरौजखान रानीखेत रोड स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान के विरोध में सैकड़ों ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन कर विरोध दर्ज किया। उनका आरोप है कि कुछ ही दूरी पर मंदिर का प्रवेश द्वार है और पास राजकीय इंटर कॉलेज भी है। उनका यह भी आरोप है कि यह दुकान मानकों के विपरीत खोली गई है।

गुस्साए ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस दुकान से गांव-गांव में अवैध रूप से शराब पहुंचाई जा रही है। जिससे यहां का माहौल खराब हो रहा है। सूचना मिलते ही उप जिलाधिकारी कोश्याकुटोली के निर्देश पर थानाध्यक्ष भतरौजखान व कानूनगो यहां पहुंचे। उन्होंने दूरभाष पर आबकारी निरीक्षक से वार्ता की। जिस पर उन्होंने बताया कि उक्त शराब व्यवसायी को पूर्व में दो नोटिस दिए जा चुके हैं। कहा कि तीसरा नोटिस देकर जल्दी ही दुकान खाली करने का आदेश दिया जाएगा। अगर वह आदेश का पालन नहीं करता है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिस पर आंदोलन कर रही महिलाओं और ग्रामीणों ने एक सप्ताह का समय दिया।

भतरौजखान में शराब की दुकान के विरोध में धरना-प्रदर्शन करतीं महिलाएं।

- कुछ ही दूरी पर मंदिर का प्रवेश द्वार और इंटर कॉलेज भी है
- आबकारी निरीक्षक ने कहा कि शराब व्यवसायी को नोटिस दिए

कहां कि इसके पश्चात दुकान नहीं हटी तो उग्र आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।

धरना प्रदर्शन में निर्मला देवी, गायत्री देवी, बबीता बिष्ट, कमला देवी, गीता देवी, हंसी देवी, कविता, सुमन, कुसुम, रेखा देवी, विमला देवी, दीपा देवी, शोभा देवी, निकेश पांडे, दिनेश चंद्र, प्रमोद कुमार,चंद्र प्रकाश, गिरीश भट्ट, जगत सिंह रावत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

कैंची में जाम लगने से व्यापार हो रहा प्रभावित

संवाददाता, बागेश्वर

- मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर निजात दिलाने की मांग
- भवाली-रातीघाट बाईपास मार्ग के शीघ्र निर्माण की मांग

अमृत विचार : अल्मोड़ा- हल्द्वानी मोटर मार्ग में कैंची के पास जाम लगने से अल्मोड़ा, व बागेश्वर का व्यापार प्रभावित हो रहा है। बागेश्वर के व्यापारियों ने जाम का स्थायी हल निकाले जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

व्यापार संघ अध्यक्ष कवि जोशी के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। उन्होंने कहा कि पिछले साल से रानीबाग से कैंची धाम तक हर वक्त जाम लग रहा है। लगभग आठ से दस घंटे तक जाम लगने के कारण भवाली, सलड़ी, गरमपानी, रानीखेत, अल्मोड़ा आदि स्थानों में माल समय पर नहीं पहुंच रहा है। कहा है कि मोटर मार्ग में जाम लगने के कारण कई बार एंबुलेंस व मरीजों को भी जाम में फंसना पड़ रहा है जिससे मरीज को समय पर सुविधा नहीं मिल पा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से भवाली- रातीघाट बाईपास का मार्ग का शीघ्र निर्माण किए जाने की मांग की। इस दौरान उपाध्यक्ष हेम जोशी, नगर उपाध्यक्षा इंदू चौधरी, सचिव पुष्कर किरमोलिया, सहसचिव राहुल साह, कोषाध्यक्ष जगदीश कार्की आदि उपस्थित थे।

सवारी ढो रहे बाइक चालकों पर कार्रवाई

बनबसा, अमृत विचार : भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाकर अवैध रूप से सवारी ढो रही बाइकों के खिलाफ कार्रवाई की। भारत- नेपाल सीमा स्थित शारदा बैराज चौकी प्रभारी ललित पांडेय के नेतृत्व में तस्करी व अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में चौकी पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने भारत-नेपाल सीमा में अवैध रूप से सवारी ढो रही 4 मोटरसाइकिलों को एमबी एक्ट के अंतर्गत सीज किया। इसके अलावा 3 मोटरसाइकिल वाहनों का कोर्ट चालान किया गया। चौकी प्रभारी ललित पांडेय ने बताया कि बार्डर पर चेकिंग अभियान जारी रहेगा।

गर्भपात के मामलों का डाटा उपलब्ध कराएं

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जिलाधिकारी पिथौरागढ़ रीना जोशी ने कलक्ट्रेट परिसर में गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीकी के अंतर्गत गठित सलाहकार समिति की बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जिले में पिछले तीन महीनों में हुए गर्भपात के मामलों का डाटा जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पिछले महीने में किन कारणों के कारण गर्भपात कराए गए और किसी सलाह पर इसके लिए दवाएं दी गई। इसकी रिपोर्ट जिला कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मेडिकल स्टोर संचालकों को इस आशय का पत्र जारी किया जाए कि बिना चिकित्सक की सलाह के बिना किसी को भी संबंधित दवाएं उपलब्ध ना कराई जाएं। निर्देशों के बाद भी ऐसा कोई मामला सामने आए तो संबंधित मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाए। डीएम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ती, एनजीओ के माध्यम से महिला एवं पुरुषों को गर्भपात करने के उपरांत महिलाओं को कौन सी दिक्कत होने लगती है उनके बारे में भी विशेष जानकारी दी जाए। बाल विकास अधिकारी निर्मला बसेड़ा को निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भपात एवं गर्भपात होने के उपरांत होने वाली परेशानियों की जानकारी प्रचार प्रसार के माध्यम से महिलाओं को देना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जनपद में 6 राजकीय पंजीकृत अल्ट्रासाउंड केंद्र एवं 11 प्राइवेट अल्ट्रासाउंड केंद्र स्थापित है । उन्होंने बताया कि आशा सर्वे के अनुसार वर्ष 2022-23 में जनपद में 0 से 6 वर्ष बच्चों का लिंगानुपात मेल 17573 एवं फीमेल 16189 है। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जयराज सिंह नबियाल एनजीओ के सदस्य सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

पिथौरागढ़ में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेती जिलाधिकारी रीना जोशी।

नेपाल अध्ययन केंद्र के समन्वयक पहुंचे

अल्मोड़ा, अमृत विचार : नेपाल अध्ययन केंद्र व अंतर राष्ट्रीय सहयोग परिषद नई दिल्ली के समन्वयक डा. लवी त्यागी ने एसएसजे विवि के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट से मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान डा. त्यागी और कुलपति बिष्ट ने हिमालयी क्षेत्र की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण, विवि में शोध गतिविधियों के संचालन, इतिहास संकलन व पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में चर्चा की। कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने कहा कि विश्वविद्यालय को सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित करना लक्ष्य है। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद महात्मा गांधी आध्यात्मिक पर्यटन परिपथ, अध्ययन केंद्र के संयोजक डा. चंद्र प्रकाश फुलोरिया आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

चुकुम में बाढ़ सुरक्षा कार्यों का निरीक्षण करते विधायक व भाजपा नगर अध्यक्ष।

चुकुम में बाढ़ सुरक्षा कार्य में तेजी लाएं

रामनगर : बाढ़ सुरक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों को द्रुत गति से पूरा किया जाए। यह निर्देश विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दिए। बता दें कि चुकुम में बाढ़ सुरक्षा हेतु बन रहे तटबंध का विधायक बिष्ट एवं नगर मंडल अध्यक्ष मदन जोशी द्वारा निरीक्षण किया द्वारा जा रहा था। विधायक ने उम्मीद जताई कि इस बार बाढ़ का कहर नहीं झेलना पड़ेगा। भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी ने ग्रामीणों से कहा कि बाढ़ सुरक्षा के लिए हो रहे कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखने की जिम्मेदारी चुकुम के लोगों की है। यदि गुणवत्ता में कहीं कोई कमी दिखाई दे तो तत्काल उन्हें इसकी सूचना वह दे सकते हैं। इस दौरान नवीन कुमइया, क्षेत्र पंचायत सदस्य जगदीश छिम्वाल, लक्ष्मण सिंह रावत, सोबन रावत, गंगा सिंह समेत अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

दैनिक सूचना नहीं देने पर कारण बताओ नोटिस

हल्द्वानी : विद्यालयों की मॉनीटरिंग के लिए ऑटोमेटेड रियल टाइम सिस्टम बनाया गया है। जिसमें विद्यालयों को दैनिक सूचना देनी है लेकिन कई बार ऑनलाइन/ऑफलाइन बैठकों में निर्देशित करने के बाद भी सूचना नहीं दी जा रही है। समग्र शिक्षा के अपर राज्य परियोजना निदेशक डॉ. मुकुल कुमार सती ने प्राथमिक शिक्षा के जिला शिक्षा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस भेजा है। उन्हें तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में विद्यालयों से मई में 54 प्रतिशत सूचना ही प्राप्त हुई हैं। जनवरी से मई तक दैनिक सूचनाओं का प्रतिशत असंतोषजनक पाया गया है।

फाइनल में हल्द्वानी व रामनगर बने विजेता

हल्द्वानी : नैनीताल बॉस्केटबाल संघ की ओर से अंडर-16 बालक-बालिका प्रतियोगिता का आयोजन मिनी स्टेडियम में किया गया है। इस प्रतियोगिता में 16 टीमों ने प्रतिभाग किया था। शुक्रवार को प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला गया। फाइनल मुकाबला बालक वर्ग में हल्द्वानी और रामनगर के बीच खेला गया। जिसमें हल्द्वानी ने 25-22 से विजेता बनी। वहीं बालिका वर्ग का मुकाबला हल्द्वानी व रामनगर के बीच खेला गया जिसमें रामनगर ने 37-35 से मैच जीता। इस मौके पर मुकुल भट्ट, समीर टंडन, शोएब समेत कई लोग मौजूद रहे।

आहार प्रबंधन से कर सकते हैं मोटापे को दूर : प्रो.अर्चना

रामनगर : आहार प्रबंधन से शारीरिक मोटापा तथा मोटापे से जुड़े विभिन्न जटिल रोगों को दूर किया जा सकता है। यह बात बतौर मुख्य वक्ता कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस पंतनगर विश्वविद्यालय के खाद्य एवं पोषण विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ.) अर्चना कुशवाहा ने कही। बता दें कि पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के करियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ द्वारा संचालित गुरु दिवस व्याख्यानमाला के 15वें व्याख्यान का आयोजन गृह विज्ञान विभाग द्वारा किया गया। व्याख्यान का शीर्षक 'मोटापे में आहार प्रबंधन' रहा। उन्होंने अपने वक्तव्य में शरीर के मोटापे तथा इससे होने वाले दुष्प्रभावों के साथ-साथ इससे जुड़ी हुई स्वास्थ्य जटिलताओं के विषय में विस्तृत चर्चा की। इससे पूर्व कार्यक्रम निदेशक एवं प्राचार्य प्रो.एम.सी.पाण्डे ने शुभकामना संदेश से व्याख्यान की शुरुआत की। विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य तथा हेमवती नंदन बहुगुणा विश्वविद्यालय से डॉ.अनीता सती, डॉ.पूजा भट्ट थलेड़ी, रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय से डॉ. विनीता राठौर, रानीखेत महाविद्यालय से डॉ.पारुल बोरा,जसपुर महाविद्यालय से डॉ. विनीता बिष्ट,श्री राम एग्रो केमिकल से डॉ. आशीष तिवारी सहित अन्यत्र महाविद्यालय से शोधार्थियों तथा विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर चीफ प्रॉक्टर प्रो.एस.एस.मौर्य, डॉ.प्रमोद जोशी,डॉ. शरद भट्ट, डॉ.जया भट्ट.डॉ. योगेश चन्द्र , डॉ.कुसुम गुप्ता, डॉ. दीपक खाती, डॉ.ममता जोशी मौजूद रहे।

बैठक में पूर्व सैनिकों ने किया समस्याओं पर मंथन

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : पूर्व सैनिक लीग की मासिक बैठक में संगठन के सदस्यों ने अपनी विभिन्न समस्याओं पर मंथन किया। साथ ही उनके निराकरण के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। बैठक में तय किया गया कि संगठन और अधिक मजबूत बनाने के लिए सभी विकास खंडों का भ्रमण कर अधिक से अधिक पूर्व सैनिकों को संगठन से जोड़ने का काम किया जाएगा।

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक लीग की बैठक में सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त विंग कमांडर सीएसए गुप्ता ने कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में पूर्व सैनिकों ने ईसीएचंएस की दिक्कतों पर नाराजगी जताई और समस्या को दूर करने की मांग की। साथ ही संगठन को मजबूत करने पर भी चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए भ्रमण कर अन्य पूर्व सैनिकों से मिलना होगा।

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक लीग की बैठक में अध्यक्ष दिनेश चंद्र तिवारी, सेवानिवृत्त कमांडर हीरा सिंह सांगा, आर पंत, पीसी लोहनी, एमएस अल्मियां, दीपक टम्टा, पूरन सिंह, मनमोहन वर्मा, चंद्र सिंह बिष्ट, सुधीर कुमार, पीसी तिवारी, आशीष वर्मा, पूरन सिंह सिराड़ी, शरद कुमार, एनसी जोशी, आनंद सिंह बिष्ट, मनमोहन चंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल

अल्मोड़ा, अमृत विचार : अल्मोड़ा-रानीखेत हाईवे पर देर शाम सड़क हादसा हो गया। ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बेस अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

लमगड़ा निवासी प्रमोद जोशी बाइक से अल्मोड़ा से कोसी की ओर जा रहे थे। मटेला में आरटीओ ऑफिस के पास दूसरी ओर से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने 108 आपातकालीन सेवा से उन्हें बेस अस्पताल भेजा। बेस अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अशोक ने बताया कि युवक के सिर व गर्दन में गभीर चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। लिखित शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

खेल विश्वविद्यालय के लिए शीघ्र भूमि तलाशें अधिकारी: रेखा आर्य

देहरादून, ब्यूरो

अमृत विचार: खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्य ने मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप हल्द्वानी के गौलापार में प्रस्तावित उत्तराखंड खेल विश्वविद्यालय को लेकर शुक्रवार को सचिवालय में खेल विभाग एवं वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की।

विभागीय मंत्री ने कहा कि गौलापार में स्थापित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को उच्चीकृत करते हुए खेल विश्वविद्यालय का निर्माण प्रस्तावित है। जिस हेतु 35 एकड़ अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यहां पर वन विभाग की भूमि उपलब्ध है लेकिन यह भूमि सीए (कॉम्पेनसट्री एफोरेस्टेशन) के अंतर्गत आती है। विभागीय मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीए लैंड अगर यहां उपलब्ध नहीं होती है तो किसी और स्थान पर तलाशा जाए। उन्होंने इस मामले में उधमसिंहनगर व नैनीताल के जिलाधिकारी से भी रिपोर्ट मंगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल्द राज्य में 38 वें राष्ट्रीय खेल भी होने हैं, ऐसे में हमारे प्रयास होने चाहिए कि उससे पहले हम खेल विश्विद्यालय का शिलान्यास करवा लें। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, विशेष प्रमुख सचिव श्री अमित सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

अधिकारियों की बैठक लेतीं खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्य। ● अमृत विचार

पूरी जानकारी देना हर विभाग की जिम्मेदारी

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : सूचना के अधिकार के तहत लोगों की ओर से मांगी जाने वाली सूचना की पर्याप्त जानकारी देना हर विभाग की नैतिक जिम्मेदारी बनती है।

यह बात राज्य सूचना आयुक्त योगेश भट्ट कार्बेट टाइगर रिजर्व के सभागार में आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कही। कार्यशाला में सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 की मूल भावना तथा आवेदकों द्वारा मांगी जाने वाली सूचना के आवेदन पत्रों तथा प्रथम अपील के संबंध में विस्तृत रूप सें कार्यशाला में उपस्थित संबंधित अधिकारियों व प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान की गयी।

कार्यशाला में मौजूद वन प्रभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यशाला में निदेशक, डॉ. धीरज पाण्डेय व उप निदेशक, दिगन्ध नायक, कार्बेट टाइगर रिजर्व, रामनगर व प्रथम अपलीय अधिकारी, अमित ग्वासीकोटी, डॉ. शालिनी जोशी, कार्बेट टाइगर रिजर्व, रामनगर, किरन शाह, रामनगर वन प्रभाग, रामनगर, विवेक तिवारी, सहायक वन संरक्षक, तराई पश्चिमी वन प्रभाग, रामनगर, गंगा बुधलाकोटी सहायक वन संरक्षक, रामनगर वन प्रभाग, रामनगर तथा समस्त लोक सूचना अधिकारी यथा हंसा पांगती, कार्बेट टाइगर रिजर्व, सुरेश कांडपाल, रामनगर वन प्रभाग, रामनगर, सोमपाल सिंह तराई पश्चिमी वन प्रभाग, रामनगर, नन्द किशोर रुवाली, ललित मोहन जोशी, ललित मोहन आर्या, एवं मो. नौशाद अहमद, अनुभाग अधिकारी सूचना अधिकार, इरशाद अहमद, धर्मपाल सिहं नेगी, नवीन चन्द्र पपनै, प्रेमा तिवारी मौजूद रहे।

कोसी बैराज के पास पानी खोजने आया टस्कर हाथी

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : कॉर्बेट पार्क से सटे रामनगर वन प्राभाग के कोसी बैराज के समीप कोसी नदी में पानी की तलाश में अचानक टस्कर हाथी पहुंच गया। हाथी को देख पास ही नहा रहे लोगों में अफरातफरी मच गई। साथ ही हाथी देखने के लिए उमड़ी लोगों की भीड़ भी कोसी बैराज में जमा हो गई। शुक्रवार की सायं टेड़ा के जंगलों से कोसी बैराज के समीप नदी में एक टस्कर हाथी जंगल से निकलकर आबादी की तरफ शायद पानी की तलाश में आ गया।

बता दें कि हाथी कोसी बैराज के नीचे नदी में गर्मी के कारण नहाने या पानी की प्यास बुझाने के लिए आया था। तुरंत ही आसपास से गुजर रहे लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों को दी।

वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने हाथी को आबादी की तरफ आने से रोकने के प्रयास कर नदी में नहा रहे लोगों को भी हाथी से दूर रहने की हिदायत दी। हाथी कोसी बैराज से नगर वन की तरफ आ गया। जिसके चलते सुरक्षा के मद्देनजर वनकर्मियों द्वारा रामनगर हल्द्वानी मार्ग को कुछ देर के लिए रुकवा दिया कि हाथी रोड क्रॉस कर आराम से जा सके और कोई हानि भी ना हो।

सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलने से सूखने लगी फसल

भीमताल, अमृत विचार : भीमताल झील का जलस्तर लगातार कम हो रहा है, ऐसे में सिंचाई विभाग की ओर से झील से सिंचाई के लिए नहर के माध्यम से दिए जाने वाले पानी को बंद कर दिया गया है, जिसके चलते भीमताल नगर पालिका के अन्तर्गत वार्ड संख्या तीन और चार के किसानों की फसल खेत में सूखने लगी है। स्थानीय लोगों ने सिंचाई विभाग से सूखती फसलों को देखते हुए झील से पानी नहर के माध्यम से खोलने की मांग की। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता पूरन वृजवासी ने भी सिंचाई विभाग के अधिकारियों से बिलासपुर नहर में पानी खोलने की मांग की। पानी की मांग करने वालों में काश्तकार विनोद सिंह कुम्लटा, भगवत सिंह, दीवान सिंह मेहता, बच्ची सिंह मेहता, प्रेम सिंह भगत, प्रकाश जोशी आदि थे।

आज से 15 जून तक आंगनबाड़ी केंद्र रहेंगे बंद

टनकपुर, अमृत विचार : जनपद चम्पावत के मैदानी क्षेत्र टनकपुर और बनबसा में गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना को देखते हुए जिलाधिकारी नवनीत पांडेय द्वारा तहसील पूर्णागिरि (टनकपुर) में समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में दिनांक 8 जून से 15 जून तक अवकाश घोषित किया गया है। अवकाश अवधि में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा विभागीय कार्य पूर्व की तरह किया जाएगा।

U.P. RAJKIYA NIRMAN NIGAM LTD.
TENDER NOTICE
On behalf of Managing Director. UP Rajkiya Nirman Nigam Ltd. General Manager (North Zone) invites online percentage rate bids in two bid system for-
NIT No-2097/d-11/G.M(N. Z)/Tender/100 Bedded CCU/RNN/20 24 DATED- 05-06-2024, e-tender, Construction of 100 Bedded Critical Care Block at Women Hospital in Jansath, Dist. Muzaffarnagar, UP. Last date of submission of offers upto 2:00 PM on Dated 19-06-2024, all other details on:- website: www.etender.up.nic.in and www.uprnn.upsdc.gov.in

मैंथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 980 फ्लैग 1105 बोल्ड 1150 डीएमओ 860।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 2085, राज श्री 1400, फ्रॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1980, फॉर्चुन ली. 1620, जय जवान 1525, सचिन 1535, सूरज 1550, अवसर 1670, राग गोल्ड 1630, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1670, चक्र टिन 1895, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1910, स्वास्तिक 2055, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 36000, लाल मिर्च 20000–28500, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4500, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4450, खजाना 4450, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300–14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850–7300 मलका दाल 7575–7900, मलका छाँटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300–11200, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9300, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15500, अरहर पटका मोटा 16400, अरहर कोरा मोटा 16800, अरहर पटका छोटा 15600–15900, अरहर कोरी छोटी 17600, **चीनी**–डालमियां 4190, पीलीभीत 4150, नवाबगंज (नई) 4140, बहेड़ी (नई) 4150 रुपये।

मुद्रास्फीति चार प्रतिशत पर स्थिर होने पर ही नीतिगत कदम पर कर सकते हैं विचार: दास

एमपीसी की बैठक में बोले आरबीआई गर्वनर, तब तक दरों पर कार्रवाई संभव नहीं

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक 'आगे के नीतिगत कदम' पर तभी विचार कर सकता है जब उसे सकल मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत पर स्थिर रहने का भरोसा हो। दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के फैसले की संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि मुद्रास्फीति दर को चार प्रतिशत के लक्ष्य के अनुरूप लाना केंद्रीय बैंक का मुख्य उद्देश्य है।

उन्होंने कहा-जब तक आरबीआई को मुद्रास्फीति के इस लक्ष्य के नीचे रहने का भरोसा नहीं हो जाता, तब तक दरों पर कोई कार्रवाई संभव नहीं होगी। सरकार ने रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति चार प्रतिशत (दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ) पर रखने का लक्ष्य दिया हुआ है। आरबीआई के अनुमानों के मुताबिक, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर तिमाही में 3.8 प्रतिशत पर आई है, लेकिन बाद में फिर से बढ़कर पांच प्रतिशत पर पहुंच रही है। दास ने कहा-मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप होना चाहिए और एक बार यह चार प्रतिशत पर पहुंच जाए तो इसे वहीं रहना चाहिए।

फास्टैग, एनसीएमसी में खुद से जमा हो सकेंगे पैसे

ग्राहक जल्दी ही फास्टैग, नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी), यूपीआई लाइट में राशि तय सीमा से नीचे जाने पर उसमें स्वचालित रूप से पैसा डाले जाने की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक ने ई-मैंडेट रुपरेखा के तहत इन उत्पादों में स्वत: पैसा डालने की सुविधा देने का प्रस्ताव किया है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मौद्रिक नीति समिति के निर्णय की जानकारी देते हुए शुक्रवार को कहा कि निश्चित अवधि पर होने वाले भुगतान के लिए ई-मैंडेट का चलन बढ़ रहा है। इसको देखते हुए फास्टैग, एनसीएमसी आदि में खुद से पैसा डालने की सुविधा शुरू करने का प्रस्ताव किया गया है। ई-मैंडेट व्यवस्था के तहत बैंकों को भुगतान के लिए संबंधित ग्राहक के बैंक खाते से निश्चित राशि काटे जाने की अनुमति दी जाती है। दास ने कहा कि ई-मैंडेट के तहत अभी दैनिक, साप्ताहिक, मासिक आदि जैसे निश्चित अवधि वाले भुगतान के लिए तय समय पर ग्राहक के खाते से पैसा स्वयं कट जाता है।

अप्रैल में घट गई औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति

नई दिल्ली। औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल महीने में घटकर 3.87 प्रतिशत रह गई जबकि इस साल मार्च में यह 4.2 प्रतिशत थी। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को औद्योगिक श्रमिकों के लिए फरवरी, मार्च और अप्रैल, 2024 के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आंकड़े जारी किए। इस सूचकांक को आधार बनाते हुए सरकार कर्मचारियों के महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत तय करती है। श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा-मार्च महीने के लिए सालाना आधार पर मुद्रास्फीति 4.20 प्रतिशत रही, जबकि मार्च, 2023 में यह 5.79 प्रतिशत थी। अप्रैल, 2024 के महीने में मुद्रास्फीति साल भर पहले के 5.09 प्रतिशत की तुलना में 3.87% रही। वहीं फरवरी के महीने में मुद्रास्फीति 4.90% रही जो एक साल पहले की समान अवधि में 6.16 प्रतिशत थी।

तीव्र आर्थिक वृद्धि से विदेश गए स्टार्टअप देश का कर रहे रुख

नई दिल्ली, एजेंसी

- **आईपीईएफ की बैठक को वाणिज्य विभाग के सचिव बर्थवाल ने किया संबोधित**

वाणिज्य विभाग के सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा है कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर उल्लेखनीय रूप से ऊंची बने रहने से पहले विदेश जाने वाले स्टार्टअप उद्यमी वापस भारत का रुख कर रहे हैं। बर्थवाल ने भारत-प्रशांत क्षेत्र आर्थिक समृद्धि समझौता (आईपीईएफ) के तत्वावधान में स्वच्छ अर्थव्यवस्था निवेशक मंच की बैठक के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर अन्य उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में लगभग दोगुनी है और यह विचारणीय विषय है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार बर्थवाल ने बैठक में कहा-देश की मजबूत विकास के कारण ही अब भारत के लिए सकारात्मक उल्टे प्रवाह की परिस्थितियां तैयार हो रही हैं। जो भारतीय स्टार्ट-अप कभी पूंजी पहुंच और कर लाभों के लिए विदेशों का रूख कर गए थे, अब स्वदेश वापसी कर रहे हैं। कहा कि आज डिजिटल अर्थव्यवस्था के साथ-साथ एआई जैसी उभरती हुई प्रौद्योगिकियां और डेटा सेंटर का उदय भविष्य के भारतीय विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	94,150
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74,250
गिन्नी (प्रति नग)	55,350–55,550
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,950
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,800
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	91,000
चांदी तैयार	91,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90, 500
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	73,000
सोना जेवरात गिन्नी	72,900
चांदी पक्की	880 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	73,000
चांदी आभूषण	91,700।

हल्द्वानी मंडी

चावल–शरबती 67 मसूरी 56 अंगूरी 57 बासमती 100, **दाल दलहन**–काला चना 115–125 साबुत चना दाल 85 मूंग साबुत 98 राजमा 158 दाल उड़द 125 साबुत मसूर दाल 70 मसूर दाल 72 उड़द साबुत 123 काबुली चना 75–160 अरहर दाल 160 लोबिया/करमानी 86 सोयाबीन 44 मूंगफली 70 मटर (सूखी) 55 मक्का 19 रुपये।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव–दाल चना: 75 से 78 रुपये मसूर: 60 से 68 रुपये मलका: 62 से 68 रुपये अरहर: 140 से 150 रुपये उड़द: 100 से 110 रुपये धोआ उड़द: 110 से 130 रुपये मूंग धोआ: 104 –106 रुपये मूंग छिलका: 95 से 105 मूंग साबुत: 90से105 रुपये चना देसी: 60से 70 चना कावली: 90 से 130 राजमा लाल: 130 से 140 राजमा चित्ता: 125 से 130 लोबिया लाल: 90से 110 लोबिया सफेद: 80 से 100 रुपये।

विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर अब तक के रिकॉर्ड 651.5 अरब डॉलर पर पहुंचा

मुंबई, एजेंसी

विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 31 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.84 अरब डॉलर बढ़कर अबतक के रिकॉर्ड 651.5 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.03 अरब डॉलर गिरकर 646.7 अरब डॉलर पर रहा था।

भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 31 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 5.1 अरब डॉलर की जबरदस्त बढ़त के साथ 572.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 21.2 करोड़ डॉलर घटकर 56.5 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 1.7 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.12 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 10 लाख डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 4.33 अरब डॉलर हो गया।

गठबंधन सरकार में निर्णय लेने की प्रक्रिया होगी धीमी

नई दिल्ली, एजेंसी

- **रेटिंग्स एजेंसी मूडीज ने कहा भविष्य में निवेशकों का भरोसा हो सकता है कम**

गठबंधन सरकार में राजनीतिक स्थिरता की कमी और आम सहमति बनाने की जरूरत के चलते निर्णय लेने की प्रक्रिया धीमी हो सकती है। मूडीज एनालिटिक्स ने शुक्रवार को यह अनुमान जताते हुए कहा कि ऐसे में निकट भविष्य में निवेशकों का भरोसा कम हो सकता है।

रेटिंग्स एजेंसी मूडीज ने चुनाव के बाद एक टिप्पणी में कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजों का मतलब है कि संसद में समीकरण बदलने वाले हैं, क्योंकि गठबंधन के सहयोगी नीतिगत निर्णयों में प्रभाव डालेंगे और फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। टिप्पणी के मुताबिक, हालांकि इससे शासन के लिए अधिक समावेशी दृष्टिकोण पाने में मदद मिलेगी। भारत चुनाव समीक्षा: मतदाताओं ने भाजपा को गठबंधन सरकार चलाने के लिए मजबूर किया' शीर्षक वाली समीक्षा में कहा गया, भाजपा को सरकार बनाए रखने के लिए बातचीत और समझौते की मदद लेनी होगी। इससे निर्णय लेने की प्रक्रिया धीमी हो सकती है और शायद पार्टी की कुछ प्रमुख नीतिगत पहल धीमी हो सकती हैं। भाजपा ने 2024 के आम चुनाव में 240 सीटें जीतीं हैं, जबकि इससे पहले उसे 2019 में 303 सीटें मिलीं थीं। इस बार के आम चुनावों में हालांकि भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को लोकसभा में 293 सीटें मिलीं। मूडीज एनालिटिक्स ने कहा कि हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार सत्ता में वापसी की है, लेकिन भाजपा की कमजोर स्थिति राजनीतिक समीकरण में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाती है।

राष्ट्रीय

नीट परीक्षा में हुई धांधली, कोर्ट की निगरानी में हो जांच

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने एक पोस्ट में कहा-पेपर लीक होने की सीधी जिम्मेदारी नरेंद्र मोदी सरकार की है

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने शुक्रवार को मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट (स्नातक) में धांधली का आरोप लगाया और कहा कि इसकी उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच होनी चाहिए ताकि प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को न्याय मिल सके। नीट का परिणाम गत चार जून को घोषित किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, पेपर लीक, धांधली और भ्रष्टाचार नीट समेत कई परीक्षाओं का अभिन्न अंग बन गया है। इसकी सीधी जिम्मेदारी मोदी सरकार की है।

उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों के लिए भर्ती परीक्षाओं में भाग लेना, फिर अनेकों अनियमितताओं से जूझना, पेपर लीक के चक्रव्यूह में फँसना- उनके भविष्य से खिलवाड़ है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा ने देश के युवाओं को ठगा है। उन्होंने कहा, "हमारी मांग है कि उच्चतम न्यायालय की देखरेख में एक उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए जिससे नीट व अन्य परीक्षाओं में भाग लेने वाले हमारे प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को न्याय मिले। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया-पहले नीट परीक्षा का पेपर लीक हुआ और अब छात्रों का आरोप है कि इसके परिणाम में भी भ्रष्टाचार हुआ है। एक ही सेंटर के 6 छात्रों को 720 में से 720 अंक मिलने पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं और कई तरह की अनियमितताओं की बातें सामने आ रही हैं। दूसरी ओर, परिणाम आने के बाद देश भर में कई बच्चों के आत्महत्या करने की खबरें हैं। यह बहुत दुखद और झकझोरने वाला है। उन्होंने सवाल किया कि सरकार लाखों छात्रों की आवाज को अनसुना क्यों कर रही है? प्रियंका गांधी ने कहा-छात्र-छात्राओं को नीट परीक्षा के परिणाम में धांधली से जुड़े वाजिब सवालों के जवाब चाहिए। क्या सरकार की जिम्मेदारी नहीं बनती कि वो जांच कराकर इन वाजिब शिकायतों का निस्तारण करे।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने नीट की उत्तर कुंजी से जुड़ी याचिका पर जानना चाहा एनटीए का रुख

दिल्ली उच्च न्यायालय ने उत्तर कुंजी में दो सही जवाब वाले एक प्रश्न को लेकर शिकायत करने वाली नीट-यूजी अभ्यर्थी की याचिका पर शुक्रवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) का रुख जानना चाहा। न्यायमूर्ति डी.के. शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने एनटीए के वकील से याचिका पर निर्देश प्राप्त करने को कहा। याचिका में अदालत से अनुरोध किया गया है कि परीक्षा में इस प्रश्न का उत्तर नहीं देने वालों को समान अंक दिये जाने चाहिए, जैसा कि दोनों सही उत्तर देने वालों को दिया गया है। याचिका में कहा गया है कि प्रतियोगी परीक्षा में निष्पक्षता का सिद्धांत यह प्रावधान करता है कि सभी अभ्यर्थियों का मूल्यांकन समान मानदंड पर होना चाहिए और आरोप लगाया कि प्राधिकारों ने दो सही विकल्पों को अंक प्रदान कर निष्पक्षता के साथ समझौता किया, जबकि निर्देशों में स्पष्ट संकेत दिया गया है कि केवल एक विकल्प सही है। अपने अंक पर नकारात्मक प्रभाव को टालने के उद्देश्य से 17 वर्षीय छात्रा व याचिकाकर्ता ने उक्त सवाल का जवाब नहीं दिया और 720 अंकों में 633 अंक और करीब 98 पर्सेंटाइल प्राप्त किया। अखिल भारतीय स्तर पर उसकी रैंक 44,700 के करीब है।

केजरीवाल की नियमित जमानत का ईडी ने किया विरोध

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को दिल्ली की एक अदालत के समक्ष कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की नियमित जमानत आवेदन का विरोध किया। एजेंसी ने दावा किया कि उसके पास दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को "गंभीर" आर्थिक अपराधों से जोड़ने के लिए "पर्याप्त सबूत" हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा को बताया कि उसके पास केजरीवाल के खिलाफ कई सबूत हैं। न्यायाधीश ने मामले की अगली सुनवाई 14 जून के लिए निर्धारित की है। प्रवर्तन निदेशालय ने दावा किया कि, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ धन शोधन के अपराध में शामिल होने के पर्याप्त सबूत मौजूद हैं।

मणिपुर के जिरीबाम में एक व्यक्ति की हत्या के बाद विरोध-प्रदर्शन

इंफाल, एजेंसी

- **राज्य सरकार ने अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया**

मणिपुर के जिरीबाम जिले में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा 59 वर्षीय एक व्यक्ति की हत्या किए जाने पर हुए विरोध-प्रदर्शन के बाद राज्य सरकार ने वहां अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

सोइबम सरतकुमार सिंह का शव बरामद होने के बाद स्थानीय लोगों ने खाली पड़े झोपड़ों में आग लगा कर प्रदर्शन किया। इसके बाद राज्य सरकार ने बृहस्पतिवार रात वहां निषेधाज्ञा लागू कर दी। स्थानीय लोगों द्वारा हत्या का विरोध जताने के बाद वहां स्थिति तनावपूर्ण रही। जिरीबाम के जिलाधिकारी के कार्यालय द्वारा जारी किए गए आदेशों का हवाला देते हुए अधिकारी ने बताया, असामाजिक तत्वों की गैरकानूनी गतिविधियों के कारण यहां अशांति फैलने, दंगे भड़कने और मारपीट होने की संभावना है। स्थानीय प्रशासन ने पांच से अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने, आग्नेयास्त्र, लाठी-डंडे लेकर चलने...और जिले के राजस्व क्षेत्राधिकार के भीतर किसी भी व्यक्ति के अपने निवास स्थान से बाहर घूमने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सिंह बृहस्पतिवार को सुबह अपने खेत पर गया था, जहां से वह लापता हो गया। बाद में उसका शव बरामद किया गया। बताया कि सिंह पर किसी नुकीली चीज से हमला किया गया था।

एक नजर

दिल्ली के लोगों के खिलाफ षड्यंत्र रच रहा हरियाणा : आतिशी

नई दिल्ली। दिल्ली की मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि यदि हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय राजधानी के लिए पानी छोड़ भी दे तो भी शहर में जल संकट का हल नहीं होगा, क्योंकि हरियाणा ने आने वाले पानी का प्रवाह कम कर दिया है। वजीराबाद बैराज का दौरा कर आतिशी ने जल स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने हरियाणा पर आरोप लगाया कि हरियाणा उच्चतम न्यायालय के पीठ पीछे दिल्ली के लोगों के खिलाफ बड़ी साजिश रच रहा है।

हत्या के मामल में 16 लोगों को उम्रकैद

औरंगाबाद। बिहार में औरंगाबाद जिले की एक अदालत ने शुक्रवार को वृद्ध की हत्या मामले में 16 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (दो) संजय मिश्रा की अदालत ने कुटुंबा थाने में दर्ज एक कांड में सुनवाई करते 16 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने सभी के खिलाफ 25–25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना नहीं देने पर सभी अभियुक्तों को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

राहुल लोकसभा चुनाव के मैन ऑफ द मैच, बनना चाहिए नेता प्रतिपक्ष : थरूर

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने शुक्रवार को राहुल गांधी को लोकसभा चुनाव का मैन ऑफ द मैच करार दिया और कहा कि उन्हें नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभालनी चाहिए।

लोकसभा चुनाव में लगातार चौथी बार तिरुवनंतपुरम से निर्वाचित हुए थरूर ने दिए साक्षात्कार में कहा कि जनादेश का संदेश यह है कि मतदाताओं ने भाजपा के अति अहंकार और उसके मेरी बात मानिये, नहीं तो रास्ता नापिये के रवैये को अनुचित ठहराया है। अगली राजग सरकार को लेकर उनका कहना था, यह नरेन्द्र मोदी और अमित शाह के लिए एक चुनौती होगी, जो अपनी सरकार चलाने में बहुत अधिक सलाह-मशविरा करने के आदी नहीं रहे हैं और मुझे लगता है कि यह उनके काम करने के तरीके को बदलने और सरकार के भीतर अधिक समायोजन करने की उनकी क्षमता की परीक्षा होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि विपक्ष के साथ भी सरकार का अधिक समायोजन रहेगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस बार मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार कुछ मुद्दों पर मजबूर सरकार साबित हो सकती है क्योंकि इस गठबंधन का हिस्सा बनने वाली पार्टियों को हर बात पर सहमत होना होगा। थरूर ने कहा, पहले से ही अग्निपथ योजना पर एक पार्टी द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि इसकी समीक्षा की जानी चाहिए। इस विचार का जद (यू) और चिराग पासवान पार्टी द्वारा समर्थन किया गया है। आंध्र प्रदेश और बिहार दोनों में कई नेताओं ने अपने राज्यों के लिए विशेष राज्य का दर्जा मांगा है, जिससे भाजपा सरकार ने अब तक इनकार कर दिया था। इसको भी फिर से देखना होगा।

कांग्रेस के निर्वाचित शशि थरूर ने कहा कि अब इस सरकार को अधिक सहमति वाला मॉडल शासन लाना होगा। उन्होंने मोदी सरकार पर पिछले 10 वर्षों में संसद को एक नोटिस बोर्ड की तरह मानने का आरोप लगाया और उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि यह उम्मीद करना व्यावहारिक नहीं होगा कि सरकार के सभी निर्णयों के लिए संसद रबर स्टांप होगी।

केजरीवाल के सहयोगी बिभव की जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट का मामला

दिल्ली की एक सत्र अदालत ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की जमानत याचिका शुक्रवार को खारिज करते हुए कहा कि यदि आरोपी को रिहा किया गया तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं।

कुमार पर 13 मई को मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट करने का आरोप है। कुमार ने दूसरी बार जमानत के लिए अदालत का रुख किया था। न्यायाधीश एकता गौबा मान ने कहा-जांच अभी शुरुआती चरण में है और पीड़िता के मन में अपनी सुरक्षा के साथ-साथ अपने परिवार के सदस्यों की सुरक्षा को लेकर भी आशंका है क्योंकि उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं। आवेदक या आरोपी बिभव कुमार के गवाहों को प्रभावित करने की आशंका है। न्यायाधीश ने याचिका खारिज करते हुए कहा-इसलिए, मुझे वर्तमान जमानत याचिका में कोई दम नजर नहीं आता। कुमार को 31 मई को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। इस बीच कोर्ट ने कुमार की गिरफ्तारी को चुनौती देने संबंधी उनकी याचिका की पोषणीयता पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया।

हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में 48 घंटे में अतिसार के 58 नए मामले आए

हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर के 10 गांवों में 48 घंटे के भीतर अतिसार के 58 नए मामले सामने आए जिसके बाद जिले में अतिसार के मरीजों की संख्या बढ़कर 310 हो गई। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर के अग्निहोत्री ने बताया कि शुक्रवार शाम तक अतिसार के 58 मामले सामने आए। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि कुल 310 मामलों में से 14 मरीज अस्पताल में हैं, 233 को छुट्टी दे दी गई है और शेष मरीज घर पर ही इलाज करा रहे हैं। हमीरपुर जिले की लांबलू, चमनेड़, गसोता, बफरीन और पंधेर ग्राम पंचायतों के 12 गांवों में पिछले शुक्रवार से अतिसार के मामले सामने आ रहे हैं। इस क्षेत्र की आबादी करीब 4,550 है।

कर्नाटक के राज्यपाल ने स्वीकार किया मंत्री बी नागेंद्र का इस्तीफा

बेंगलुरु। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री बी नागेंद्र का इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। राजभवन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सरकारी निगम से धन के अवैध हस्तांतरण के आरोपों के बीच नागेंद्र ने बृहस्पतिवार को इस्तीफा दे दिया था। राजभवन की ओर से कहा गया है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंत्री का इस्तीफा स्वीकार करने की सिफारिश की थी। कहा गया कि कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड में 87 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में इसके कर्मचारी चंद्रशेखर पी ने आत्महत्या कर ली थी।

किसान संगठनों ने सीआईएसएफ कांस्टेबल के प्रति जताया समर्थन

चंडीगढ़, एजेंसी

कंगना रनौत प्रकरण

- **कहा-पूरे प्रकरण की उचित जांच की जानी चाहिए**

देश के कुछ किसान संगठनों ने शुक्रवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की उस महिला कांस्टेबल का समर्थन किया, जिसने अभिनेत्री एवं भारतीय जनता पार्टी की नव निर्वाचित सांसद कंगना रनौत को कथित तौर पर थप्पड़ मारा था। इन संगठनों ने कहा कि पूरे प्रकरण की उचित जांच की जानी चाहिए।

रनौत ने बृहस्पतिवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ की एक कांस्टेबल ने उनके चेहरे पर थप्पड़ मारा और उनके साथ दुर्व्यवहार किया। हिमाचल प्रदेश के मंडी से लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के दो दिन बाद यह घटना हुई है । संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा उन प्रमुख संगठनों में से है, जिन्होंने कहा कि वे सीआईएसएफ आरोपी महिला कांस्टेबल के साथ खड़े हैं। किसानों के विरोध प्रदर्शन पर कंगना के रुख को लेकर उनसे नाराज दिखाई देने वाली कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया है और जांच शुरू कर दी गयी है। हवाई अड्डों पर सुरक्षा प्रदान करने का काम करने वाली सीआईएसएफ ने भी घटना की 'कोर्ट ऑफ इंक्वायरी' का आदेश दिया है।

कंगना रनौत की आतंकवाद को लेकर की गई टिप्पणी की पंजाब के नेताओं ने की आलोचना

पंजाब के नेताओं हरसिमरत कौर बादल, बिक्रम सिंह मजीठिया और सुखपाल सिंह खैरा सहित कई अन्य ने अभिनेत्री एवं नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत की पंजाब में आतंकवाद को लेकर की गयी टिप्पणी के लिए आलोचना की है। रनौत ने कहा था कि पंजाब में आतंकवाद और अतिवाद बढ़ रहा है। गुरुवार को चंडीगढ़ हवाईअड्डे पर हुई एक चौका देने वाली घटना में सीआईएसएफ की एक महिला जवान ने कंगना को थप्पड़ मार दिया था। बताया जा रहा है कि महिला किसान आंदोलन को लेकर अभिनेत्री की टिप्पणी से आहत थी। शिरोमणि अकाली दल के सांसद बादल ने कहा कि किसी को भी पंजाबियों को आतंकवादी या उग्रवादी कहने और लोगों को सांप्रदायिक आधार पर बांटने की इजाजत दी जानी चाहिए। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री मजीठिया ने एक्स पर लिखा कि हालांकि वह किसी भी रूप में हिंसा के समर्थक नहीं हैं।

खेल डायरी

जैसमीन पाओलिनी फ्रेंच ओपन फाइनल में

पेरिस। इटली की जैसमीन पाओलिनी ने मिर्रा आंद्रीवा को 6 .3, 6 .1 से हराकर फ्रेंच ओपन फाइनल में प्रवेश कर लिया जो उनके कैरियर का पहला ग्रैंडस्लैम फाइनल होगा। इससे पहले किसी भी ग्रैंडस्लैम में चौथे दौर से आगे नहीं जा सकी पाओलिनी ने कहा कि ग्रैंडस्लैम फाइनल में पहुंचकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह असंभव जैसा था लेकिन अब सच हो गया है। अब उनका सामना शनिवार को दो बार की गत चैम्पियन इगा स्वियातेक से होगा। इटली के यानिक सिनेर अगर कार्लोस अल्काराज को हरा देते हैं तो वह भी पुरूष एकल फाइनल में पहुंच जायेंगे। आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन सिनेर चाहें जीते या हारें लेकिन सोमवार को रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंच जायेंगे। वहीं स्वियातेक ने कोको गाफ को 6 .2, 6 .4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। रोलां गैरो पर उनका जीत का सिलसिला 20 मैचों का हो गया।

प्रदर्शन में सुधार चाहेगी भारतीय हॉकी टीम

लंदन। पेरिस ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए भारतीय पुरूष हॉकी टीम इस सप्ताह के आखिर में जर्मनी और ब्रिटेन के खिलाफ एफआईएच हॉकी प्रो लीग के मुकाबलों में अपने प्रदर्शन में सुधार के इरादे से उतरेगी। भारत को शनिवार को विश्व चैम्पियन जर्मनी से खेलना है जबकि रविवार को ब्रिटेन से मुकाबला होगा। बेल्जियम चरण और लंदन में दो मैचों के बाद भारत 14 मैचों में 24 अंक लेकर चौथे स्थान पर है। जर्मनी छठे और ब्रिटेन सातवें स्थान पर है। उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि हमने कुछ अच्छी हॉकी खेली लेकिन कुछ क्षेत्रों में सुधार करना होगा। इन दो मैचों में हमारा लक्ष्य आक्रामक शुरूआत करने का होगा। हम अच्छी हॉकी खेलकर लय बनाये रखने की कोशिश करेंगे। बेल्जियम में भारत ने शूटआउट में अर्जेंटीना को हराया लेकिन बेल्जियम से 1-4 से हार गई। बेल्जियम ने उसे शूटआउट में हरया जिसके बाद भारत ने अर्जेंटीना को 5-4 से मात दी। लंदन में भारत ने जर्मनी को 3-0 से हराया लेकिन ब्रिटेन से 1-3 से टीम हार गई। हार्दिक ने कहा कि टीम को पता है कि ओलंपिक की तैयारी के लिए प्रो लीग के मैच कितने अहम है लिहाजा हम कोई कसर बाकी नहीं रखेंगे।

एसए20 लीग नौ जनवरी से आठ फरवरी 2025 तक

नई दिल्ली। बेतवे एसए20 लीग का तीसरा सत्र नौ जनवरी से आठ फरवरी 2025 के बीच खेला जायेगा। लीग के कमिश्नर ग्रीम स्मिथ ने शुक्रवार को यह घोषणा की। पहले दो सत्र की चैम्पियन सनराइजर्स ईस्टर्न कैप की नजरें लगातार तीसरे खिताब पर होंगी। स्मिथ ने कहा कि पहले दो सत्रों की सफलता के बाद हम एक बार फिर इस सिलसिले को जारी रखते हुए सभी को विश्व क्रिकेट के नामी गिरामी सितारों को खेलते देखना का मौका देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हम टूर्नामेंट के कार्यक्रम, नीलामी और खिलाड़ियों के नामों की घोषणा करेंगे। इसकी तैयारी चल रही है। हम खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिये खेल और मनोरंजन से भरा एक और सत्र लाने के लिये बेताब हैं।

पाकिस्तान क्रिकेट जगत ने अमेरिका से हार को काला दिन दिया करार

डलास के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में सुपर ओवर तक चले मैच में पूर्व चैंपियन को हराकर अमेरिका ने किया बड़ा उलटफेर

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट जगत ने आईसीसी टी20 विश्व कप में पदार्पण कर रहे अमेरिका के हाथों शिकस्त को अप्रत्याशित करार देते हुए इसे टीम के लिए 'काला दिन' करार दिया। अमेरिका ने डलास के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में सुपर ओवर तक चले मैच में पूर्व चैंपियन पाकिस्तान को हराकर इस विश्व कप का सबसे बड़ा उलटफेर किया।

पूर्व कप्तान यूनिस खान ने कहा कि पाकिस्तान की टीम ने इस मैच कई रणनीतिक गलतियां की, जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा। यूनिस ने कहा कि सुपर ओवर में जब बाए हाथ का गेंदबाज गेंदबाजी कर रहा था तब फखर जमां को स्ट्राइक लेनी चाहिए थी। कोई भी ऐसे बुरे दिन से सीख सकता है और मुझे उम्मीद है कि बाबर आजम और अन्य खिलाड़ी अब हर मैच को करो या करो के रूप में लेंगे। यूनिस के अनुसार सबसे निराशाजनक बात यह थी कि अमेरिका में पाकिस्तानी मूल के लोग बड़ी संख्या में रहते है, जो पूरे दिल से टीम का समर्थन कर रहे हैं।

अमेरिका को हलके में लेना भारी पड़ा , बाबर ने किया स्वीकार

डलास। अमेरिका के हाथों टी20 विश्व कप के पहले मैच में सुपर ओवर में मिली हार से स्तब्ध पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने स्वीकार किया कि विरोधी टीम को हलके में लेना उनकी टीम पर भारी पड़ गया। अमेरिका ने टूर्नामेंट का पहला उलटफेर करते हुए पूर्व चैम्पियन और पिछले उपविजेता पाकिस्तान को सुपर ओवर में हराया। पाकिस्तान को पिछले टी20 विश्व कप में जिम्बाब्वे ने हराया था और हाल ही में बाबर आजम की टीम द्विपक्षीय श्रृंखला में आयरलैंड से हारी है। बाबर ने कहा कि किसी भी टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ तैयारी जरूरी होती है। यह मानसिकता की बात है । सहयोगी देशों जैसी टीम के खिलाफ आप चीजों को हलके में ले लेते हैं। उन्होंने कहा कि आप अपनी रणनीति पर अमल नहीं कर पाते और सामने वाली टीम आपको हरा देती है। हमारे साथ यही हुआ। हमारी तैयारी अच्छी थी लेकिन मैच में हम रणनीति पर अमल नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि मैं निराश हूं। हमने तीनों विभागों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। हमने पहले छह ओवर का फायदा नहीं उठाया और दसवें ओवर के बाद विकेट गंवाते गए, जिससे लय ही नहीं बन सकी। बल्लेबाजों को अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा।

थेरोन ने रऊफ पर गेंद से छेड़खानी का लगाया आरोप

डलास। अमेरिकी गेंदबाज रस्टी थेरोन ने पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ पर टी20 विश्व कप के मैच के दौरान गेंद से छेडखानी का आरोप लगाया है। थेरोन अमेरिकी टीम का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रऊफ ने दो ओवर पुरानी गेंद पर नाखून लगाए, जिससे उन्हें रिवर्स स्विंग मिलने लगी। पहले दक्षिण अफ्रीका के लिए खेल चुके 38 वर्ष के थेरोन ने इस कथित घटना पर आंख मूंदने के लिये आईसीसी को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि आईसीसी , क्या हम यह दिखावा कर रहे हैं कि पाकिस्तान ने नई बदली गई गेंद को खरोचा नहीं है। दो ओवर के बाद ही गेंद को रिवर्स स्विंग कैसे मिलने लगी। आप साफ देख सकते हैं कि हारिस रऊफ ने गेंद पर नाखून लगाया है। अमेरिका ने पाकिस्तान को सुपर ओवर में हराकर विश्व कप का पहला उलटफेर किया। रऊफ ने चार ओवर में 37 रन दे डाले।

हार के बाद पाकिस्तानी टीम पर बरसे वसीम अकरम

डलास। महान तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने अमेरिका के खिलाफ सुपर ओवर में मिली हार पर पाकिस्तान की जमकर आलोचना करते हुए कहा कि अब टी20 विश्व कप के नॉकआउट चरण में जगह बनाना बाबर आजम की टीम के लिये कठिन होगा। अकरम ने कहा कि निराशाजनक प्रदर्शन। पाकिस्तान क्रिकेट के लिए यह बुरा दिन था। उन्होंने कहा कि अब पाकिस्तान को सुपर आठ चरण में जगह बनाने के लिए जूझना होगा क्योंकि अब उसे भारत (नौ जून) के बाद दो और अच्छी टीमों (आयरलैंड और कनाडा) से खेलना है। पाकिस्तान की 1992 विश्व कप जीत के नायक ने कहा कि मैच का निर्णायक मोड़ अमेरिका को शुरूआती विकेट मिलना था। उन्होंने कहा कि मैच का निर्णायक मोड़ यही था कि अमेरिका ने शुरूआती विकेट चटकाए। पाकिस्तान के लिए बाबर और शादाब ने छोटी सी साझेदारी की लेकिन उनके अलावा कोई नहीं चला । फील्डिंग बहुत खराब थी। उन्होंने कहा कि मुझे और पाकिस्तान के हर प्रशंसक को यकीन था कि हम अमेरिका को हराएंगे, लेकिन सुपर ओवर में 18 रन देने के बाद उम्मीदें ध्वस्त हो गई।

भारत के खिलाफ आगामी मैच टीम के लिए करो या मरो मुकाबले की तरह हो गया: मोहसिन खान

पूर्व सलामी बल्लेबाज मोहसिन खान ने कहा कि वह पाकिस्तान क्रिकेट के भविष्य को लेकर चिंतित हैं। मोहसिन 2010 से 2012 तक मुख्य कोच और मुख्य चयनकर्ता थे। मोहसिन ने कहा कि भारत के खिलाफ आगामी मैच टीम के लिए करो या मरो मुकाबले की तरह हो गया है। मोहसिन ने कहा कि हमें वह मैच हर हाल में जीतना होगा, नहीं तो हम सुपर आठ से बाहर हो जायेंगे। पाकिस्तान के सात विकेट पर 159 रन के जवाब में अमेरिका की टीम ने तीन विकेट पर 159 रन बनाये। इसके बाद सुपर ओवर में अमेरिका के 18 रन के जवाब में पाकिस्तान 13 रन ही बना पाया।

पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने नहीं दिखा आत्मसम्मान और जुझारूपन

क्रिकेट विश्लेषक ओमैर अलवी ने कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने वह आत्मसम्मान और जुझारूपन नहीं दिखाया जिसके लिए वह जाने जाते है। अमेरिका के खिलाफ उलटफेर से पहले, पाकिस्तान हाल के दिनों में अफगानिस्तान, जिम्बाब्वे और आयरलैंड जैसी टीमों से भी हार गया है। पूर्व कप्तान जावेद मियांदाद ने पउलटफेर करने के लिए अमेरिका की तारीफ की। उन्होंने कहा कि आप अमेरिका की तुलना में हमारे अनुभव और प्रदर्शन को देखें। मैं धैर्य बनाए रखने और अनुशासन के साथ खेलने के लिए अमेरिका को पूरा श्रेय देता हूं। उन्होंने जो कैच लपके उससे मैच उनके पक्ष में हो गया। हमारे प्रशंसकों में निराशा है लेकिन मुझे लगता है हमारी टीम रविवार को भारत को हराकर कुछ सम्मान हासिल कर सकती है। सोशल मीडिया पर यह अटकलें भी लगने लगीं कि पाकिस्तान ड्रेसिंग रूम में सब कुछ ठीक नहीं है।

पाकिस्तान के खिलाफ मैच के लिए तैयार पंड्या

न्यूयॉर्क। हार्दिक पंड्या पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप के आगामी मुकाबले को 'जंग' की तरह नहीं देखते लेकिन भारतीय हरफनमौला उस प्रतिद्वंद्वी का सामना करने को बेताब हैं जिसके खिलाफ उनका प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। भारत और पाकिस्तान की टक्कर रविवार को होगी और पंड्या चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पिछली सफलता दोहराना चाहेंगे।

रविवार को भिड़ेंगे भारत पाकिस्तान

पंड्या ने कहा कि मैं बड़े मैचों में खेलने को लेकर काफी रोमांचित रहता हूं। मुझे यह बहुत खास लगता है और पाकिस्तान ऐसी टीम है जिसके खिलाफ मैंने कई मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है। पंड्या ने पाकिस्तान के खिलाफ छह टी20 मैच खेलकर 84 रन बनाए, लेकिन 7.5 की इकॉनॉमी रेट से 11 विकेट भी लिये हैं। उन्होंने बीसीसीआई से कहा कि यह कोई जंग नहीं है, एक मैच ही तो है। भारत और पाकिस्तान के मैच हमेशा से रोमांचक होते रहे हैं। जज्बात का सैलाब उमड़ता है लेकिन मैं उम्मीद करता हूं कि हम अनुशासित प्रदर्शन करेंगे और एक ईकाई के रूप में अपना लक्ष्य हासिल करेंगे। अगर ऐसा कर सके तो एक और दिन अच्छा होगा।

थाईलैंड ओपन में लक्ष्य सेन की हार से भारतीय चुनौती समाप्त

जकार्ता, एजेंसी

इंडोनेशिया के जकार्ता के इस्तोरा स्टेडियम में पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल मैच में डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन के खिलाफ खेलते हुए लक्ष्य सेन।

स्टार शटलर लक्ष्य सेन की पुरुष एकल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में हार के साथ इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में शुक्रवार को यहां भारत की चुनौती समाप्त हो गई। दुनिया में 14वें नंबर के खिलाड़ी सेन एक घंटे और एक मिनट तक चले मैच में दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को कड़ी टक्कर देने के बावजूद 22-24, 18-21 से हार गये। दोनों खिलाड़ियों के बीच पांच मैचों में यह एंटोनसेन की तीसरी जीत है।

सेन और एंटोनसेन के बीच पहले गेम में काफी करीबी मुकाबला देखने को मिला। डेनमार्क के खिलाड़ी ने 4-0 की बढ़त के साथ शुरूआत की लेकिन सेन ने वापसी करते हुए स्कोर 5-5 से बराबर किया और फिर 15-11 की बढ़त बना ली। अब वापसी करने की बारी एंटोनसेन की थी। उन्होंने लगातार अंक जीतते हुए स्कोर को 16-16 से बराबर किया। दोनों खिलाड़ी 22 अंक तक लगभग बराबरी पर रहे लेकिन एंटोनसेन ने लगातार दो अंक बनाकर पहले गेम को 32 मिनट में जीत लिया। दूसरे गेम में भी कड़ा संघर्ष जारी रहा और दोनों खिलाड़ी एक समय 18-18 की बराबरी पर थे। सेन की गलतियों का फायदा उठाकर डेनमार्क के खिलाड़ी ने लगातार तीन अंक बनाये और मैच जीत लिया। सेमीफाइनल में एंटोनसेन का मुकाबला आठवीं वरीयता प्राप्त थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसार्न से होगा।

स्कॉटलैंड ने नामीबिया को 5 विकेट से हराया

ब्रिजटाउन, एजेंसी

ब्रैड व्हील के 3 विकेट, माइकल लीस्क के प्रदर्शन तथा कप्तान रिची बेरिंगटन की नाबाद 47 रन की पारी के दम पर स्कॉटलैंड ने टी-20 विश्वकप के 12वें मुकाबले में नामीबिया को 5 विकेट से हरा दिया है।

नामीबिया ने गुरुवार को हुए मैच में टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। शुरुआत में नामीबिया ने 37 रन अपने 3 गवां दिए थे। कप्तान गेरहार्ड इरासमस ने 31 बॉल पर 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। यह उनके टी-20 अंतर्राष्ट्रीय करियर का 10वां अर्धशतक था। जेन ग्रीन (28), निकोलस डेविन (20), डेविड वीजा (14), यान फ्रायलिंक (12) जेजे स्मिट (11) के योगदान से 20 ओवरों में नौ विकेट पर 155 रन बनाए। स्कॉटलैंड के ब्रैड व्हील ने 3, ब्रैडली करी को दो विकेट मिले। क्रिस सोल, क्रिस ग्रीव्स और माइकल लीस्क ने एक -एक विकेट लिए।

156 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्कॉटलैंड ने 73 के स्कोर तक 4 विकेट गवां दिये थे। जॉर्ज मंसी (7), माइकल जोंस (26), ब्रैंडन मक्मलेन (19) और मैथ्यू क्रॉस (3) रन बना सके। कप्तान रिचर्ड बेरिंग्टन ने 35 गेंदों में दो 47 रनों की पारी खेली। लीस्क ने 17 गेंद में 35 रन बनाये। क्रिस ग्रीव्स चार रन बनाकर नाबाद रहे। स्कॉटलैंड 18.3 ओवर में पांच विकेट पर 157 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया।

सिफत कौर ने म्यूनिख विश्व कप में जीता कांस्य पदक

म्यूनिख। भारतीय निशानेबाज सिफत कौर समारा ने शुक्रवार को आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/पिस्टल) के अंतिम दिन महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। भारत ने इस तरह से दो पदक जीत कर इस प्रतियोगिता में अपने अभियान का अंत किया।

सरबजोत सिंह ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता था। सिफत मामूली अंतर से रजत पदक से चूक गई। उन्होंने 452.9 अंक बनाए जो चीन की मौजूदा विश्व चैंपियन हान जियायू से केवल 0.1 कम था। ग्रेट ब्रिटेन की विश्व की नंबर एक खिलाड़ी सियोनैड मैकिन्टोश ने 466.7 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। सिफत नीलिंग पोजीशन के बाद सातवें और प्रोन पोजीशन के बाद पांचवें स्थान पर चल रही थी। स्टैंडिंग पोजीशन में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया जिससे वह कांस्य पदक जीतने में सफल रही।

कारूआना से प्रज्ञाननंदा को मिली मात, कार्लसन से हारे अलीरेजा

स्टावेंजर (नॉर्वे), एजेंसी

नॉर्वे शतरंज

भारतीय ग्रैंड मास्टर आर प्रज्ञाननंदा को नार्वे शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में अमेरिका के फेबियानो कारूआना से हार गए, जबकि विश्व के नंबर 1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को आर्मगेडन (टाइब्रेकर) में हराया। कार्लसन के अब 16 अंक हैं और उन्होंने हिकारू नाकामुरा पर 1.5 अंक की बढ़त हासिल कर ली है।

नाकामुरा को चीन के विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से हार का सामना करना पड़ा। कारूआना से आर्मगेडन में हारने के बावजूद प्रज्ञाननंदा 13 अंक लेकर तीसरे स्थान पर बने हैं। वह चौथे नंबर पर काबिज अलीरेजा से एक अंक आगे हैं। कारूआना के 10.5 अंक हैं और वह पांचवें स्थान पर हैं। लिरेन छह अंकों के साथ अंतिम स्थान पर हैं। महिला वर्ग में भारत की आर वैशाली को चीन की टिंगजी लेई के हाथों हार का सामना करना पड़ा जिससे वह चौथे स्थान पर खिसक गईं। भारतीय खिलाड़ी कोनेरू हम्पी भी चीन की वेन्जून जू से हार गईं। वेन्जून जू अब 16 अंक लेकर शीर्ष पर हैं। टिंगजी लेई और यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक उनसे 1.5 अंक पीछे संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। वैशाली 11.5 अंकों के साथ चौथे, जबकि हम्पी नौ अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। स्वीडन की अनुभवी खिलाड़ी पिया क्रैमलिंग 6.5 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर हैं। वैशाली क्लासिकल गेम में हारने वाली एकमात्र खिलाड़ी रही। बाकी सभी बाजियां ड्रॉ रही, जिसके बाद परिणाम के लिए आर्मगेडन का सहारा लिया गया।

मायूस होने की जरूरत नहीं है हम अब भी दौड़ में : स्टिमक

कोलकाता, एजेंसी

भारतीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमक ने कहा कि उनकी टीम को कुवैत के खिलाफ विश्व कप के क्वालीफाइंग मैच गोलरहित ड्रॉ रहने पर निराश होने की जरूरत नहीं है क्योंकि टीम अभी भी तीसरे दौर की दौड़ में बनी हुई है।

करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री के आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच में भारतीय टीम ने निराश किया। छेत्री ने अपने 19 साल के करियर में 151 मैचों में 94 गोल दागकर विदा ली। स्टिमक ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हमें निराश होने की जरूरत नहीं है क्योंकि हम अभी भी दौड़ में हैं। अगले पांच दिन में पूरी कोशिश करूंगा कि टीम में यह आत्मविश्वास पैदा कर सकूं कि हम कतर को हरा सकते हैं। यह छोटी सी आशा है लेकिन है और हमें खुद पर भरोसा करके अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत को अब एशियाई दिग्गज कतर से 11 जून को खेलना है। वहीं कुवैत की टीम अफगानिस्तान से खेलेगी। भारत को हर हालत में हार से बचना होगा। कोच ने छेत्री का आखिरी मैच देखने बड़ी तादाद में आये दर्शकों को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रशंसकों की तारीफ करनी होगी जो बड़ी तादाद में आये। हम नतीजे से निराश है। मैच कठिन था और उन्होंने बेहतर शुरूआत की। हमें लय पकड़ने में समय लगा।

वुशु के साथ खेलो इंडिया महिला लीग का चौथा सत्र शुरू

नई दिल्ली। खेलो इंडिया महिला लीग का 2024-25 संस्करण 10 जून को कर्नाटक के बागलकोट में दक्षिण क्षेत्र वुशु लीग के साथ शुरू होगा। इसमें सांडा और ताओलू स्पर्धाओं में सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर श्रेणियों में कुल 300 एथलीट भाग लेंगे। इसमें आंध्र प्रदेश, पांडिचेरी, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, अंडमान और निकोबार, लक्षद्वीप और ओडिशा के वुशु खिलाड़ी भाग ले सकते है।

लीग में सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर स्पर्धाओं के शीर्ष आठ वुशू एथलीटों में 7.2 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की जाएगी। राष्ट्रीय वुशू मुख्य कोच कुलदीप हांडू ने कहा, "खेलो इंडिया महिला लीग ने वुशू को राष्ट्रीय स्तर पर बहुत बढ़ावा दिया है और तीनों डिवीजनों सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर की महिला एथलीट इससे लाभान्वित हो रही हैं।

टी-20 विश्वकप न्यूजीलैंड को मिला है कठिन ग्रुप सी, जिसमें दो बार की चैंपियन मेजबान वेस्टइंडीज जैसी टीमें शामिल

न्यूजीलैंड के सामने आईपीएल सितारों से भरी अफगानिस्तान की चुनौती

प्रोविडेंस, एजेंसी

न्यूजीलैंड की टीम टी20 विश्व कप में ग्रुप सी के मैच में शनिवार को आईपीएल सितारों से भरी अफगानिस्तान टीम के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी तो विरोधी को हलके में लेने की गलती करने से बचना होगा। न्यूजीलैंड को कठिन ग्रुप मिला है जिसमें दो बार की चैम्पियन मेजबान वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान जैसी टीमें हैं।

बारिश के कारण अभ्यास सत्र रद होने से न्यूजीलैंड की तैयारी पर असर पड़ा है। उसे पहले दो मैचों में अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज से खेलना है। अफगानिस्तान की टीम ने यहां पहला मैच जीता है और हालात से अच्छी तरह वाकिफ हो गई है। न्यूजीलैंड की ताकत हालांकि आईसीसी टूर्नामेंटों में हालात के अनुरूप तुरंत ढलना रही है और टीम पिछले कुछ साल में लगातार अच्छा प्रदर्शन करती आई है। उसके पास अनुभवी खिलाड़ियों के अलावा फिन एलेन और रचिन रविंद्र जैसे युवा खिलाड़ी भी है। कागजों पर कीवी टीम बेहद मजबूत लग रही है जिसके पास बल्लेबाजी में गहराई और गेंदबाजी में विविधता है। नई गेंद ट्रेंट बोल्ट संभालेंगे जिनका साथ देने के लिये लॉकी फर्ग्युसन और टिम साउदी हैं। बायें हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनेर ने भी वेस्टइंडीज में अच्छा प्रदर्शन किया है और उनका इकॉनॉमी रेट 5.5 रहा है।

अफगानिस्तान: राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नैब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक। रिजर्व : सेदिक अटल, हजरतुल्लाह जजई, सलीम सफी।

न्यूजीलैंड: केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, जिमी नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउथी। रिजर्व : बेन सियर्स।

मैच : सुबह पांच बजे से।

विलियमसन ने की अफगानिस्तान के गेंदबाजों की प्रशंसा

प्रोविडेंस (गयाना)। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन का मानना है कि अफगानिस्तान के पास टी20 विश्व कप में खेल रही टीमों में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण में से एक है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनुभव हासिल करने के बाद उनका प्रदर्शन लगातार बेहतर होता जा रहा है। न्यूजीलैंड के टीम विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत अफगानिस्तान के खिलाफ करेगी। इस प्रारूप में इन दोनों टीमों के बीच अभी तक केवल एक मैच खेला गया है। विलियमसन ने कहा कि निश्चित तौर पर उनके पास कई अच्छे खिलाड़ी हैं। ईमानदारी से कहूं तो उनके पास बेहद कुशल खिलाड़ी हैं। उनके पास इस प्रतियोगिता में भाग ले रही टीमों में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण में से एक है। अफगानिस्तान के पास कप्तान राशिद खान, मुजीब उर रहमान और नूर अहमद के रूप में चोटी के स्पिनर हैं। विलियमसन आईपीएल में राशिद खान के साथ ड्रेसिंग रूम साझा कर चुके हैं। न्यूजीलैंड के कप्तान ने कहा कि हमने फ्रेंचाइजी प्रतियोगिताओं में देखा कि अफगानिस्तान के कई खिलाड़ी उसमें खेलते हैं और उनका प्रदर्शन लगातार बेहतर होता जा रहा है। उन्हें निरंतर शीर्ष स्तर पर खेलने का मौका मिल रहा है। हमने पिछले विश्व कप में देखा था कि वनडे में उनकी टीम कितनी अच्छी है। उनकी टीम बेहद कुशल है और कड़ी चुनौती पेश कर सकती है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

बांग्लादेशी सांसद की हत्या का आरोपी भारत को सौंपा

काठमांडू, एजेंसी

- अवामी लीग के सांसद 12 मई को इलाज के लिए कोलकाता गए थे

नेपाल ने पिछले महीने कोलकाता में हुई बांग्लादेशी सासंद अनवारुल अजीम अनार की नृशंस हत्या के मुख्य आरोपियों में से एक को भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया है। शुक्रवार को एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। एक समाचार पोर्टल ने पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया, नेपाल पुलिस द्वारा संपर्क किए जाने के बाद सोमवार की सुबह नेपाल की इंटरपोल शाखा ने मोहम्मद सियाम हुसैन को भारतीय अधिकारियों के सुपुर्द कर दिया।

समाचार पोर्टल की खबर के अनुसार, हत्या के बाद नेपाल भाग गए हुसैन को पिछले गुरुवार को नेपाल के सीमावर्ती इलाके से गिरफ्तार किया गया। बांग्लादेशी सासंद के परिचित द्वारा 18 मई को दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार 56 वर्षीय अवामी लीग के सांसद अनार 12 मई को इलाज के लिए कोलकाता गए थे लेकिन 17 मई को उनसे संपर्क नहीं हो सका।

भारत में विशिष्ट लोगों को मिलता है सुरक्षा घेरा

भारत में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री या फिर अन्य गणमान्यों को जेड+, जेड, वाई और एक्स श्रेणी की सुरक्षा की जाती है। यह सुरक्षा कई प्रमुख सुरक्षा एजेंसी द्वारा प्रदान की जाती है जिनमें एसपीजी, एनएसजी, आईटीबीपी और सीआरपीएफ जैसी एजेंसी शामिल हैं। इस सुरक्षा को लेने के लिए सरकार को एप्लीकेशन देनी होती है, इसके बाद खुफिया एजेंसी व्यक्ति को होने वाले खतरे का अंदाजा लगाती हैं और उसके बाद ही सुरक्षा तय की जाती है। गृह सचिव और डायरेक्टर जनरल और चीफ सेक्रेटरी की कमेटी तय करती है कि किस व्यक्ति को कौन सी सुरक्षा दी जाए। इसके बाद व्यक्ति का विवरण औपचारिक मंजूरी के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को भी दिया जाता है।



अधिकांश सेलेब्रिटी को मिलती है जेड श्रेणी सुरक्षा

जेड श्रेणी में 22 कर्मियों का सुरक्षा कवर होता है, जिसमें 6 एनएसजी कमांडो और पुलिस कर्मी शामिल होते हैं। यह दिल्ली पुलिस या आईटीबीपी या सीआरपीएफ कर्मियों द्वारा प्रदान की जाती है। उदाहरण के लिए योग गुरु रामदेव और कई अभिनेताओं को जेड सुरक्षा प्रदान की जाती है।

यह होती है सिक्योरिटी सिस्टम की प्रक्रिया

यदि किसी व्यक्ति को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिलती है, तो उसे पूरे देश में सुरक्षा मिलेगी, इसके लिए एक तंत्र है। जैसा कि ऊपर बताया गया है, जेड श्रेणी की सुरक्षा में एनएसजी या सीआईएसएफ जैसी सुरक्षा एजेंसियां तैनात होती हैं, लेकिन जब कोई व्यक्ति राज्य से बाहर जाता है, तो उसके साथ कुछ ही कमांडो जाते हैं। बाकी सुरक्षा प्रदान करना उस विशेष राज्य की जिम्मेदारी है। लेकिन, इसके लिए वीआईपी को राज्य में दौरे की पूर्व सूचना देनी होगी। इस प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था कभी उजागर नहीं की जाती है।

वाई श्रेणी में आठ और एक्स श्रेणी में दो सुरक्षा कर्मी तैनात

वाई श्रेणी में आठ सुरक्षा कर्मियों का सुरक्षा कवर होता है, जिसमें 2 कमांडो और पुलिसकर्मी शामिल होते हैं। इसमें दो निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) प्रदान किए जाते हैं। भारत में इस श्रेणी की सुरक्षा पाने वाले लोगों की संख्या काफी हैं। वहीं एक्स श्रेणी में दो कर्मियों (कोई कमांडो नहीं, केवल सशस्त्र पुलिस कर्मी) का सुरक्षा कवर होता है। यह एक पीएसओ द्वारा प्रदान किया जाता है।

प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, राज्य के सीएम को जेड+ सुरक्षा

जेड प्लस भारत में सुरक्षा की सर्वोच्च श्रेणी है। इसमें 10 प्लस एनएसजी कमांडो और पुलिस कर्मियों सहित 55 कर्मियों का सुरक्षा कवर प्रदान किया जाता है। प्रत्येक कमांडो मार्शल आर्ट और निहत्थे युद्ध में विशेषज्ञ होता है। देश में जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त लोगों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष अमित शाह, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और कुछ अन्य लोग शामिल हैं।

एक नजर

सुनीता विलियम्स ने बोइंग स्टारलाइनर आईएसएस पर उतारा

ह्यूस्टन। नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके सहयोगी बुच विल्मोर ने बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से सफलतापूर्वक जोड़ दिया है। रास्ते में आई कुछ नई समस्याओं को दूर करने के बाद यह संभव हो पाया है। विलियम्स (58) ने विल्मोर के साथ बुधवार को तीसरी बार अंतरिक्ष की यात्रा की।

अमेरिकी संसद को संबोधित करेंगे नेतन्याहू

वाशिंगटन। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू 24 जुलाई को अमेरिकी संसद को संबोधित कर सकते हैं। इससे उन्हें इजराइल-हमास के बीच जारी युद्ध के महत्वपूर्ण बिंदुओं का उल्लेख करने का मौका मिलेगा। अमेरिकी नेताओं ने पिछले सप्ताह नेतन्याहू को सांसदों को संबोधित करने के लिए औपचारिक रूप से आमंत्रित किया था और गुरुवार देर रात संबोधन की तारीख तय की।

फिलेमोन यांग संरा महासभा के नये अध्यक्ष

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने कैमरून के पूर्व प्रधानमंत्री फिलेमोन यांग को अपना नया अध्यक्ष चुना है। मीडिया रिपोर्टों के श्री यांग सितंबर में शुरू होने वाले महासभा के 69वें सत्र की अध्यता करेंगे। महासभा के आगामी सत्र की थीम और उनका मुख्य संदेश 'विविधता में एकता, शांति की उन्नति, सतत विकास तथा हर जगह सभी के लिए मानवीय सम्मान' है।

बाइडन ने जेलेंस्की से माफी मांगी

पेरिस। अमेरिका के राष्ट्रपति जो. बाइडन ने शुक्रवार को पहली बार सार्वजनिक रूप से यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से अमेरिकी सैन्य सहायता में महीनों की देरी के लिए माफी मांगी। हथियारों की आपूर्ति में देरी के कारण रूस को युद्ध के मैदान में बढ़त हासिल करने में मदद मिली। पेरिस डी-डे लैंडिंग की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित समारोह में दोनों नेता शामिल हुए। इस मौके पर बाइडन ने जेलेंस्की से कहा कि वह यूक्रेनी लोगों से उन महीनों के लिए माफी मांगते हैं जब उन्हें यह पता नहीं था कि और सहायता आएगी या नहीं।

हूती ने संरा के नौ कर्मी बंधक बनाए

इजराइल-हमास युद्ध को लेकर लाल सागर गलियारे में जहाजों को निशाना बनाया

दुबई, एजेंसी

बढ़ते वित्तीय दबाव और अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन से हवाई हमलों का सामना कर रहे हूती विद्रोहियों ने संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के कम से कम नौ यमनी के कर्मचारियों को बंधक बना लिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सहायता समूहों के लिए काम करने वाले अन्य लोगों को भी बंधक बनाए जाने की आशंका है।

ये घटना ऐसे समय हुई है जब हूती विद्रोहियों ने लगभग एक दशक पहले यमन की राजधानी पर कब्जा कर लिया था और उसके बाद से ही सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ लड़ रहे हैं। हूती विद्रोहियों ने गाजा पट्टी में इजराइल-हमास युद्ध को लेकर लाल सागर गलियारे में जहाजों को निशाना बनाया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हालांकि अधिक ध्यान आकर्षित करने के साथ-साथ इस गुप्त समूह ने घरेलू स्तर पर असहमति के खिलाफ भी कार्रवाई की है, जिसमें हाल ही में 44 लोगों को मौत की सजा सुनाना भी शामिल है। क्षेत्रीय अधिकारियों ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर एसोसिएटेड प्रेस से कहा कि संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों में काम करने वाले कर्मचारियों को बंधक बनाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार एजेंसी, इसके विकास कार्यक्रम, विश्व खाद्य कार्यक्रम के कर्मचारी तथा इसके विशेष दूत के कार्यालय में काम करने वाला एक व्यक्ति शामिल है। बंधक बनाए एक कर्मचारी की पत्नी को भी विद्रोहियों ने पकड़ रखा है। संयुक्त राष्ट्र ने इस पर तत्काल टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। माय्यून ऑर्गनाइजेशन फॉर ह्यूमन राइट्स ने बंधक बनाए गए संयुक्त राष्ट्र कर्मचारियों की पहचान की है।

मध्य गाजा में इजराइली हमले के बाद क्षतिग्रस्त इमारतें।

मध्य गाजा में इजराइली हमलों में 18 लोगों की मौत

यरूशलम। मध्य गाजा में गुरुवार देर रात इजराइल के हवाई हमलों में बच्चों सहित कम से कम 18 लोग मारे गए। स्वास्थ्य अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इससे एक दिन पहले, एक स्कूल परिसर पर किए गए हमले में 33 लोग मारे गए थे, जहां विस्थापित फलस्तीनियों ने शरण ले रखी थी। अधिकारियों ने बताया कि नुसैरत और मागजी शरणार्थी शिविरों तथा देर अल-बला और जावैदा कस्बों में शरणार्थी शिविरों पर हमले किए गए। अस्पताल के रिकॉर्ड के अनुसार, जान गंवाले वाले लोगों में चार बच्चे और एक महिला तथा नुसैरत शरणार्थी शिविर के मेयर भी शामिल हैं। इजराइली सेना ने शुक्रवार को कहा कि मध्य गाजा में उसका अभियान जारी है और सैनिकों ने दर्जनों आतंकियों को मार गिराया तथा इलाके में बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाया है।

ठोस ईंधन वाली फिलिस्तीनी मिसाइल का किया प्रक्षेपण

दुबई, एजेंसी। यमन के हूती विद्रोहियों ने अपने शस्त्रागार में एक नई, ठोस ईंधन वाली मिसाइल का प्रदर्शन किया और उसका प्रक्षेपण किया। यह मिसाइल ईरान द्वारा पहले प्रदर्शित की गई मिसाइल से मिलती जुलती है जिसे तेहरान ने हाइपरसोनिक गति से उड़ने वाला बताया है। विद्रोहियों ने सोमवार को इजराइल में दक्षिणी खाड़ी क्षेत्र में अकाबा के ईलात बंदरगाह पर अपनी नई फिलिस्तीनी मिसाइल दागी। प्रक्षेपण के कारण हवाई हमले के सायरन बज उठे लेकिन किसी प्रकार की क्षति की सूचना नहीं है। बुधवार देर रात हूतियों द्वारा जारी किए गए फुटेज में फिलिस्तीन को एक मोबाइल लॉन्चर पर रखा हुआ और बाद में हवा में जाते हुए देखा गया जिसके इंजन से सफेद धुआं निकल रहा था। ठोस ईंधन वाली मिसाइलों में सफेद धुआं निकलना आम बात है। ठोस ईंधन वाली मिसाइल को तरल ईंधन वाली मिसाइल की तुलना में तेजी से स्थापित किया और दागा जा सकता है। ईरानी मीडिया ने फिलिस्तीन के प्रक्षेपण की जानकारी दी।

दो डॉक्टर, अस्पताल कर्मी एवं बिचौलिए को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

पुणे, एजेंसी। पुणे की एक अदालत ने 19 मई के पोर्श दुर्घटना मामले में शुक्रवार को ससून अस्पताल के दो चिकित्सकों और एक कर्मचारी के साथ-साथ एक अन्य व्यक्ति को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मध्यप्रदेश के रहने वाले दो आईटी पेशेवरों की उस दिन तड़के कल्याणी नगर में उस समय मौत हो गई, जब उनकी मोटरसाइकिल को कथित तौर पर नशे में धुत्त एक नाबालिग लड़के द्वारा चलाई जा रही तेज रफ्तार पोर्श कार ने टक्कर मार दी। ससून अस्पताल के डॉ. अजय तावड़े, डॉ. श्रीहरि हलनौर, अतुल घटकांबले और अमर गायकवाड़ को जिला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वी आर कचारे की अदालत में पेश किया गया, जिन्होंने सभी अरोपियों को 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। तोवड़े, हलनौर एवं घटकांबले पर किशोर के माता-पिता के साथ मिलकर रक्त के नमूनों को बदलने की साजिश रचने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, गायकवाड़ ने आरोपी डॉक्टरों और किशोर के पिता के बीच बिचौलिये के रूप में काम किया था। जांच अधिकारी (आईओ) सुनील तांबे ने अदालत को बताया कि गायकवाड़ और एक अन्य कथित बिचौलिये अशफाक मकानदर की पुलिस हिरासत 10 जून को समाप्त हो रही थी, लेकिन उनकी भूमिका के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलने के बाद से गायकवाड़ की मजिस्ट्रेट हिरासत रिमांड (एमसीआर) की मांग की जा रही है।

पुणे कार हादसा

केन्या से हिमालय पहुंचीं ग्लोब स्किमर ड्रैगनफ्लाई

राकेश सनवाल, भीमताल

अमृत विचार : यदि आप हिमालय क्षेत्र में रहते हैं तो इन दिनों और एक विशेष प्रकार की ड्रैगनफ्लाई हजारों लाखों की संख्या में अपने आसपास उड़ते हुए देख रहे होंगे। यह ग्लोब स्किमर ड्रैगनफ्लाई हैं। इन दिनों ये अरबों, खरबों और उससे भी अधिक संख्या में हिमालय क्षेत्र में प्रवास के लिए आई हुई हैं।

बटर फ्लाई शोध संस्थान के निदेशक पीटर स्मैटाचैक बताते हैं कि यह ड्रैगनफ्लाई अपनी चौथी पीढ़ी के रूप में इन दिनों हिमालय क्षेत्र में है। अभी यह ड्रैगनफ्लाई भारत में केन्या से आई हैं। हिमालयी क्षेत्र में इनका प्रवास 15 से 20 दिनों का रहता है। इस दौरान इसकी यह पीढ़ी यहां (भारत) में अंडे देगी और मर जाएगी।

इसके बाद अंडों से निकलने वाली ड्रैगन फ्लाई फिर केन्या वापस जाएंगी। वहां वह पीढ़ी अंडे देगी और वहीं मर जाएंगी। वहां उन अंडों से निकले बच्चे केन्या से दक्षिण अफ्रीका जाएंगे। वहां वह अंडे देंगे और मर जाएंगे। वहां अंडों से निकले बच्चे केन्या का रुख करते हैं और फिर वहां अंडे देंगे। इसी चक्र के तहत ड्रैगनफ्लाई फिर भारत पहुंचेंगी। इस तरह यह ड्रैगनफ्लाई चार पीढ़ी में लगभग 25 हजार किलोमीटर का सफर तय करती हैं।

अमूर फाल्कन से ड्रैगन फ्लाई का विशेष संबंध

अमूर फाल्कन बाज परिवार का एक छोटा शिकारी पक्षी है। यह दक्षिणी और पूर्वी अफ्रीकी तटों में सर्दियों के लिए भारत और अरब सागर में बड़े झुंडों में प्रवास करने से पहले दक्षिण-पूर्वी साइबेरिया और उत्तरी चीन में प्रजनन करता है। पक्षी विशेषज्ञों के मुताबिक अमूर फाल्कन एक मात्र ऐसा मांसाहारी पक्षी है जो कि माइग्रेट करते हुए समुद्र के बीच से भी गुजरती है और ऐसे में भी कभी यात्रा के दौरान नहीं उतरती है। बताते हैं कि अमूर फाल्कन ग्लोब स्किमर ड्रैगनफ्लाई के साथ उड़ान भरती है और रास्ते में इनको खाती है और इसलिए रास्ते भर उसको भोजन मिलता रहता है।

दक्षिण भारत में पाई जाने वाली ड्रैगनफ्लाई भी इसी प्रजाति की है। लेकिन, दक्षिण भारत की यह ड्रैगनफ्लाई माइग्रेट नहीं करती है। -पीटर स्मैटाचैक, निदेशक बटर फ्लाई शोध संस्थान

रूस में मेडिकल के चार भारतीय छात्र नदी में डूबे

मॉस्को, एजेंसी

- सेंट पीटर्सबर्ग के निकट एक नदी में हुआ हादसा

रूस में मेडिकल के चार भारतीय छात्रों की सेंट पीटर्सबर्ग के निकट एक नदी में डूब से मौत हो गयी है। रूस में भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को कहा वेलिकि नोवगोरोड शहर में नोवगोरोड स्टेट यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले भारतीय मेडिकल छात्र - दो लड़के और दो लड़कियां - रूस में सेंट पीटर्सबर्ग के पास एक नदी में डूब गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार,एक छात्रा वोल्खोव नदी में डूबने लगी। चार छात्रों ने उसे बचाने की कोशिश की। इस दौरान छात्रा और उसे बचाने गये चार में से तीन छात्रों की डूबने से मौत हो गयी। एक छात्र को बचा लिया गया।

दूतावास ने कहा, शवों को जल्द से जल्द रिश्तेदारों तक पहुंचाने के लिए काम कर रहे हैं। जिस छात्र की जान बच गई है, उसे उचित उपचार भी प्रदान किया जा रहा है। सेंट पीटर्सबर्ग में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कहा कि ये छात्र वेलिकी नोवगोरोड स्टेट यूनिवर्सिटी में चिकित्सा शिक्षा प्राप्त कर रहे थे। उसने एक्स पर लिखा शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना। महावाणिज्य दूतावास ने कहा कि वह वेलिकी नोवगोरोड के स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है ताकि शवों को जल्द से जल्द उनके रिश्तेदारों तक पहुंचाया जा सके।

मोदी-लाई की बातचीत सिर्फ शिष्टाचार

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता ने चीन की आपत्ति के संबंध में दिया जवाब

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग ते के बीच बधाई संदेशों के अदान प्रदान पर चीन की आपत्ति पर अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दो विदेशी नेताओं का इस प्रकार के बधाई संदेश देना राजनयिक शिष्टाचार का हिस्सा है।

विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने गुरुवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, मैं कहूंगा कि इस तरह के बधाई संदेश राजनयिक शिष्टाचार का हिस्सा हैं। मिलर ने चीन की आपत्ति के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में यह बात कही। दरअसल लोकसभा चुनाव में मोदी की जीत पर ताइवान के राष्ट्रपति ने उन्हें बधाई संदेश भेजा था जिसके प्रत्युत्तर में मोदी ने बुधवार को कहा था कि वह ताइवान के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए उत्सुक हैं। लाई पिछले महीने ही ताइवान के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा था, चुनाव में जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मेरी हार्दिक बधाई। हम तेजी से बढ़ती ताइवान-भारत साझेदारी को बढ़ाने, व्यापार, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में अपने सहयोग का विस्तार करने के लिए तत्पर हैं।

ताइवान ने विरोध करने पर की चीन की निंदा

ताइपे, एजेंसी। ताइवान ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी जीत के बाद ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते और उनके बीच ट्वीट्स के आदान-प्रदान का विरोध करने पर चीन की निंदा की। ताइवान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दो लोकतंत्रों के नेताओं के बीच एक्स पर सौहार्दपूर्ण आदान-प्रदान पर चीन की नाराजगी अनुचित है और ताइवान भारत के साथ साझेदारी बनाने के लिए समर्पित है। ताइवान ने पोस्ट में कहा, दो लोकतंत्रों के नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण आदान-प्रदान पर चीन की नाराजगी पूरी तरह से अनुचित है। ताइवान भारत के साथ पारस्परिक लाभ और साझा मूल्यों के आधार पर साझेदारी बनाने के लिए समर्पित है।

इमरान ने सुप्रीम कोर्ट में दिया केजरीवाल का उदाहरण

इस्लामाबाद, एजेंसी

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने उनके साथ किये गए दुर्व्यवहार की उच्चतम न्यायालय में शिकायत की और भारत में लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने का उदाहरण दिया। राष्ट्रीय जवाबदेही अध्यादेश में संशोधन से जुड़े एक मामले में प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की पांच सदस्यीय पीठ के समक्ष गुरुवार को अपनी पेशी के दौरान, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के अध्यक्ष ने अप्रैल 2022 में प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ होने के बाद से उन्हें प्रताड़ित किये जाने की शिकायत की।

न्यायमूर्ति अमीनुद्दीन खान, न्यायमूर्ति जमाल खान मंदोखेल, न्यायमूर्ति अतहर मिनाल्ला और न्यायमूर्ति सैयद हसन अजहर रिजवी भी पीठ में शामिल हैं। न्यायमूर्ति मिनाल्ला ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि खान जेल में हैं जबकि वह एक बड़ी पार्टी के प्रमुख हैं जिसके लाखों समर्थक हैं।

बॉलीवुड हलचल

पति, पत्नी और पड़ोसी लोगों को गुदगुदाने के लिए तैयार

मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न का कॉमेडी शो मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे दर्शकों के लिए गेम्स नाइट थीम पर आधारित एक दिलचस्प एपिसोड लेकर आएगा, जिसमें फन टास्टिक कॉमेडियन गैम्स और मज़ेदार वन-लाइनर्स के साथ प्रफुल्लित करने वाले गेम खेलेंगे। जाने-माने कॉमेडियन परितोष त्रिपाठी, सागर करांडे और हेमांगी कवि टीम बनाकर अपना अनूठा गैग पति, पत्नी और पड़ोसी पेश करने वाले हैं, जिसमें हेमांगी पत्नी की भूमिका निभाएंगी, जो अपने पति के लिए स्वादिष्ट खाना लेकर आती है, जिसकी भूमिका सागर ने निभाई है। जैसे ही वे अंदर जाने वाले होते हैं, उनका तंग करने वाला पड़ोसी, जिसका किरदार परितोष ने निभाया है, बिन बुलाया मेहमान बनकर आ जाता है। यह दंपत्ति अपना खाना छुपाने और उसे घर से बाहर निकालने के लिए बड़े मज़ेदार तरीके से संघर्ष करते हैं। जैसे ही पड़ोसी को छुपी हुई दावत का पता चलता है, हंगामा मच जाता है, जिससे जोड़े को हास्यास्पद तरीके से उसका पीछा करना पड़ता है! परितोष त्रिपाठी ने कहा,लोगों के जीवन में झगड़ालू पड़ोसी काफी परेशान करने वाली हकीकत है।

वरुण धवन की फिल्म जुग-जुग जियो का बनेगा सीक्वल!

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो वरुण धवन की सुपरहिट फिल्म जुग-जुग जियो का सीक्वल बनाया जा सकता है। करण जौहर निर्मित फिल्म वर्ष 2022 में रिलीज हुई थी। जुग-जुग जियो में वरुण धवन, कियारा आडवाणी, अनिल कपूर और नीतू कपूर जैसे सितारे थे। इस फिल्म में दो अलग-अलग जेनरेशन के कपल को दिखाया गया था। जुग-जुग जियो 2 पर काम किया जा रहा है। इस बार यह फिल्म नए टाइटल के साथ आ सकती है। चर्चा है कि जुग जुग जियो के सीक्वल में एक बार फिर वरुण धवन नजर आ सकते हैं। संभव है कि टाइगर श्रॉफ भी इस फिल्म का हिस्सा बने। कहा जा रहा है कि यह एक एक्शन फिल्म होने वाली थी, जिसमें वरुण और टाइगर लीड रोल में होंगे। निर्देशक राज मेहता के साथ राइटर्स की एक टीम ने इस मूवी की स्क्रिप्ट पर काम करना शुरू कर दिया है। कहा जा रहा है कि मेकर्स इस फिल्म की शूटिंग इस साल के अंत या 2025 की शुरुआत में कर सकते हैं।

21 जून से स्ट्रीम किया जाएगा बिग बॉस ओटीटी 3

मुंबई, एजेंसी। बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 ,जियो सिनेमा पर 21 जून से स्ट्रीम किया जाएगा। रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 प्रीमियर के लिए तैयार है। इस बार सलमान खान शो की मेजबानी नहीं करेंगे।अनिल कपूर शो को होस्ट करने जा रहे हैं। शो की लॉन्चिंग डेट का खुलासा कर दिया गया है। बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 जियो सिनेमा पर 21 जून से स्ट्रीम किया जाएगा। अनिल कपूर ने इस शो को लेकर कहा है कि, बिग बॉस ओटीटी और मैं एक ड्रीम टीम हैं। हम दोनों दिल से जवान हैं। लोग अक्सर कहते हैं मजाक में कि मैं रिवर्स एजिंग हूं, लेकिन बिग बॉस में ये खूबी है। ऐसा महसूस होता है जैसे स्कूल वापस जाना, कुछ नया और रोमांचक प्रयास करना। मैं बिग बॉस में उसी ऊर्जा को 10 गुना अधिक लाने जा रहा हूं।

खगोल विज्ञान इस खोज को आश्चर्यजनक मान रहे हैं वैज्ञानिक, एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में प्रकाशित हुई खोज

यह ग्रह तारे के करीब होने के बावजूद बनाए हैं वजूद

अमृत विचार, नैनीताल

- ग्रह का नाम हॉट-नेप्च्यून एक्सोप्लैनेट टीआईसी 365102760 बी व उपनाम फीनिक्स रखा गया
- इसके आकार प्रकार को लेकर वैज्ञानिक इसे सुपर-पफ हॉट नेपच्यून कह रहे, तारे की उम्र कम से कम 6.3 अरब वर्ष है

वैज्ञानिकों ने दूर गगन में एक ऐसे ग्रह की खोज की है, जो अपने सूर्य के बेहद करीब होने के बावजूद वातावरण का वजूद बनाए हुए है। खोजे गए इस ग्रह का नाम हॉट-नेप्च्यून एक्सोप्लैनेट टीआईसी 365102760 बी व उपनाम फीनिक्स रखा गया है। इस खोज को वैज्ञानिक आश्चर्यजनक बता रहे हैं। इस ग्रह का स्वामी रेड जायंट स्टार है। इसके आकार प्रकार को लेकर वैज्ञानिक इसे सुपर-पफ हॉट नेपच्यून कह रहे हैं। एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में यह खोज प्रकाशित हुई है।

यह ग्रह सिग्नस तारामंडल में मौजूद है, जो हमसे 1,810 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। इसके तारे की उम्र कम से कम 6.3 अरब वर्ष है। यह ग्रह हर 4.2 दिनों में अपने तारे की परिक्रमा पूरी करता है। इस बाहरी ग्रह की दुनिया खगोलविदों की सोच से आश्चर्यजनक रूप से छोटी, पुरानी और बेहद गर्म है। यह दुर्लभ एक्सोप्लैनेट की श्रेणी में आता है। अपने मेजबान तारे के बहुत करीब और बहुत अधिक गर्म होने के बावजूद, इसका वातावरण बरकरार है। मगर अभी तक इसका कारण पता नहीं लग सका है। इसका आकार पृथ्वी से 6.2 गुना बड़ा है। बुध व सूर्य की दूरी की तुलना में अपने तारे से लगभग 6 गुना अधिक करीब है। यह भीषण तापमान के साथ तप रहा है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि लगभग 100 मिलियन वर्ष में इसकी मौत हो जाएगी।

पृथ्वी के वातावरण को समझने में मददगार होगी यह खोज

वैज्ञानिकों का मानना है कि इस बाहरी ग्रह के जरिए पृथ्वी के भविष्य के बारे में अनुमान लगा सकते हैं। जब हमारा सूर्य अंत समय में फैलना शुरू होगा, तो उसके ताप में पृथ्वी का वातावरण गायब होना शुरू हो जाएगा। जिस कारण इस खोज को पृथ्वी के भविष्य के साथ जोड़ा जा रहा है।

तारे का बेहद नजदीकी ग्रह की प्रतीकात्मक तस्वीर। ● अमृत विचार